दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 242 | जयपुर | रविवार ,06 जुलाई, 2025 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष एकादशी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# हम साथ आए हैं, साथ ही रहेंगे...

## मुंबई की रैली में गरजे उद्धव, कहा- हिंदी थोपना बर्दाश्त नहीं

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई (एजेंसी)।** उद्धव ठाकरे ने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि हिंदुत्व एकाधिकार नहीं है। हम सबसे गहरी जड़ों वाले हिंदू हैं। आपको हमें हिंदू धर्म सिखाने की जरूरत नहीं है। 1992 में मुंबई में हुए दंगों में मराठी लोगों ने ही हिंदुओं को बचाया था।महाराष्ट्र की राजनीति में एक बड़े बदलाव के तहत दो चचेरे भाइयों उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने शनिवार को मुंबई में एक विशाल रैली के दौरान दो दशक बाद राजनीतिक एकता के संकेत दिए। अपने चचेरे भाई राज से 18 साल बाद फिर से मिलने के बारे में उद्धव



ठाकरे ने कहा कि हम साथ रहने के लिए साथ आए हैं... हम मराठी की रक्षा के लिए एकजुट हुए हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हम एक साथ हैं, ये महत्वपूर्ण है। उद्धव ने कहा कि जब से हमने इस कार्यक्रम के बारे में घोषणा की थी, तब से सभी को आज हमारे भाषण का बेसब्री से इंतज़ार था, लेकिन मेरे हिसाब से हम दोनों का एक साथ आना, और यह मंच हमारे भाषणों से ज़्यादा महत्वपूर्ण था। राज ठाकरे ने पहले ही बहुत बढ़िया भाषण दिया है, और मुझे लगता है कि अब मुझे बोलने की ज़रूरत नहीं है। उद्धव ठाकरे ने भाजपा पर गरजते हुए कहा कि हिंदू और हिंदुस्थान स्वीकार्य हैं, लेकिन हिंदी थोपना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आपकी सात पीढ़ियां बर्बाद हो जाएं, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। उद्धव ठाकरे ने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि हिंदुत्व एकाधिकार नहीं है। हम सबसे गहरी जड़ों वाले हिंदू हैं। आपको हमें हिंदू धर्म सिखाने की जरूरत नहीं है। 1992 में मुंबई में हुए दंगों में मराठी लोगों ने ही हिंदुओं को बचाया था। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे और मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने हाथ मिलाते हुए संयुक्त विजय सभा %आवाज मराठीचा% का आयोजन किया, जिसमें राज्य के स्कूलों में कक्षा 1 से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में लागू करने संबंधी सरकार द्वारा पहले जारी किए गए दो सरकारी आदेशों को वापस लेने का जश्न मनाया गया। इससे पहले राज ने सभा को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस पर तीखा हमला किया और कहा कि बाद में उन्होंने वह हासिल किया जो बालासाहेब नहीं कर सके, उन्होंने उद्धव के साथ अपने पुनर्मिलन की ओर इशारा किया।

# डोटासरा बोले- भजनलाल पांच साल सीएम नहीं रहेंगे

## बेनीवाल की बिजली काटी, मेरे यहां तो ईडी भेजी थी, बीजेपी वाले राजनीतिक द्वेषता रखते हैं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सीएम और बीजेपी पर सियासी तंज कसा है। डोटासरा ने कहा है कि भजनलाल शर्मा पांच साल सीएम नहीं रहेंगे। भजनलाल किसी सूरत में पांच साल सीएम नहीं रह सकते। बीजेपी सरकार पांच साल चलेगी और हमें तकलीफ होगी। मैंने कल भी कहा था कि गहलोत साहब के पास सीएम को हटाने का कोई इनपुट होगा, पर्ची कब बदलती है देखते हैं। डोटासरा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।डोटासरा ने कहा- सरकार में अनिर्णय की स्थिति है। ऊपर से अक्षम कच्ची पर्ची आ गई, कच्ची पर्ची ने प्रदेश का बेड़ागर्क कर दिया। बीजेपी नेता एक दूसरे को नीचा दिखाने में लगे हैं। राजस्थान का दुर्भाग्य है कि ऐसे लोगों के हाथ सत्ता आ गई जो अक्षम हैं।

बेनीवाल को बंगले खाली करवाने के नोटिस और बिजली कनेक्शन काटने के सवाल पर डोटासरा ने कहा - उनका तो



लाइट कनेक्शन ही काटा है, राजनीतिक द्वेषता से मेरे यहां तो इन्होंने ईडी भेजी थी। बीजेपी वाले राजनीतिक द्वेषता पालते हैं, राजनीतिक द्वेषता से काम करते हैं। संविधान और कानून का उल्लंघन करते हैं। हनुमान बेनीवाल हो, गोविंद डोटासरा हो ये सबके साथ राजनीतिक द्वेषता से काम करते हैं। हमारा यही विरोध है। यह गलत है। आने वाले समय में इनकी विदाई तय है।

### बीजेपी सरकार 2027 तक पंचायत,निकाय चुनाव नहीं करवाना चाहती

डोटासरा ने कहा- बीजेपी की सरकार जानबूझकर संविधान का उल्लंघन कर रही है। इन्होंने अब जाकर ओबीसी आयोग का गठन किया है, डेढ़ साल ये समोसे खा रहे थे। लस्सी पी रहे थे क्या? सुप्रीम कोर्ट की बाध्यता है कि बिना ओबीसी के डाटा लिए हुए आप ?पंचायत चुनाव नहीं करवा सकते। अब ये परिसीमन कर रहे हैं।ये चाहते हैं कि हाईकोर्ट में मामला उलझे, ये 2027 तक चुनाव नहीं करवाना चाहते। पंचायत, निकाय मजबूत होंगे तो जनप्रतिनिधि सवाल पूछेंगे, कोई विकास पर सवाल नहीं पूछे इसलिए चुनाव नहीं करवा रहे।

### कांग्रेस सभी जिलों में करेगी आंदोलन

डोटासरा ने कहा- सरकार जानबूझकर संविधान की अवहेलना कर रही है, इसलिए अगले हफ्ते सभी जिलों में जिला कांग्रेस कमेटियों की बैठकें होंगी और उसके बाद प्रदेश और जिला लेवल पर हम सरकार के खिलाफ आंदोलन शुरू करेंगे। कांग्रेस बूथ, ब्लॉक, मंडल और नगर स्तर पर जनता के बीच जाएगी और इस पर्ची सरकार को एक्सपोज करेगी।

# राजस्थान में एपीओ हुए 183 डॉक्टर्स को मिली पोस्टिंग

## पीजी पूरी होने के बाद पिछले 4 माह से थे एपीओ; दो दिन में 230 से ज्यादा डॉक्टर्स नियुक्त



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स)।** राजस्थान में हेल्थ डिपार्टमेंट में पिछले 4 माह से ज्यादा समय से एपीओ बैठे विशेषज्ञ डॉक्टर्स को आखिरकार पोस्टिंग मिल गई। आज 183 और कल 50 से ज्यादा डॉक्टर्स के पोस्टिंग के आदेश जारी किए गए। ये सभी डॉक्टर्स पीजी किए स्पेशलिस्ट है।दरअसल पीजी पूरी होने के बाद से ये डॉक्टर्स एपीओ चल रहे थे। इस कारण प्रदेश के कई सरकारी हॉस्पिटलों में डॉक्टर्स की कमी थी। इसको लेकर कई बार कुछ डॉक्टर्स सरकार के स्तर पर ज्ञापन देकर पोस्टिंग देने की मांग कर चुके थे।लेकिन 4 माह के लम्बे इंतजार के बाद अब स्वास्थ्य निदेशालय की ओर से दो अलग-अलग आदेश जारी करके 230 से ज्यादा स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स को पोस्टिंग दी है। इसमें बायोकैमिस्ट्री, जनरल सर्जरी, ऑर्थो, ईएनटी, जनरल मेडिसिन के अलावा पीडियाट्रिक, पैथोलॉजी और ऑप्थेल्मोलॉजी विशेषज्ञ शामिल है। इन सभी डॉक्टर्स में ज्यादातर की पोस्टिंग प्रदेश के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी), उप जिला हॉस्पिटल, जिला हॉस्पिटल, ट्रोमा सेंटर पर की है। इन स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स के नियुक्ति होने से वहां के मरीजों की परेशानी काफी हद तक कम होगी।

# जयपुर में बिना परमिट चल रहीं बसों पर कार्रवाई

## आरटीओ ने नारायण सिंह सर्किल, त्रिमूर्ति और अजमेरी गेट पर चालान कर लाखों रूपए के बनाए चालान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर में शनिवार को आरटीओ प्रथम और ट्रैफिक पुलिस की टीमों ने शहर में चल रही स्टेज कैरिज और लोक परिवहन बसों पर बड़ी कार्रवाई की। नारायण सिंह सर्किल, त्रिमूर्ति सर्किल और अजमेरी गेट के आसपास अवैध रूप से रुक रही बसों पर करीब 20 चालान बनाए गए। एक बस को सीज किया गया। विभाग को इस कार्रवाई से लगभग 3 लाख रुपए के राजस्व की उम्मीद है।आरटीओ प्रथम राजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया- रोटरी सर्किल के बाद शहर में अनधिकृत रूप से आने वाली बसों पर लगातार नजर रखी जा रही है। अब हर रूट और हर स्थान पर नियमित चेकिंग की जाएगी ताकि यातायात और परमिट नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।उन्होंने बताया- परमिट की शर्तों का उल्लंघन करने, ट्रैफिक पुलिस की ओर से प्रतिबंधित स्थानों पर वाहन रोकने और तय रूट से हटकर बसें चलाने वालों पर चालान किए जाएंगे। जिन बस संचालकों पर पहले भी इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं, उनके परमिट रद्द करने की कार्रवाई भी की जाएगी।



### बिना परमिट बसें शहर में घुस रहीं, सख्ती का दिखने लगा असर

आरटीओ और ट्रैफिक पुलिस की यह कार्रवाई शहर में अनधिकृत रूप से चल रहीं उन बसों पर केंद्रित रही, जो परमिट की शर्तों का उल्लंघन कर तय रूट से हटकर शहर में प्रवेश कर रही थीं। टोंक रोड की बसों को दुर्गापुरा से आगे और आगरा रोड की बसों को रोटरी सर्किल से आगे शहर में प्रवेश की अनुमति नहीं है। इसके बावजूद बसें नियम तोड़ रही थीं। शनिवार को अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर नियम उल्लंघन पर कार्रवाई की।परिवहन सचिव शुचि त्यागी के निर्देश पर यह अभियान शुरू किया गया। आरटीओ प्रथम राजेंद्र सिंह शेखावत और डीसीपी ट्रैफिक शाहीन सी के निर्देशन में एमवीआई विनीता और टीआई विनोद कुमार की टीमों ने शहर में घूमकर चेकिंग की।

# पुंछ में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर (एजेंसी)।** पुंछ पुलिस एसओजी और भारतीय सेना रोमियो फोर्स के संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान बेहराम गाला के पास मरहा में एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया और तीन हथगोले, गोला-बारूद, वायर कटर, बैटरी, एक चाकू, बिजली के तार और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई।

# आज भी 30 जिलों में बरसात की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान में इस साल मानसून खासा मेहरबान है। राज्य में इस सीजन सामान्य से 135 फीसदी ज्यादा बरसात दर्ज हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र ने शनिवार को भी 4 जिलों कोटा, बूंदी, बारां और झालावाड़ में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि 26 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही अगले 2-3 दिन कोटा, उदयपुर संभाग के जिलों में भारी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना जताई है।वहीं, शुक्रवार को जयपुर, दौसा, सवाई माधोपुर समेत कई जिलों में 2 इंच तक पानी बरसा। वहीं, पश्चिमी जिलों में धूप निकलने से गर्मी और उमस फिर बढ़ गई। श्रीगंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर के एरिया में दिन का तापमान 38 से 43 डिग्री के बीच दर्ज हुआ। सीकर के श्रीमाधोपुर में शुक्रवार को दोपहर बाद 1 घंटे तक तेज बरसात हुई। तेज बारिश के चलते पुराने बस स्टैंड पर दुकानों में पानी घुस गया। सवाई माधोपुर में सुबह करीब 1 घंटे तक बारिश हुई।



# हनुमान बेनीवाल के खिलाफ एकजुट हो रहे बीजेपी-कांग्रेस के नेता!

## जयपुर में विधायक आवास खाली करने के नोटिस के बाद सीएम-बेनीवाल समर्थक सोशल मीडिया पर भिड़े

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सांसद हनुमान बेनीवाल और उनकी पार्टी के नेताओं को जयपुर में सरकारी बंगले और विधायक आवास खाली करने का नोटिस के बाद सियासी हलचल पैदा हो गई है। आदेश के अनुसार उन्हें 11 जुलाई तक आवास खाली करना होगा। इसके बाद हनुमान बेनीवाल समर्थक ट्विटर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के खिलाफ ट्रेंड चला रहे हैं। इसके जवाब में भजनलाल समर्थक भी ट्विटर पर उनके बचाव में आ गए। अब ये विवाद राजनीतिक गलियारों से लेकर सोशल मीडिया तक छाया हुआ है। वहीं, दूसरी तरफ बीजेपी और कांग्रेस में बेनीवाल विरोधी सभी नेता एक जुट हो रहे हैं।दरअसल, बेनीवाल को 2023 में विधानसभा चुनाव जीतने के बाद विधानसभा के सामने फ्लैट आवंटित हुआ था, 2024 में वे सांसद बन चुके हैं, लेकिन उन्होंने फ्लैट खाली नहीं किया। अब उन्हें नोटिस मिला है। जालूपुरा में उनके भाई नारायण बेनीवाल और पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष रहे पुखराज गर्ग को विधायक रहते



बंगले आवंटित हुए, लेकिन नारायण बेनीवाल ने उन्हें खाली नहीं किया। पुखराज गर्ग आरएलपी छोड़कर बीजेपी में शामिल हो चुके हैं। पुखराज गर्ग और नारायण बेनीवाल दोनों विधायक नहीं हैं। जो व्यक्ति विधायक नहीं है, उसे बंगला नहीं मिल सकता।

**बेनीवाल से बंगला-फ्लैट खाली करवाने के नोटिस के पीछे की सियासत**

हनुमान बेनीवाल के नागौर वाले घर का बिजली कनेक्शन काटने के बाद जयपुर में जालूपुरा के बगंले और विधानसभा के फ्लैट को खाली करने के नोटिस के बाद सियासत गर्माई हुई है। हनुमान बेनीवाल के सियासी विरोधी इसके जरिए नया नरेटिव बनाना चाहते हैं। बीजेपी नेता बेनीवाल पर बिजली चोरी करवाने वालों का साथ देने का आरोप लगाते रहे हैं।नागौर का घर बेनीवाल के भाई के नाम पर है, उसका बिजली बिल कई साल से बकाया है। अब बीजेपी नेताओं को बेनीवाल पर हमले का मौका मिल गया है। बीजेपी नेताओं ने अब यह नरेटिव बनाना शुरू किया है कि बेनीवाल खुद भी बिजली बिल नहीं भरते। वे बिजली चोरी करवाने वालों को बचाते हैं। एक नरेटिव यह भी बनाया जा रहा है कि बेनीवाल अपात्र होते हुए भी विधायक कोटे का फ्लैट और दो बंगलों पर काबिज हैं।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर( राज. ) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि बाहेड़ा, चूरू, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

## शहीद मुकेश बुनकर की 42वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम रामपुरा में शहीद मुकेश कुमार बुनकर की 42वीं जयंती पर शहीद मुकेश कुमार बुनकर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में केंद्रीय रिजर्व पुलिस 246 बटालियन के इंस्पेक्टर जिग्नेश बरोट के मुख्य आतिथ्य और प्रधानाचार्य रूडाराम जाट की अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ आगंतुक अतिथियों द्वारा शहीद मुकेश कुमार बुनकर के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि शहीद मुकेश कुमार बुनकर ने अल्प आयु में देश के लिए अदम्य साहस और पराक्रम दिखाकर शहादत दी, जो अविस्मरणीय है। उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी है। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. पूरणमल बुनकर ने कहा कि शहीद मुकेश कुमार बुनकर क्षेत्र में अपने व्यवहार और विचारों से युवाओं में विशेष पहचान रखते थे और युवा उनसे प्रेरणा लेकर देश सेवा में सेना भर्ती परीक्षाओं की तैयारियां कर रहे हैं। कार्यक्रम में विद्यालय की बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप पाठ्यक्रम वितरित किए गए। शहीद की स्मृति में विद्यालय परिसर में 11 छायादार और फलदार पेड़ लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देखभाल का संकल्प लिया और शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए हिंदुस्तान जिंदाबाद और शहीद मुकेश बुनकर अमर रहे के नारे लगाए। शहीद मुकेश बुनकर के परिवारजनों ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि शहीद की याद में आयोजित इस कार्यक्रम से उनकी शहादत को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा मिलेगी। इस दौरान एएसआई मोहन लाल, उपप्रधानाचार्य राजू देवी रूडला, रमेश चंद्र, पिता राम सहाय, माता कमला देवी, वीरांगना बीना देवी, बृजेश बुनकर, विकास जेवरिया, बेटी मोनिका, ममता, ऋषिका, मुकेश कुमार, आशीष कुमार, संदीप कुमार जेवरिया, रवि जेवरिया, बनवारी लाल समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## विरलप्रभाश्रीजी, विपुलप्रभाश्रीजी, कृतार्थप्रभाश्रीजी म. सा. ठाणा 3 का भव्य चातुर्मासिक हुआ प्रवेश

### प्रथम दादा गुरुदेव आचार्य श्री जिनदत्तसूरि महाराज की 871 वीं पुण्य तिथि पर गुणानुवाद सभा आज

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** साध्वी विरलप्रभाश्रीजी, विपुलप्रभाश्रीजी, कृतार्थप्रभाश्रीजी म. सा. ठाणा 3 का सुरजपोल मेवाड़ मोटर्स गली स्थित श्री जिनदत्तसूरि दादावाड़ी में भव्य प्रवेश हुआ। इससे पूर्व न्यू ज्योति होटल से चातुर्मासिक शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सभी साध्वी म.सा. के साथ समाजजन एवं महिलायें मंगलगीत गाते हुए बैण्ड बाजों के साथ दादावाड़ी में भगवान महावीर के जयकारे के साथ प्रवेश किया। समारोह के मुख्य अतिथि शहर विधायक ताराचंद जैन थे।

प्रवेश के पश्चात आयोजित धर्मसभा में बोलते हुए विरलप्रभाश्रीजी म.सा. ने कहा कि चातुर्मास के दरम्यान आत्मावलोकन करना आवश्यक है। चातुर्मास हमारें भीतर के पाप मलों को धोने के लिए आता है। भीतर में छुपे हुए क्रोध, मान, माया, लोभ का क्षयोपशम करना चातुर्मास का पावन उद्देश्य है। जैन सन्त ने प्रत्याख्यान पर प्रेरणा देते हुए कहा कि प्रतिदिन उपवास, एकाशन, आयम्बिल, 10 प्रत्याख्यान आदि ग्रहण कर चातुर्मास के दिनों को सफल बनायें। समारोह में अखिल भारतीय खतरगच्छ महिला परिषद की सदस्याओं ने मंगलगीत की प्रस्तुति दी।



श्री वासुपूज्य महाराज मन्दिर का ट्रस्ट के अध्यक्ष राज लोढ़ा एवं सचिव दलपत दोशी ने बताया कि रविवार 6 जुलाई को तीनों साध्वियों श्रीजी की निश्रा में प्रथम दादा गुरुदेव युगप्रधान आचार्य श्री जिनदत्तसूरि महाराज की 871 वीं पुण्य तिथि महोत्सव मनाया जायेगा।

दलपत दोशी ने बताया कि प्रथम दादा गुरुदेव युगप्रधान आचार्य श्री जिनदत्तसूरिजी ने जैन श्वेताम्बर समाज को वर्तमान स्वरूप प्रदान किया। गुरूदेव श्री जिनदत्तसूरिजी का जीवन श्रमण संस्कृति का ऐसा जगमगाता आलोकपुंज है जो शताब्दियों के काल खण्ड प्रवहन के उपरान्त भी आत्म विकास की राह दिखाता है। सभी के चरित्र, व्यवहार तथा साधना का मार्ग आलोकित करता है।

## विद्यालय के पास गड्ढे में मिला मृत श्वान, पुलिस जांच में जुटी

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के राजकीय पीएम श्री महात्मा गांधी विद्यालय प्रागपुरा में शुक्रवार की रात एक अजीबोगरीब मामला सामने आया। विद्यालय परिसर के बाहर और इंडोर स्टेडियम के सामने रास्ते के साथ अज्ञात लोगों द्वारा रात में एक गड्ढा खोदकर कुछ दबाकर डाले जाने की सूचना मिली थी। इस सूचना के बाद ग्रामीणों में कई प्रकार की अफवाहें चलने लगीं। विद्यालय के प्राचार्य विपिन कुमार मामोडिया और वाईस प्रिंसिपल मनीषा देवी ने मौका स्थल का मुआयना किया और स्थानीय लोगों की मौजूदगी में प्रागपुरा पुलिस थाने में सूचना देकर घटना स्थल की जांच करवाई। पुलिस की मौजूदगी में जब गड्ढे को खोदा गया, तो उसमें एक मृत श्वान का बच्चा पाया गया। पुलिस कर्मियों ने बताया कि घटना स्थल की तहकीकात करने पर पता चला कि गड्ढे में कपड़े में लिपटा हुआ एक मृत श्वान था, जिसे दबाने से पहले उस पर नमक डाला गया था। पुलिस ने मृत श्वान को गड्ढे में ही दबा दिया और आगे की जांच शुरू कर दी है। इस दौरान विद्यालय प्रशासन, पुलिस स्टाफ और ग्रामवासी मौजूद रहे। विद्यालय प्रशासन ने राहत की सांस ली कि मामला किसी बड़ी घटना से जुड़ा नहीं था, जबकि ग्रामीणों में अभी भी कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही इसका खुलासा करने का प्रयास करेगी।

## सत्ताईसा श्री शेखावत राजपूत सेवा संस्थान की नई कार्यकारिणी समिति का गठन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** सत्ताईसा श्री शेखावत राजपूत सेवा संस्थान ने अपनी नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया है। संस्थान के अध्यक्ष दशरथ सिंह भौनावास ने बताया कि इस समिति में 75 लोगों को सदस्य बनाया गया है, जिनमें नरपत सिंह ललाणा, राजेन्द्र सिंह राजनौता, धूड़सिंह भौनावास, राजेन्द्र सिंह आदाली और विकास सिंह कैरोड़ी सहित कई प्रमुख लोग शामिल हैं। अध्यक्ष दशरथ सिंह भौनावास ने बताया कि नई कार्यकारिणी समिति का उद्देश्य संस्थान के उद्देश्यों को पूरा करना और समाज के लोगों की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों को संस्थान के कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने और समाज के उत्थान के लिए काम करने का आह्वान किया। नई कार्यकारिणी समिति में शामिल लोगों में राजपाल सिंह भौनावास, धीर सिंह मंढा, मोहन सिंह प्रागपुरा, उदय सिंह लूनाजी, श्रवण सिंह कारौली और निर्मल सिंह पाछूडाला सहित कई अन्य प्रमुख लोग शामिल हैं। संस्थान की नई कार्यकारिणी समिति के गठन से समाज के लोगों में नई उम्मीदें जगी हैं और वे संस्थान के कार्यों में और अधिक सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए तैयार हैं।

## भाजपा ने अमित बंसल को सौंपी प्रागपुरा मंडल में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा अमित बंसल को प्रागपुरा मंडल में उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। यह दायित्व उन्हें भाजपा जिला जयपुर देहात उत्तर के जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल के निर्देशन एवं विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ की अनुशंसा पर प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह शेखावत द्वारा नियुक्ति पत्र जारी कर सौंपा गया। विराटनगर विधायक प्रतिनिधि आशिष धनकड़ और विकास सिंह शेखावत ने इस नियुक्ति पर अमित बंसल को माला और साफा पहनाकर बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अमित बंसल को अपनी जिम्मेदारियों को पूर्ण ईमानदारी से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह प्रागपुरा, नरेश स्वामी, नितिन बंसल, सोनू शर्मा, मुन्नालाल सैनी, छोटू सैन, निर्मल स्वामी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने अमित बंसल को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अमित बंसल ने अपनी नई जिम्मेदारी के लिए सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वे पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए काम करेंगे और पार्टी को मजबूत बनाने में अपना योगदान देंगे।

## शिक्षिका के साथ 49000 का साइबर फ्राड सदर पुलिस ने रिफंड करवाई राशि,पीड़िता ने पुलिस को दिया धन्यवाद

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** सदर थाना पुलिस में साइबर फ्रॉड के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 49 हजार रुपए की राशि वापस रिफंड करवाई गई। थाना अधिकारी देवेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि दिनांक 26.12.2024 परिवादिया ममता पुत्री राजेन्द्र जाटव निवासी खरैटा ने उपस्थित थाना होकर एक रिपोर्ट इस आश्य की पेश कि मेरे फोन पर फोन आया कि मेरे पिताजी की एलआईसी का बोनस किस्त के 15000 रुपये की किस्त डाल रहे है तब मेरे फोन पर 10000 रूपये के मैसेज आया उसके बाद 50 हजार / रूपये का और मैसेज आया साईबर फॉडस्टर द्वारा फेक मैसेज जनरेट कर मैसे किये गये फिर दुवारा उसी नम्बर से कॉल आया कि आपके खाते में मैने गलती से 50000/ रूपये अपके अकाउट में डाल दिये है मेरे 45000/ रूपये वापस करो तक परिवादिया ने बिना बैंक बैलेंस चैकिये किये बगैर फोन पे से 25000 रूपये व 20000/ रूपये 4999/ रूपये परिवादिया ने साईबर ठग के खाते में कुल 49000/ रूपये डाल दिये परिवादी ने अपना बैंक खाता चैक किया गया तब धोखाधड़ी का पता चला।परिवादिया नेसाईबर धोखाधडी के संबंध में शिकायत दी थी जिसको साईबर काईम पोर्टल 1930 पर रजिस्टर किया गया।जिस पर थानाधिकारी देवेन्द्र कुमार के नेतृत्व में साईबर अपराध होल्ड राशी को रिकवर करने हेतु थाना पर कांस्टेबल भूपेन्द्र सिंह को नियुक्त किया गया।एसपी के निर्देशन में चलाया जा रहे एंटीवायरस अभियान के तहत साईबर धोखाधडी के करीब 49000 रूपये पीडिता को दिलाये वापस दिलाए।पीड़िता द्वारा रुपए वापस मिलने पर पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



## तारानगर विधायक बुडानिया के जन्मदिन पर गौशाला में की गौ सेवा

### विधायक नरेंद्र बुडानिया ने साहवा पहुंचकर कार्यकर्ताओं के बीच मनाया जन्मदिन

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया का 69 वाँ जन्मदिवस नगर कांग्रेस कमेटी साहवा के द्वारा समारोह पूर्वक मनाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने विधायक बुडानिया के साथ कृष्ण गोपाल गौ चिकित्सालय में गायों को गुड़ खिलाया। विधायक नरेंद्र बुडानिया ने गौ चिकित्सालय में पहुंचकर घायल पशु और जानवरों की सेवा देखकर राकेश पांडिया व उनकी टीम को नेक कार्य के लिए धन्यवाद दिया। उसके बाद विधायक बुडानिया ने नगर कांग्रेस कमेटी साहवा द्वारा मुख्य बाजार में आयोजित जन्मदिवस समारोह स्थल पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मदनलाल पांडिया ने की। समारोह में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक बुडानिया को साफा और माला पहनाकर स्वागत किया और जन्मदिन की बधाई देते हुए स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की मंगल कामनाएँ की। समारोह में जयदेव सहारण, कन्हैयालाल सैनी, शौकीन खान, संजय भरूँडिया, रोहिताष सैनी आदि ने संबोधित किया। इस दौरान केक काटकर विधायक बुडानिया को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी गई।



इस मौके पर तारानगर पंचायत समिति प्रधान संजय कस्वां, जिला परिषद सदस्य विमला कालवा, वेद प्रकाश सहारण, मदनलाल शर्मा, सीताराम समरसोत, प्रभु समरसोत, भादरराम नायक, गणेश पारीक, जयदेव सहारण, कुरड़ाराम सिहाग, दारा सिंह सोनी, रामेश्वर लाल सोनी, शंकर लाल सोनी,दाताराम ऐचरा, मोहनलाल, दलीप कुमार, भंवरलाल, मेघराज अध्यापक, महावीर खाती, किसन कुमार सहारण, सुरेंद्रर सहारण, अमरसिंह मेघवाल, हुकमीचंद बेरवाल, रोहिताष शर्मा, धर्मवीर सिहाग,

आदिल खान आदि कांग्रेस कार्यकर्ता व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रोहिताश सैनी ने किया।

## रीठौली रीठौली गाँव मे 11कुंडीय महायज्ञ व शिवपुराण में यजमानों से आहूतियां दिलायी

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** रीठौली गाँव मे सिद्ध बाबा की तपोभूमि पर जानकी दास व संत रामदास के सानिध्य मे शनिवारकोआयोजित 11कुंडीय महायज्ञ व शिवपुराण में यजमानों से आहूतियां दिलायी।संत रामदास ने बताया कि शनिवार को शिवपुराणाचार्य पं.मोनू शास्त्री ने सती जी का शिवशंकर के विवाह की कथा मे सुनाया।कि दक्षप्रजापति की पुत्री सती जी भगवान शिवशंकर की भक्ति मे लीन होकर पति रुप पाने के लिये 28बर्ष तक घोर तपस्या की।दक्षप्रजापति सती जी का विवाह शिवशंकर से करना नही चाहते। शिवशंकर ने सती जी तपस्या से प्रसन्न होकर नंदी को सती के पास भेजकर संदेश पहुचाया।दक्षप्रजापति की इच्छा के विरुद्ध सती ने हठकर शिवशंकर से.विवाह रचाया।इससे नाराज दक्षप्रजापति ने शिव व सती का परित्याग कर दिया।दक्षप्रजापति ने महायज्ञ मे सभी देवी देवताओं को आमंत्रित किया।शिव व सती को निमंत्रण नही दिया।सती को पिता दक्षप्रजापति के यहां महायज्ञ की जानकारी मिलने पर शिवजी

की इच्छा के बिना पिता के यज्ञ मे चली गयी।यज्ञ मे शिवशंकर का स्थान नहीं मिलने व पिता के व्यवहार से सती जी कुपित होकर ने हवनकुंड मे भस्म हो गयी। नंदी की तपस्या से प्रसन्न होकर जनकल्याण मे सदा सेवक बनाया।इस अवसर पर कमलराम, जगदीश शर्मा,पूर्व सरपंच पप्पू राम, परमांनंद जागिड, नीरज मीना,सोहन सिंह, पंकज,अशोक,माखन,इंदरमीना,राजेंद्र,सूक्का,सूरज्ञान,यादराम, सहित सैकड़ों महिला, पुरुष युवक युवती मौजूद रहे।

## तेज गति से आ रहे हैं डंपर ने बाइक के पीछे से मारी टक्कर, बाइक सवार दो जने घायल,जयपुर रैफर

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** शुक्रवार की रात को नेशनल हाईवे 52 पर होटल भारद्वाज के समीप तेज गति से आ रहे एक डंपर ने बाइक के टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद डंपर चालक डंपर को भगा ले गया और गांव झिलाय के समीप सडक़ पर खड़ा कर फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थानाधिकारी रामजीलाल जाप्ते के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों घायलों को हाईवे एंबुलेंस से उप जिला अस्पताल में लाकर उपचार के लिए भर्ती करवाया। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना स्थल के आसपास के लोगों ने बताया कि तेज गति ओवर स्पीड डंपर ने बाइक के पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों युवक दूर जा गिरे। पुलिस ने बताया कि इस वाहन दुर्घटना में मुकेश पुत्र हजारीलाल सैनी उम्र 30 वर्ष निवासी चाकसू जिला जयपुर व चिरंजीलाल पुत्र जमनालाल सैनी निवासी ईसरदा उम्र 35 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की गंभीर हालत देखते हुए जयपुर रैफर कर दिया। उन्होंने बताया कि झिलाय ग्रामीणों की सूचना पर ड्यूटी अधिकारी हेड कांस्टेबल देवराजसिंह मय जाप्ते पहुंचे व डंपर को जप्त कर निवाई थाना परिसर लाकर खड़ा करवा दिया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।



## डॉ. जितेन्द्र बहल व हिमांशु कौशल को मिले आउटस्टेन्डिंग अवार्ड

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3056 द्वारा जयपुर मे आयोजित आदित्य आभार कार्यक्रम में रोटश्री क्लब अचीवर्स के अध्यक्ष डॉ.जितेंद्र बहल को आउटस्टैंडिंग प्रेसिडेंट और सेक्रेटरी हिमांशु कौशल को आउटस्टैंडिंग सेक्रटरी का अवार्ड दिया गया। डॉ. बहल ने बताया कि यह अवार्ड उन व्यक्तियों और संगठनों को दिया जाता है जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। आउटस्टैंडिंग प्रेसिडेंट और सेक्रेटरी' का खिताब उन प्रेसिडेंट और सेक्रेटरी को दिया जाता है जिन्होंने अपने क्लब के लिए उत्कृष्ट कार्य किया हो और क्लब की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो। रोटरी क्लब उदयपुर अचीवर्स ने वर्ष भर एजुकेशन सेक्टर, हेल्थ सेक्टर, और साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किये।



## मेवाड़ हेलीकोप्टर सर्विस की सेवायें अब जयपुर में भी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** उदयपुर के श्री मेवाड़ हेलीकोप्टर सर्विस ने जयपुर शहर के न्यू सांगानेर रोड मानसरोवर में अपना कार्यालय खोलकर वंहा भी अपनी सेवायें प्रारम्भ की है। इस अवसर पर हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य, विधायक बांदीकुई भागचंद टांकडा द्वारा फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। श्री मेवाड़ हेलीकॉप्टर सर्विस जयपुर के पवन कुमार सोनी ने बताया कि मेवाड़ हेलीकॉप्टर सर्विस के द्वारा शादी, इवेंट, फोटो शूट, चुनावी दौरे,एयर एम्बुलेंस, चार्टर व अन्य सेवाएं राजस्थान के साथ साथ देश के सभी हिस्सों में बुक कराने पर दी जाएंगी, जिसके लिए आज कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम समाप्ति पर पवन सोनी, व प्राची शाकद्वीपी कंपनी के सीईओ व डायरेक्टर ने विक्रांत शाकद्विपी आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। शाकद्वीपी ने हेलिकाप्टर और चार्टर सुविधा को बजट में और जयपुर संभाग में ज्यादा से ज्यादा जगहों पर उपलब्ध कराने की जानकारी साजा की। कार्यक्रम में श्री मेवाड़ हेलिकाप्टर परिवार का संपूर्ण स्टाफ और बड़ी संख्या में अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।




## सदर थाने में आगामी त्यौहारों को लेकर हुई सीएलजी की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र पाल की अध्यक्षता में सदर थाने में थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने सीएलजी सदस्य, सुरक्षा सखी सदस्य,पुलिस मित्र सदस्यों की ली मीटिंग मीटिंग में आने वाले त्योहार मोहर्रम एवं कावड़ यात्रा के संबंध में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने ,आपसी भाईचारा स्थापित करने के लिए अपील की गई,इसके साथ-साथ ही पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्देशानुसार सीएलजी सदस्यों को राजकोप सिटिजन एप के फीचर नीड हेल्प के बारे में विस्तार से समझाया जाकर मौके पर ही राजकोप सिटिजन एप को इंस्टॉल कराया गया, साथ ही साथ ऑपरेशन जागृति चरण 3 के अभियान के संबंध में समझाईस की गई एवं इलाका थाना में कानून व्यवस्था की समीक्षा की गयी एवं सुधार हेतु सुझाव आमंत्रित किए गए। मीटिंग में साइबर क्राइम से संबंधित जागरूकता एवं सड़क दुर्घटनाओं में मृतक प्रतिशत कम कम करने हेतु यातायात नियमों की जागरूकता एवं पालन बाबत लोगों से अपील की गई ।साथ ही साथ इलाका थाने में घटित होने वाले अपराध की आसूचना पुलिस को देने बाबत सहयोग करने की अपील की गयी। मीटिंग में अजीज खां गद्दीपुरा, जाकिर हुसैन कुतकपुर,शकील अहमद , रहीश खान, नाजरीन , राजकुमारी माली , कृष्णा चौधरी, सुनीता मीणा फैलीपुरा,लीला देवी, गंगा देवी, लज्जा रानी, मोहन सिनेमा अग्रवाल, भगवान तिवाडी, राजेश तिवाडी खेडी घाटम, नमोनारायण , रामेश्वर धाकड, ब्रहमसिह अलीपुरा, रामेश्वर बाजना आदि शामिल रहे ।



## जैनाचार्य ज्ञानचंद्र महाराज एवं महासाध्वी ललिताश्रीजी का चातुर्मासिक प्रवेश आज

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** युगद्रष्टा जैनाचार्य ज्ञानचंद्र महाराज एवं महासाध्वी ललिताश्रीजी का चातुर्मासिक प्रवेश रविवार 6 जुलाई को सुभाष नगर स्थित जैन स्थानक में होगा। ज्ञानचन्द्र महाराज दिल्ली से पदयात्रा करते हुए जयपुर, विजयनगर, ब्यावर, भीलवाड़ा आदि मध्यवर्ती क्षेत्रों एवं गांवों में नैतिकता, मानवता, राष्ट्रीयता, व्यसन मुक्ति का प्रचार प्रसार करते हुए उदयपुर के चातुर्मास हेतु आगमन हुआ है। 6 जुलाई को चातुर्मास प्रवेश के पश्चात स्थानक में आयोजित धर्मसभा में प्रात: 8.30 से सुभाष नगर जैन स्थानक में प्रवचन होंगे।

# दुग्ध उत्पादन में प्रदेश को अव्वल बनाने की दिशा में डेयरी के साथ गोपालन व पशुपालन विभाग की ओर से अनेक नवाचार- जोराराम कुमावत

## राष्ट्रीय महिला आयोग व आरसीडीएफ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश की 48 महिला दुग्ध समितियों की सचिव शामिल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** पशुपालन, डेयरी, गोपालन और देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि दुग्ध उत्पादन में राजस्थान देशभर में दूसरे स्थान पर है, इसे अव्वल प्रदेश बनाने की दिशा में डेयरी के साथ-साथ गोपालन व पशुपालन विभाग की ओर से अनेक नवाचार किए जा रहे हैं। खासकर दुग्ध उत्पादन के लिए गिर गाय में ब्राजील से आयातित सीमन से कृत्रिम गर्भाधान किया जा रहा है। इससे गिर गाय के दूध के उत्पादन में दोगुनी से भी ज्यादा वृद्धि होगी। इसके अलावा प्रदेश में गाय की संख्या में बढोतरी के लिए सैक्स सोर्टेड सीमन योजना को लागू किया गया है। ऐसा होने से प्रदेश में गौवंश की संख्या में वृद्धि के साथ-साथ दुग्ध उत्पादन भी बढ़ेगा। वे राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (आरसीडीएफ) व राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्वावधान में पालमपुर (गुजरात) की बनास डेयरी परिसर में तीन दिवसीय महिला प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे।




डेयरी मंत्री कुमावत ने कहा कि प्रदेश के चार जिला दुग्ध संघों-जयपुर, सीकर, भरतपुर व टोंक की 48 महिला दुग्ध समितियों की सचिवों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण में महिला सचिवों को दुग्ध समितियों के बेहतर संचालन के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इससे न केवल समिति का मुनाफा बढ़ेगा बल्कि महिलाओं की कार्यकुशलता भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस तरह के प्रशिक्षण का लाभ महिला दुग्ध समितियों से जुड़ी प्रत्येक महिला को दिलाए जाने का प्रयास किया जाएगा। डेयरी मंत्री ने कहा कि डेयरी क्षेत्र महिलाओं की आत्मनिर्भरता को बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम साबित हुआ है। उन्होंने दुग्ध सहकारी समितियों और दुग्ध संघों में महिलाओं की भागीदारी को और बढ़ावा दिए जाने पर बल दिया।

कुमावत ने कहा कि दुग्ध सहकारी समितियों और दुग्ध संघों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित होनी चाहिए। इसके लिए दुग्ध सहकारी समितियां प्रत्येक गांव में किसानों से संवाद स्थापित कर अपने कार्यों को बेहतर तरीके से आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि डेयरी क्षेत्र को किसानों के लिए अधिक फायदेमंद बनाने के लिए डेयरी संघ बेहतर मॉडल विकसित करें। डेयरी क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वालों को प्रोत्साहित किया जाए।

मंत्री कुमावत ने बनास डेयरी द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसी प्रकार राजस्थान की सरस डेयरी भी इस क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है।

उद्घाटन सत्र को राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर, गुजरात विधानसभा के अध्यक्ष शंकरलाल चौधरी व आरसीडीएफ की एमडी श्रुति भारद्वाज ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बनास डेयरी के उपाध्यक्ष भावा भाई रबारी, बनास मेडिकल कॉलेज एंड ट्रस्ट के चैयरमेन पीजे चौधरी, बनास डेयरी के प्रबंध निदेशक संग्राम चौधरी व प्रिंसिपल प्राइवेट सेक्रेटरी रामावतार सिंह आदि मौजूद थे।

# प्रवक्ता रामकरण यादव डॉक्टरेट मानद उपाधि से सम्मानित

## शिक्षा व विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में अहम भूमिका के लिये गांधी पीस फाउण्डेशन नेपाल द्वारा दी गई उपाधि

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )** । शिक्षा जगत के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य कर ख्याति अर्जित करने पर ग्राम पवाना अहीर निवासी प्रवक्ता रामकरण यादव अवार्डी को गांधी पीस फाउण्डेशन नेपाल के फाउंडर डॉ. लाल बहादुर राणा द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। 05 जुलाई शनिवार को निहालोट बुहाना में आयोजित राव श्योचंद राम मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रवक्ता यादव को यह उपाधि प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झुंझूनू जिला कलक्टर अतुल कुमार गर्ग एवं अध्यक्षता आईएएस हरफूल सिंह यादव ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज कुमार गर्ग रिटायर्ड आईएएस अध्यक्ष सिंघानिया विष्वविद्यालय पचेरी बड़ी, मधुर यादव डायरेक्टर दा राजस्थान स्कूल कोटपूतली, सीएचएमओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, डॉ.रामानंद शर्मा संपादक आइना ए शेखावाटी, डॉ. संदीप नेहरा डायरेक्टर नोबल शिक्षण समुह, डॉ. हरिसिंह गोदारा राष्ट्रपति अवार्डेड, बुहाना प्रधान हरिकिशन यादव, डॉ. वाचस्पति कुलवंत पूर्व कुलपति पतंजलि विष्वविद्यालय, डॉ. सुरेन्द्र यादव प्राचार्य बानसूर कॉलेज आदि थे। कोटपूतली से यादव समाज पूर्व अध्यक्ष गिरधारी लाल यादव गुरूजी, प्राचार्य सुरेन्द्र यादव, प्रवक्ता रामकरण यादव ने आरएएस से आईएएस पदौन्नत आईएएस हरफूल सिंह यादव का अभिनंदन किया। राजस्थान शाखा के ब्रांड एम्बेसडर डॉ. रामानंद शर्मा व सहायक ब्रांड एम्बेसडर डॉ. उमराव सिंह यादव ने प्रवक्ता यादव के उल्लेखनीय कार्यों को देखते हुये गांधी पीस फाउण्डेशन नेपाल को मानद उपाधि के लिये नाम चयनित कर भेजा था। राव श्योचंद राम मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक एडवोकेट डॉ. उमराव सिंह यादव द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर, नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर, छात्रवृत्ति वितरण, प्रतिभा सम्मान तथा गांधी पीस फाउण्डेशन नेपाल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान पर चयनित व्यक्तियों को डॉक्टरेट मानद उपाधि दी गई।



# मानसून की तैयारी: सिंटेक्स प्योर+ खरीदें और स्वच्छता के साथ स्वास्थ्य की सुरक्षा करें

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** भारत में वॉटर टैंक प्रोडक्ट के सबसे भरोसेमंद नामों में से एक, वेलस्पन ने नई सिंटेक्स तकनीक, सिंटेक्स प्योर+ एंटी-माइक्रोबियल वाटर टैंक की विशेषताओं के बारे में बताते हुए कहा कि मानसून के दौरान, पानी को दूषित करने वाले कारकों और कीटाणुओं में वृद्धि होने के कारण पानी आसानी से दूषित हो जाते हैं। इसलिए सिंटेक्स प्योर+ टैंक को खासतौर पर पानी को शुद्ध और साफ रखने के लिए डिजाइन किया गया है, जो बारिश के मौसम में पानी की स्वच्छता संबंधी समस्याओं के लिए समाधान के रूप में काम करता है। इसमें दिया गया '+' चिन्ह कई अतिरिक्त सुविधाओं का प्रतीक है, जिनमें से एक है 'एक्टिव सिल्वर टेक्नोलॉजी'। यह तकनीक 4पी लाभ प्रदान देती है - जो पानी को शैवाल , फफूंदी , बैक्टीरिया और वायरस से सुरक्षित रखती है। जैसे-जैसे मानसून का मौसम नजदीक आ रहा है, सिंटेक्स ग्राहकों को ऐसे वॉटर टैंक चुनने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है जो न केवल लंबे समय तक चलें, बल्कि उनके स्वास्थ्य की भी रक्षा करें। चूंकि वॉटर टैंक की गुणवत्ता इस बात को प्रभावित करती है कि पानी कितना साफ रहता है - इसलिए इसका सीधा असर पूरे परिवार के स्वास्थ्य पर पड़ता है। सिंटेक्स प्योर+ जमा पानी को शुद्ध और स्वच्छ रखकर मानसून के दौरान पानी के कारण होने वाली बीमारियों को फैलने से रोकने में मदद करता है, जिससे सभी के लिए बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

अपनी शानदार एंटी-माइक्रोबियल विशेषताओं के साथ, सिंटेक्स प्योर+ लीड फ्री है और 100त्न फूड-ग्रेड वर्जिन प्लास्टिक से बना है और इसे वर्टिकल और हॉरिजोंटल रिब्स के साथ स्मार्ट तरीके से डिजाइन किया गया है, जो संरचना की ताकत में वृद्धि करता है और इसे लंबा जीवन देता है। टैंक में एंटी-माइक्रोबियल कोटिंग के साथ एक यूवी-संरक्षित थ्रेडेड ढक्कन भी है, जो पानी को हानिकारक यूवी किरणों से सुरक्षित रखता है और कीटाणुओं को अंदर आने से रोकता है। सिंटेक्स प्योर+ टैंक भारतीय परिवारों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और लंबे समय तक चलने वाले वॉटर टैंक के लिए एक नया मानक स्थापित कर रहा है। जैसे-जैसे लोग स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक होते जा रहे हैं, वे अपने परिवारों को स्वस्थ रखने के लिए विश्वसनीय और गुणवत्ता वाले प्रोडक्ट को प्राथमिकता दे रहे हैं। सिंटेक्स इस जरूरत को समझता है और स्वास्थ्य-केंद्रित समाधान प्रदान करता है।

वेलस्पन बीएपीएल के एमडी और सिंटेक्स के निदेशक यशोवर्धन अग्रवाल ने इस मौके पर कहा कि दशकों से, सिंटेक्स ने लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण पर विशेष ध्यान देते हुए, नए इनोवेशन के माध्यम से जिम्मेदार और सुरक्षित स्टोरेज टैंक जैसे समाधान बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। हमारा हमेशा से मानना रहा है कि पानी की टंकी सिर्फ एक उपकरण नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य की सुरक्षा का साधन भी है जो हर घर में होना आवश्यक है। भारतीय घरों में, जमा पानी का उपयोग पीने, खाना पकाने और नहाने जैसे हर चीज के लिए किया जाता है। सिंटेक्स में, हम सभी को सभी जरूरतों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ पानी का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। सिंटेक्स प्योर+ मानसून के दौरान अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करके इस परंपरा को जारी रखता है, जब पानी के दूषित होने और बीमारियों का खतरा सबसे अधिक होता है।

# राम कथा के समापन पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़,श्रीराम महायज्ञ में वेदमंत्रों से दी पूर्णाहुति

## यजमान जोड़ों ने नौ दिन में 11 लाख आहुतियां दी

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली के ग्राम सरूण्ड आश्रम पर माधवदासजी महामंडलेश्वर महंत रतिराम दास महाराज के सान्निध्य में चल रहे नवदिवसीय 108 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ की शुक्रवार को यज्ञाचार्य याज्ञिक पं. विकास शास्त्री ने वेद मंत्रों के बीच पूर्णाहुति सम्पन्न करवाई। इस दौरान त्रिवेणी धाम केखोजीद्वाराचार्य रामरिछपाल दास महाराज ने आशीर्वचन में सभी कार्यकर्ताओं को आशीर्वाद स्वरूप धन्यवाद दिया, उन्होंने कहा कि महायज्ञ सर्वजन कल्याण के लिए होता है।ऐसे कार्यक्रमों का समय-समय पर होना आवश्यक है। काला कोटा दाऊ धाम से पहुंचे महामंडलेश्वर बाहुबली बलदेवाचार्य महाराज ने कहा कि यज्ञ से किसी व्यक्ति विशेष को फल नहीं मिलता बल्कि विश्व की शांति के लिए यज्ञ होते हैं।सताइसा संत समाज के अध्यक्ष महंत मानदास महाराज ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से आपस में भाईचारे की भावना जागृत होती है, ऐसे आयोजनों में हम सबको मिलकर सहयोग करना चाहिए। इस महायज्ञ के प्रधान यजमान के रूप में शंकरलाल सैनी (बोहरा परिवार) ने संपूर्ण विधि-विधान से यज्ञ में आहुति प्रदान कर धर्मानुष्ठान की पूर्णता का साक्षात्कार कराया।इस दौरानयजमानों ने हवन कुंडों में वेद मंत्रों के साथ आहुति देकर विश्व में कल्याण की कामना की। महायज्ञ के समापन पर पहुंचे साधु संतों का सम्मान किया गया। यजमान जोड़ों ने नौ दिन में 11 लाख आहुतियां दी। महायज्ञ के साथ चल रही रामकथा का भी कथा व्यास हरिमोहन शास्त्री ने समापन किया। इस दौरान भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की।



# वृक्षारोपण कर मनाया गया पत्रकारों का जन्मदिन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली में पत्रकार इशाक मोहम्मद खान एवं मुनेश सैनी ने अपने जन्मदिन को विशेष और यादगार बनाने के लिए एक पर्यावरणीय पहल की। जन्मदिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय शमशान भूमि (कब्रिस्तान) में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें फलदार एवं छायादार वृक्षों के पौधे लगाए गए।इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम में सक्रिय सहयोग किया। कार्यक्रम में पत्रकार पुरुषोत्तम भारद्वाज, अमित बिदाणी, प्रमोद बंसल, दीपक वशिष्ठ, विजय चौधरी, मुकेश कुमार शर्मा, नवनीत शर्मा, उमेश सैनी, बिल्लू राम सैनी, राधे श्याम सैनी, हजारी लाल सैनी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया और लोगों से भी अधिकाधिक वृक्ष लगाने की अपील की। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल जन्मदिन को सार्थक बनाना था, बल्कि समाज में पर्यावरण जागरूकता भी फैलाना था।



# बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर ने स्वास्थ्य केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

## समय पर नहीं पहुँचने एवं अनुपस्थित रहने पर कार्मिकों को जारी किया नोटिस

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर ने शनिवार को खण्ड कोटपूतली के आयुष्मान आरोग्य मंदिर-आरोग्य परम धनम् प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पवाना अहीर समेत उप स्वास्थ्य केन्द्र कुजोता, कांसली, रामगढ़, पूतली, कंवरपुरा, गोरधनपुरा, फतेहपुरा कलां का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई स्वास्थ्य केन्द्रों पर कर्मचारी अपने कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित पाये गये। समय पर स्वास्थ्य केन्द्रों पर नहीं पहुँचने एवं अनुपस्थित रहने पर बीसीएमओ डॉ. गुर्जर ने नाराजगी जाहिर करते हुये कहा कि अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के प्रति विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। जिसके लिये सम्बंधित कार्मिक स्वयं जिम्मेदार होगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई कर्मचारी बार-बार निर्देशों के बावजूद भी लापरवाही बरतता है तो उसके वेतन रोकने एवं सीसीए नियमों के तहत कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग सख्त है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि इस दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बीसीएमओ डॉ. गुर्जर ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों से पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ काम करने का आह्वान किया है ताकि क्षेत्र के लोगों को मौसमी बीमारियों के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके। बीसीएमओ ने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्रों पर कर्मचारी गणवेश मय आईडी कार्ड के समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें। साथ ही मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करें, मरीजों को कोई भी परेषानी ना हो एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर टीकाकरण कार्य बेहद जिम्मेदारी के साथ सम्पादित किया जायें। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरती जायें। उन्होंने नियमानुसार टीकाकरण करने, सभी टीके समय पर लगाने, टीकों की ऑनलाईन यूविन एप व पीसीटीएस में एन्ट्री करने, एईएफआई किट, बायोवेस्ट मैनेजमेंट समेत अन्य सभी प्रकार की सावधानी बरतने के निर्देश दिये। साथ ही स्वास्थ्य केन्द्र की साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता, रिकॉर्ड संधारण, रिपोर्टिंग कार्य एवं मरीजों के बैठने, कूलर-पंखे, बिजली-पानी समेत अन्य सभी व्यवस्थायें सुव्यवस्थित रखने के निर्देष दिये।

# मानव जनकल्याण सेवा संस्थान की पहल:सर्व समाज का निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन सहित आठ सौ प्रतिभाओं का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मानव जनकल्याण सेवा संस्थान जयपुर की ओर से आयोजित निशुल्क सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संस्थान अध्यक्ष व आयोजक अमर चंद कुमावत ने बताया कि हमारे संस्थान की ओर से सर्व समाज के पांच जोड़ों का निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं आठ सौ प्रतिभाओं का सम्मान समारोह जयपुर के करणी विहार के धावास में गणपति पैलेस में आयोजित किया गया। जिसमें मानव जनकल्याण सेवा संस्थान की पूरी टीम ने कार्य करते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम भगवान श्री राम दरबार के छायाचित्र पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात सभी अतिथियों का माला और दुपट्टा—साफा पहनाकर श्री राम का छायाचित्र भेट कर स्वागत सम्मान किया गया । इस कार्यक्रम को सभी जोड़ो को कन्यादान में दैनिक जीवन में उपयोग आने वाली चीजें सहित सोने—चांदी के आईटम दिए गए। इस दौरान कार्यक्रम में अतिथियों में कलाकार तारा भाई जोगिंदर युटुबर, सर्व कुमावत क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष रामेश्वर बंबोरिया, ओबीसी मोर्चा, जिलाध्यक्ष चेतन कुमावत, युवा नेता छुट्टन यादव, स्वामी विवेकानंद कॉलेज डायरेक्टर संतोष कुमावत, सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र प्रसाद नागा, हाईकोर्ट एडवोकेट मनीष कुमावत, बिंदु कुमावत, महिला समाजसेवी आशा कुमावत वेटलिफ्टर, संतोष कुमावत, भाजपा नेत्री उषा कुमावत, सिमरन कुमावत, रजनी कुमावत,विजय खुड़िया श्रीचंद अमर चंद मंडावरा, राधेश्याम बोहरा नानुराम कुमावत सौभाग सिंह राठौर,लक्ष्मी नारायण कुमावत, बबलू कुमावत, कैलाश कुमावत, प्रीतम जाजोरिया, पप्पू कुमावत, हर्ष कुमावत, प्रहलाद मालिया, रवि जाजोरिया, गोपाल गुर्जर, अनिल प्रजापति ,प्रधान प्रजापति, कुलदीप सिंह सत्यनारायण ,हरिशंकर, नितेश, पप्पू टेपन, मालीराम ,पवन कुमावत, उमेश सिंह राठौड़ ,मोहित कुमावत इत्यादि अतिथि उपस्थित रहे।




# अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर राइसेम में आयोजित हुआ राज्य स्तरीय कार्यक्रम

## बेहतर विश्व के लिए समावेशी और टिकाऊ समाधान को आगे बढ़ाना' विषय पर सेमिनार आयोजित- सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने की सहकारिता क्षेत्र की चुनौतियों और संभावनाओं पर चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स)।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर शनिवार को राजस्थान सहकारी शिक्षा एवं प्रबंध संस्थान (राइसेम) में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'सहकारिता = बेहतर विश्व के लिए समावेशी और टिकाऊ समाधान को आगे बढ़ाना' शीर्षक से आयोजित सेमिनार में सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने इस विषय सहित सहकारिता की अन्य चुनौतियों और संभावनाओं पर मंथन किया।




अतिरिक्त रजिस्ट्रार (प्रथम) श्रीमती शिल्पी पांडे ने कहा कि हमें सहकारिता के ध्येय वाक्य %एक सबके लिए, सब एक के लिए को अपने जीवन में आत्मसात करना होगा। हम आपस में सहयोग, सहभागिता और जुड़ाव को बनाये रखते हुए एक-दूसरे की मदद करें। यह परिवर्तन का दौर है। अनेक प्रकार के परिवर्तन सहकारिता सहित अन्य क्षेत्रों में हो रहे हैं। हमें आगे बढ़ने के लिए इन परिवर्तनों को स्वीकार करते हुए सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना होगा।

अतिरिक्त रजिस्ट्रार (द्वितीय) एवं अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के नोडल अधिकारी संदीप खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह देश में सहकारिता को एक नई पहचान देने का प्रयास कर रहे हैं। सहकारिता से जुड़ी योजनाओं में राजस्थान बेहतर प्रदर्शन कर रहा है जिससे राष्ट्रीय स्तर भी राज्य का विशेष रूप से उल्लेख किया जा रहा है। सहकारिता को राजस्थान को माध्यम से नई पहचान मिल रही है और आगामी समय में राजस्थान देश में मॉडल स्टेट के रूप में उभरेगा।

अतिरिक्त रजिस्ट्रार (मा.सं.वि.) एवं 'सहकार से समृद्धि' के नोडल अधिकारी श्री भोमा राम ने सहकारिता के उद्भव, विकास और इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सहकारिता की भूमिका केवल विभाग तक सीमित नहीं है बल्कि यह एक आन्दोलन है। देश में 29 करोड़ लोग और राज्य में प्रत्येक पांचवां व्यक्ति सहकारिता से जुड़े हैं। इसका और अधिक विस्तार किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सहकारिता का महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। उन्होंने 'सहकार से समृद्धि' परिकल्पना पर भी विस्तार से प्रकाश डालते कहा कि इसके अंतर्गत डेटा बेस तैयार कर नई नीतियां बनाई जा रही है।राइसेम के निदेशक श्री रणजीत सिंह चूड़ावत ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि 'सहकार से समृद्धि' प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना पर आधारित एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें 60 से अधिक पहलों के माध्यम से सहकारिता को सशक्त बनाया जा रहा है। इनमें लगभग 14 पहलें ग्राम सेवा सहकारी समितियों से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सहकारिता का 125 वर्ष पुराना गौरवशाली इतिहास है, इसे हमें और अधिक समृद्ध बनाना है।

इस अवसर पर रजिस्ट्रार के तकनीकी सहायक श्री कार्तिकेय मिश्र, अतिरिक्त रजिस्ट्रार (जयपुर खण्ड) श्री मदनलाल गुर्जर, जयपुर केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक श्री दिनेश कुमार शर्मा, संयुक्त रजिस्ट्रार (मार्केटिंग) श्रीमती सोनल माथुर, संयुक्त रजिस्ट्रार (आयोजना) श्री अनिल कुमार, संयुक्त रजिस्ट्रार (प्रशासन) श्रीमती अभिलाषा पारीक, उप रजिस्ट्रार (जयपुर शहर) श्रीमती हरप्रीत कौर और सहायक रजिस्ट्रार (प्रोटोकॉल) श्री राजीव थानवी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने पैक्स को अधिक सशक्त बनाने, मानव संसाधनों की कमी दूर करने, पुराने दस्तावेजों-परिपत्रों आदि को एकजाई कर सार्वजनिक करने, प्रशिक्षणों को अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाने, सहकारिता विषय को पाठ्यक्रम में शामिल करने आदि पर जोर दिया। सहकारिता विभाग के अधिकारीगण इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# सेकुलर और सोशलिस्ट को लेकर सियासी रार

जब से भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय सत्ता में आई है, तभी से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी एक रट लगाए हुए हैं कि बीजेपी और संघ संविधान बदलना चाहते हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान तो उनकी अगुआई में समूचे विपक्ष ने इसे बार-बार दोहराया।

इतिहास ने जब किसी कालखंड को काला अध्याय के रूप में स्वीकार कर लिया हो, तब उस कालखंड में लिए गए निर्णयों को वैधानिक कैसे माना जा सकता है। आपातकाल स्वाधीन भारत की तवारीख का काला दौर ही है। उसी दौर में संवैधानिक संशोधन के जरिए संविधान की प्रस्तावना में 'सेक्युलर' और 'समाजवादी' शब्द जोड़े गए। ऐसे में इन शब्दों को हटाने की मांग पर विमर्श होना चाहिए, लेकिन हो रहा है विवाद। इसकी वजह यह है कि यह मांग खुलेतौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने की है। संघ की ऐसी आवाजें गैर बीजेपी दलों को अक्सर चुभती रही हैं। कांग्रेस ने इस बहाने संघ पर अपना पुराना आरोप दोहराना शुरू कर दिया, कि संघ और बीजेपी संविधान को बदलने की कोशिश में हैं। दिलचस्प यह है कि आपातकाल में कांग्रेसी अत्याचारों के शिकार हुए समाजवादी धड़े के दल भी संघ विरोध में कांग्रेस के साथ खड़े नजर आ रहे हैं।

सबसे पहले हमें जानना चाहिए कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने इस बारे में क्या कहा है। आपातकाल की पचासवीं बरसी पर दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, 'आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में सेक्युलर और सोशलिस्ट शब्द जोड़े गए। ये शब्द पहले नहीं थे। बाद में इन्हें निकालने की कोशिश नहीं हुई। ये शब्द संविधान में रहना चाहिए। इस पर विचार होना चाहिए।'

जब से भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय सत्ता में आई है, तभी से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी एक रट लगाए हुए हैं कि बीजेपी और संघ संविधान बदलना चाहते हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान तो उनकी अगुआई में समूचे विपक्ष ने इसे बार-बार दोहराया। नई लोकसभा के गठन के दौरान विपक्षी सांसदों ने शपथ लेते वक्त अपने हाथ में संविधान की प्रति थामे रखी। अंतर बस यह रहा कि कांग्रेसी सांसदों के हाथ में लाल रंग के कवर वाली संविधान की प्रति रही तो दूसरे दलों के सांसदों के हाथों में नीले रंग के कवर वाली संविधान की प्रति रही। शपथ लेते वक्त भी विपक्षी सांसदों ने देश को संदेश देने की कोशिश की कि बीजेपी संविधान बदलना चाहती है और वे इसे बदलने नहीं देंगे। दत्तात्रेय होसबाले के बयान के बाद एक बार भी कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दल ऐसी ही बयानबाजी में मसरूफ हो गए हैं। संविधान की प्रस्तावना में ये दोनों शब्द 42वें संशोधन के जरिए जोड़े गए थे। इसी के साथ लोकसभा और विधानसभाओं का कार्यकाल पांच की बजाय छह साल कर दिया गया था। 1977 के आम चुनावों के बाद सत्ता में आई जनता पार्टी की सरकार ने दिसंबर 1978 में संविधान के 44वें संशोधन के जरिए आपातकाल के दौरान किए गए संवैधानिक बदलावों को बदल दिया। जिसमें लोकसभा और विधानसभाओं का कार्यकाल को फिर से पांच साल करना शामिल था। लेकिन संविधान की प्रस्तावना से 'सेक्युलर' और 'समाजवादी' शब्दों को हटाने का प्रयास नहीं हुआ।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 6 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1253 लिथुआनिया के पहले जाने-माने ग्रैंड ड्यूक मिंगुगास, लिथुआनिया के राजा थे, जो उस खिताब को धारण करने वाले एकमात्र व्यक्ति थे।
- 1411 मिंग राजवंश एडमिरल झेंग वह हिसकंड यात्रा के बाद नानजिंग लौट आए और सिंहल राजा को प्रस्तुत किया, जो कि यिंगल सम्राट को मिंग-कोट युद्ध के दौरान पकड़ लिया गया।
- 1483 हाउस ऑफ यॉर्क के अंतिम राजा और प्लांटगेनेट वंश के अंतिम, रिचर्ड III को इंग्लैंड के राजा का ताज पहनाया गया था।
- 1483 रिचर्ड III इंग्लैंड के राजा बने।
- 1560 स्कॉटलैंड और इंग्लैंड ने एडिनबर्ग की संधि पर लीथ की घेराबंदी की औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए और स्कॉटिश-फ्रांसीसी औल्डअलायंस की जगह ली।
- 1614 ओटोमन साम्राज्य ने आइलैंडोफ़ माल्टा को जीतने के लिए एक अंतिम प्रयास किया, लेकिन नाइट्स होस्पिटैलर द्वारा वापस पीटा गया।
- 1770 सेस्मे की लड़ाई- रूसी बेड़े ने तुर्की सेना को हराया।
- 1777 फोर्ट ट्रिकेनडरोगेन न्यू यॉर्क में अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध-अमेरिकी सैनिकों ने अग्रिम ब्रिटिश सेनाओं से पीछे हट गए, क्योंकि अमेरिकी जनता में अनूपार को व्यापक रूप से अभेद्य माना जाता था।
- 1785 संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए पैसा के रूप में डॉलर को सर्वसम्मति से चुना गया।
- 1809 नेपोलियन की फ्रांसीसी ताकतों ने युद्ध के युद्ध के पांचवें गठबंधन के निर्णायक टकराव में आर्गडुक चार्ल्स के ऑस्ट्रनार्ममी को वग्राम की लड़ाई में हराया।
- 1849 फ्रेडरिकिया की लड़ाई- डेनिश सेना ने फ्रेडरिकिया, जटलैंड में प्रशिया सेना को धराशायी किया, जिससे 1864 तक प्रशियाई / डेनिश युद्ध समाप्त हुआ।
- 1854 जैक्सन ने मिशिगन में अमेरिकी रिपब्लिकन पार्टी का पहला सम्मेलन आयोजित किया।
- 1885 फ्रांसीसी रसायनज्ञ लुइस पाश्चर और एमिल रूक्स ने नौ साल के जोसेफ मेस्टरहॉटर पर रेबीज के खिलाफ अपने टीके का सफल परीक्षण किया, जिसके बाद उन्हें एक संक्रमित कुत्ते ने काट लिया।
- 1885 लुई पाश्चर ने रेबिज के टीके का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। इस खोज ने मेडिकल की दुनिया में एक क्रांति ला दी।
- 1887 हवाई के राजा कलकौआ को बेयोनेट कॉइनस्टैस्ट्रेशन पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया था, जिसने अपने अधिकांश प्राधिकरणों के हवाई राजशाही को छीन लिया, साथ ही सभी एशियाई, अधिकांश देशी हवाईयन और थेपोर को भंग कर दिया।
- 1892 पेनसिल्वेनिया के होमस्टेड में एक स्टीलवर्कर्स की हड़ताल के दौरान, स्ट्राइकर और पिंकर्टन एजेंटों के बीच विज्ञापन-लंबी लड़ाई के परिणामस्वरूप निविदाएं हुईं और दर्जनों लोग घायल हो गए।
- 1905 अमेरिकी स्कूल शिक्षक केटी डेविट जेम्स ने अपने पति से तलाक के लिए दायर की, ऐसी घटनाओं की एक श्रृंखला की शुरुआत की जो अंततः उसकी अनसुलझी हत्या और मृत महिला क्रॉसिंग, ओक्लाहोमा के नामकरण का नेतृत्व करेगी।

विशेष आलेख

# बारिश का कहरः प्रकृति का विक्षोभ या विकास की विफलता?


ललित गर्ग

**हर वर्ष जब मानसून की पहली बारिश पहाड़ों को भिगोती है, तो स्थानीय जनजीवन एक नई उम्मीद के साथ खिल उठता है। खेतों में हरियाली, नदियों में जल, और प्रकृति की शीतलता-मानसून एक उत्सव जैसा लगता है। लेकिन हालिया मानसूनी बारिश और मौसमी विक्षोभ की जुगलबंदी से हिमाचल के कई इलाकों में तबाही का जो भयावह मंजर उभरा, उसे हमें कुदरत के सबक के तौर पर देखना चाहिए। बड़ी संख्या में लोगों की मौत व लापता होने के साथ ही अरबों रुपये की निजी व सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान हुआ है।**

बीते कुछ वर्षों में पहाड़ों में बारिश एवं बादल फटना अब डर, कहर और तबाही का पर्याय बन गई है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, और पूर्वोत्तर के अन्य पहाड़ी राज्यों में हर वर्ष मानसून के साथ भयावह भूस्खलन, बादल फटना, पुल बहना और सड़कें टूटना एक आम दृश्य बन गया है। यह केवल प्राकृतिक आपदा नहीं है, बल्कि एक व्यवस्थागत विफलता, सरकारी निर्माण की लापरवाही और अनियोजित विकास की पोल खोलने वाला यथार्थ है। निश्चय ही हाल के वर्षों में बारिश के पैटर्न में बदलाव आया है और बारिश की तीव्रता बढ़ी है। हर वर्ष जब मानसून की पहली बारिश पहाड़ों को भिगोती है, तो स्थानीय जनजीवन एक नई उम्मीद के साथ खिल उठता है। खेतों में हरियाली, नदियों में जल, और प्रकृति की शीतलता-मानसून एक उत्सव जैसा लगता है। लेकिन हालिया मानसूनी बारिश और मौसमी विक्षोभ की जुगलबंदी से हिमाचल के कई इलाकों में तबाही का जो भयावह मंजर उभरा, उसे हमें कुदरत के सबक के तौर पर देखना चाहिए। बड़ी संख्या में लोगों की मौत व लापता होने के साथ ही अरबों रुपये की निजी व सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान हुआ है।

2023 और 2024 के मानसून ने हिमाचल और उत्तराखंड जैसे राज्यों में जो कहर बरपाया, वह केवल आँकड़ों में सीमित नहीं है। दर्जनों लोग मारे गए, सैकड़ों मकान जमींदोज़ हो गए, हजारों लोग बेघर हुए। हाइड्रो प्रोजेक्ट्स, सड़कों, सुरंगों और इमारतों के निर्माण ने जिस तरह से पहाड़ों की प्राकृतिक संरचना के साथ छेड़छाड़ की, वह अब प्रकृति के प्रतिशोध का कारण बन रही है। उत्तराखंड में 'ऑल वेदर रोड', हिमाचल में सुरंगें और जल विद्युत परियोजनाएं-इन सभी ने विकास के नाम पर जिस प्रकार अंधाधुंध खुदाई और कटान किए हैं, उससे पर्वतीय क्षेत्र अपनी स्थायित्व खोते जा रहे हैं। वैज्ञानिक चेतावनियों के बावजूद कई निर्माण कार्यों में भूगर्भीय सर्वेक्षण की अनदेखी की गई। नतीजा यह हुआ कि हल्की-सी भारी बारिश में ही सड़कें धंस जाती हैं, इमारतें दरकने लगती हैं, और पूरा गाँव मलबे में दब जाता है। वास्तव, पहाड़ी इलाकों में अतिवृष्टि से आपदा का जो भयावह मंजर उभर रहा है, उसके मूल में सिर्फ जलवायु परिवर्तन ही मुख्य कारक नहीं है। दरअसल, इस तबाही के मूल में हमारी नाजुक हिमालयी पारिस्थितिकीय तंत्र के प्रति बड़ी लापरवाही भी है। इस तथाकथित विकास के नाम पर हमने उन सीढ़ीनुमा रास्तों को दरकिनार कर दिया, जो पहाड़ों को मजबूती देते थे।

पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन कोई नई बात नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में इनकी तीव्रता और आवृत्ति में ज़बरदस्त वृद्धि देखी गई है। इसकी मुख्य वजहें हैं-अनियंत्रित पहाडों की कटिंग और खुदाई, बढ़ता भारी वाहन यातायात, जल निकासी की अव्यवस्था एवं वन क्षेत्र का अत्याधिक क्षरण। सरकारी निर्माण एजेंसियां अक्सर तय मानकों की अनदेखी करती हैं। निर्माण सामग्री घटिया होती है और मुनाफाखोरी के चक्कर में दीवारें और पुल बरसात में ताश के पत्तों की तरह ढह जाते हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) और पर्यावरण वैज्ञानिक लगातार चेताते रहे हैं कि हिमालयी क्षेत्र बेहद संवेदनशील हैं। फिर भी, निर्माण कार्यों के लिए भू-सर्वेक्षण, पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन (ईआईए) और जनसुनवाई की प्रक्रियाओं को या तो टाल दिया जाता है या खानापूर्ति भर की जाती है। चार धाम यात्रा मार्ग पर बनने वाली सड़क परियोजनाओं को सुप्रीम कोर्ट ने भी कई बार रोका और सुझाव दिए कि पहाड़ों को काटने की बजाय टनल या वैकल्पिक मार्ग बनाए जाएं, लेकिन ज़मीनी हकीकत इससे उलट है।

निश्चय ही पूरी दुनिया में ग्लोबल वॉर्मिंग के चलते मौसम के बिगड़े तेवर नजर आ रहे हैं, लेकिन पहाड़ों में जल-प्रलय सी आपदा का विनाश निश्चय ही भयावह है। वैज्ञानिकों को इस तथ्य पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि पहाड़ों में बादल फटने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि क्यों हुई है। इस साल की मानसूनी बारिश में मंडी जिले में बादल फटने की घटनाओं ने बुनियादी ढांचे, घरों, सड़कों और बगीचों को जिस तरह से नुकसान पहुंचाया है, उसने पहाड़ों में विकास के स्वरूप को लेकर फिर नये सिरे से बहस छेड़ दी है। राज्य के तमाम महत्वपूर्ण राजमार्ग भूस्खलन और अतिवृष्टि से बाधित रहे हैं। कांगड़ा घाटी में ऐतिहासिक रेल परिवहन को स्थगित करना पड़ा है। शिमला के पास एक बहुमंजिला इमारत के भरभरा कर गिरने के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने भयभीत किया। जब बारिश आती है, तो केवल इमारतें और सड़कें नहीं ढहतीं, आम लोगों का जीवन भी उजड़ जाता है। लोग रातोंरात बेघर हो जाते हैं। स्कूल, अस्पताल, बिजली-पानी की सुविधाएं बंद हो जाती हैं। प्रशासनिक अमला अकसर घटनास्थल पर देर से पहुँचता है और राहत कार्यों में राजनीतिक रस्साकशी आड़े आ जाती है। राहत कैंपों में भोजन, शौचालय और दवाइयों की भारी कमी रहती है। जब किसी राज्य में बड़ी आपदा आती है, तभी मीडिया और नेताओं की नज़र जाती है। हेलिकॉप्टर से निरीक्षण, मुआवज़े की घोषणाएं, और 'हम साथ हैं' जैसे बयान आते हैं। लेकिन जैसे ही मौसम सामान्य होता है, पीड़ितों की सुध लेने वाला कोई नहीं रहता। लंबे समय तक पुनर्वास और पुनर्निर्माण कार्य अधर में लटकते हैं।

# खेलों के क्षेत्र में महाशक्ति बनकर उभरेगा -भारत(राष्ट्रीय खेल नीति-2025 को मंजूरी


सुनील कुमार महला

**र ऑस्ट्रेलिया को है। अमूमन यह देखा गया है कि उक्त देश खेल के क्षेत्र में भारत से बहुत आगे हैं और ये खेल के क्षेत्र में शीर्ष पर या यूं कहें कि अव्वल रहते हैं। पाठक जानते होंगे कि इन देशों ने ओलंपिक और अन्य प्रमुख खेल प्रतियोगिताओं में बहुत बार शानदार प्रदर्शन किया है और खेल के क्षेत्र में खुद को साबित किया है। पाठकों को बताता चलूं कि ओलंपिक खेलों में तो, संयुक्त राज्य अमेरिका सबसे सफल देश रहा है, जिसके बाद चीन, रूस, जर्मनी और फ्रांस हैं।**

हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय खेल नीति 2025 (खेलो भारत नीति-2025) को मंजूरी दी है। वास्तव में, यह बहुत ही काबिले-तारीफ है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह राष्ट्रीय खेल नीति-2001 का स्थान लेगी। भारत विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है, लेकिन खेलों की दृष्टि से अब तक भारत को वह स्थान प्राप्त नहीं है,जो कि विश्व के अन्य देशों जैसे कि

संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, रूस, जर्मनी, और ऑस्ट्रेलिया को है। अमूमन यह देखा गया है कि उक्त देश खेल के क्षेत्र में भारत से बहुत आगे हैं और ये खेल के क्षेत्र में शीर्ष पर या यूं कहें कि अव्वल रहते हैं। पाठक जानते होंगे कि इन देशों ने ओलंपिक और अन्य प्रमुख खेल प्रतियोगिताओं में बहुत बार शानदार प्रदर्शन किया है और खेल के क्षेत्र में खुद को साबित किया है। पाठकों को बताता चलूं कि ओलंपिक खेलों में तो, संयुक्त राज्य अमेरिका सबसे सफल देश रहा है, जिसके बाद चीन, रूस, जर्मनी और फ्रांस हैं। गौरतलब है कि जमैका स्प्रिंटिंग में, केन्या लंबी दूरी की दौड़ में, और ब्राजील फुटबॉल में मजबूत है।संयुक्त राज्य अमेरिका क्रमशः बास्केटबॉल, तैराकी, एथलेटिक्स, गोल्फ में, चीन क्रमशः टेबल टेनिस, बैडमिंटन, भारोत्तोलन में, भारत का मित्र देश रूस जिम्नास्टिक्स, मुक्केबाजी, आइस हॉकी में, जर्मनी क्रमशः घुड़सवारी और हॉकी में, ऑस्ट्रेलिया क्रमशः तैराकी, क्रिकेट और रग्बी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते आए हैं और इन खेलों में इन देशों का कोई सानी नहीं है। हाल ही में जिस %खेलो भारत नीति-2025% को सरकार द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है,

यह नीति भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनाने के लिये एक रोडमैप प्रस्तुत करती है, जिसका विशेष ध्यान वर्ष-2036 के ओलंपिक पर केंद्रित है। कहना ग़लत नहीं होगा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जिस राष्ट्रीय खेल नीति, 2025 को मंजूरी दी है, वह भारत को

खेलों में विश्वशक्ति बनाने की एक बहुत ही जरूरी महत्वाकांक्षी व बड़ी ही शानदार योजना है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार केंद्रीय मंत्रालयों, नीति आयोग, राज्य सरकारों, राष्ट्रीय खेल महासंघों, खिलाड़ियों, खेल विशेषज्ञों और सार्वजनिक हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद इस नीति को तैयार किया गया है। पाठकों को बताता चलूं कि इस नीति में साल 2047 तक भारत को खेलों में दुनिया के शीर्ष पांच देशों में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। कहना ग़लत नहीं होगा कि भारत अब ग्लोबल स्पोर्ट्स मार्केट में भी इस नीति के माध्यम से, मजबूत बन सकेगा।इस नीति के तहत ओलंपिक मेजबानी पर भी फोकस किया गया है,जो काबिले-तारीफ है। वास्तव में भारत की इस खेल नीति से खेल को जमीनी स्तर पर बढ़ावा मिल सकेगा, और गांवों-कस्बों से खिलाड़ी सामने आ पायेंगे।इस संबंध में हमारे देश के खेल मंत्री मनसुखलाल मंडाविया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह बात कही है कि , %नई पॉलिसी से भारत में स्पोर्ट्स कल्चर को जमीनी स्तर पर बढ़ावा मिलेगा।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान


सुश्री आरती डोगरा (आईएएस)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम की स्टार हैं एक ऐसी आईएएस अधिकारी जिन्होंने इस सभ्य समाज को बताया है कि कद मायने नहीं बल्कि पद मायने रखता है और कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो आसमां में एक पत्थर भी छेद कर सकता है। जी हां हम बात कर रहे हैं आईएएस सुश्री आरती डोगरी जी की। 18 अगस्त सन 1979 को उत्तरांचल में जन्मी आरती शुरू से ही बड़ी होनहार रही हैं। बीए(ऑनर्स अर्थशास्त्र) एमए (अर्थशास्त्र) की पढाई के बाद सिविल सेवा की तैयारी की और पहले प्रयास में ही सफलता ने कदम चूम लिए। आज अध्यक्ष हैं डिस्कॉ स, राजस्थान जयपुर एवं प्रबन्ध निदेशक, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जयपुर। इससे पूर्व शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान जयपुर। सचिव मख्युमंत्री राजस्थान, जयपुर। विशिष्ठ सचिव, मख्युमंत्री राजस्थान जयपुर। संयुक्त सचिव, मख्युमंत्री राजस्थान जयपुर। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, अजमेर। प्रबन्ध निदेशक, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जोधपुर। लम्बे समय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, बीकानेर रही जहां की जनता आज भी इनके द्वारा किए गए कार्यो को याद करती है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, बूंदी रही। उपखंड अधिकारी, ब्यावर अजमेर। उपखंड अधिकारी, अलवर। सहायक कलेक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट, उदयपुर। प्रतिभा और काबिलियत के लिए कद, रंग, रूप, नस्ल मायने नहीं रखती आईएएस आरती डोगरा ने इस आधार पर लोगों को जज करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। आरती के छोटे कद के चलते लोग उनका मजाक उडाते थे लेकिन उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा पहले प्रयास में क्रैक करके सबका मुंह बंद कर दिया, अक्सर लोग किसी को रंग, रूप और कद के आधार पर जज करते हैं, लेकिन काबिलियत इससे तय नहीं होती,हमने आपको कई आइएएस अधिकारियों के संघर्ष की दास्तान बताई है आज ऐसी आईएएस के बारे में बता रहे हैं जिनकी लंबाई सिर्फ 3.5 फीट है। अपनी मेहनत के बल पर कामयाबी हासिल करके समाज व युवाओं को एक संदेश भी दिया है कि कद नहीं बल्कि पद मायने रखता है। आरती के माता-पिता ने भी उनका हमेशा साथ दिया। आरती कर्नल राजेंद्र और कुसुम डोगरा की बेटी हैं उनकी मां एक स्कूल में प्रिंसिपल हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जलव भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## संस्मरण

# सियासी दुनिया के सबसे बड़े खिलाड़ी माने जाते थे राम विलास पासवान

बिहार के खगड़िया जिले के शहरबन्नी गांव में एक दलित परिवार में 05 जुलाई 1946 को राम विलास पासवान का जन्म हुआ था। उन्होंने अपनी शिक्षा कोसी कॉलेज और पटना विश्वविद्यालय से पूरी की। साल 1969 में राम विलास पासवान का चयन बिहार पुलिस में ष्टस्क्क के रूप में हो गया।आज ही के दिन यानी की 05 जुलाई को स्छ्क्क नेता राम विलास पासवान का जन्म हुआ था। बता दें कि बिहार की राजनीति में उनका नाम अमर है। उन्होंने करीब पांच दशकों तक देश की सियासत में अपना योगदान दिया था और हमेशा दलितों के हक के लिए संघर्ष करते रहे। वह सरकारी नौकरी छोड़कर राजनीति में आए थे। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर राम विलास पासवान के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

बिहार के खगड़िया जिले के शहरबन्नी गांव में एक दलित परिवार में 05 जुलाई 1946 को राम विलास पासवान का जन्म हुआ था। उन्होंने अपनी शिक्षा कोसी कॉलेज और पटना विश्वविद्यालय से पूरी की। साल 1969 में राम विलास पासवान का चयन बिहार पुलिस में ष्टस्क्क के रूप में हो गया। सरकारी नौकरी होने के बाद भी उनका मन समाज सेवा में और बदलाव में लगा था। जिस कारण उन्होंने नौकरी छोड़ दी और राजनीति का रुख किया।

ऐसे की राजनीति में एंट्री

राम विलास पासवान ने अपने सियासी सफर की शुरुआत संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी से की। फिर साल 1969 में वह अलौली विधानसभा सीट से विधायक बने। साल 1977 में हाजीपुर से जनता पार्टी के टिकट पर लोकसभा चुनाव जीता और उन्होंने करीब 4.25 लाख वोटों के रिकॉर्ड अंतर से जीत हासिल की। जोकि गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है।

फिर साल 1989 में पासवान ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा। साल 2000 में पासवान ने लोक जनशक्ति पार्टी की स्थापना की, यह पार्टी दलित और पिछड़े वर्गों के लोगों की आवाज बनी। वह 9 बार लोकसभा और दो बार राज्यसभा के सांसद रहे। उन्होंने 6 प्रधानमंत्रियों वी.पी. सिंह, एच.डी. देवगौड़ा, आई.के. गुजराल, अटल बिहारी वाजपेयी, मनमोहन सिंह और नरेंद्र मोदी की सरकार में रह चुके हैं। वह केंद्रीय मंत्री के रूप में भी कार्य कर चुके हैं, जोकि उनके राजनीतिक सूझबूझ को दिखाता है।

सियासत का मौसम वैज्ञानिक

बता दें कि राम विलास पासवान को %मौसम वैज्ञानिक% कहा जाता था। क्योंकि वह सही समय पर गठबंधन चुनने में माहिर रहे। वहीं उनका निजी जीवन भी चर्चा में रहा। उन्होंने साल 1960 में राजकुमारी देवी से शादी की फिर साल 1981 में तलाक के बाद साल 1983 में रीना शर्मा से दूसरी शादी की।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है।

**वृष**
माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

**मिथुन**
हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो।

**कर्क**
आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा। आज कोई नया काम शुरू ना करें।

**सिंह**
स्वजनों एवं परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा और ज्यादा परिश्रम के बाद ही सफलता मिलेगी। दुर्घटना हो सकती है, सावधान रहें। आज आपका दिन बहुत लाभदायी है।

**कन्या**
संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे। इसका खास ध्यान रखें।

**तुला**
आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा।

**वृश्चिक**
बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा।

**धनु**
आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा।

**मकर**
पानी वाली जगहों से दूर रहें। आज धन का व्यय अधिक होगा। आज नियम विरुद्ध कामों से दूर रहें। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा।

**कुंभ**
अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा।

**मीन**
मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा। महिलाओं के मायके से समाचार आने के योग हैं।

# भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त:अंग्रेजों के जमाने का बौंली थाना बना टापू

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले के कई हिस्सों में मानसून की झमाझम बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया है। सवाई माधोपुर के बौंली क्षेत्र में बीते दो दिनों में 45 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जिससे कई इलाकों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। खास तौर पर बौंली थाना परिसर में खराब ड्रेनेज सिस्टम के कारण बारिश का पानी जमा हो गया, जिससे थाना टापू बन गया है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

इस समस्या ने थाना स्टाफ और वहां आने वाले परिवादियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले एक दशक से मानसून के दौरान थाना परिसर में जलभराव की समस्या बनी हुई है, लेकिन इसका स्थायी समाधान अब तक नहीं हो सका है।



### जलभराव से थाना परिसर में मुश्किलें

बौंली थाने में बारिश का पानी मुख्य दरवाजे से लेकर कार्यालय कक्ष, कंप्यूटर रूम और अन्य कमरों तक भर गया है। खराब ड्रेनेज सिस्टम के कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही, जिसके चलते थाना स्टाफ को काम करने में दिक्कत हो रही है। यहां आने वाले लोगों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। पानी निकालने के लिए इंजन और पाइप का सहारा लिया जा रहा है, लेकिन यह अस्थायी उपाय समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। थाना प्रभारी राधा रमन गुप्ता ने बताया कि स्थानीय लोगों के सहयोग से ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने की कोशिश की गई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। उच्च अधिकारियों को इस बारे में अवगत कराया गया है और जल्द ही स्थायी समाधान का आश्वासन दिया गया है।

### अंग्रेजों के जमाने का बना हुआ थाना

बौंली थाना अंग्रेजों के जमाने का बना हुआ है। थाना परिसर में मुख्य दरवाजे से कार्यालय तक ढलान होने और ड्रेनेज सिस्टम की कमी के कारण बारिश का पानी जमा हो जाता है। यह समस्या हर मानसून में दोहराई जाती है, जिससे थाना परिसर में कामकाज प्रभावित होता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर ड्रेनेज सिस्टम को ठीक किया जाए और परिसर की संरचना में सुधार किया जाए, तो इस समस्या से निजात पाई जा सकती है।

### प्रदेश में मानसून का ने पकड़ा जोर

मौसम विभाग के अनुसार, राजस्थान में इस बार मानसून सीजन में अब तक 135 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई है। 1 जून से 3 जुलाई तक राज्य में 155.8 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है, जबकि इस अवधि में औसतन 66.3 मिलीमीटर बारिश होती है। पिछले 24 घंटों में अच्छी बारिश हुई। बौंली में 53 मिलीमीटर, चौथ का बरवाड़ा में 26 मिलीमीटर, और जयपुर के फागी में 50 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र, जयपुर के अनुसार, अगले 2-3 दिनों तक कोटा, उदयपुर, जयपुर, अजमेर और भरतपुर संभागों में भारी बारिश की संभावना है।

### कोटा बैराज के चार गेट खोले गए

कोटा और चंबल नदी के ऊपरी इलाकों में लगातार बारिश के कारण कोटा बैराज के चार गेट खोले गए हैं। राणाप्रताप सागर और जवाहरसागर बांधों से पानी की आवक बनी हुई है। प्रशासन ने चंबल नदी के तटीय गांवों में मुनादी करवाकर लोगों को सतर्क किया है। मौसम विभाग ने बूंदी, कोटा, बारां और झालावाड़ में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

## .टोरड़ी सागर बांध ने किया खुशियो से सरोबार:बांध की चादर से पानी छलकने से हर तरफ खुशियां ही खुशियां

### उपखण्ड अधिकारी ने मौका स्थल पर पहुंच सुरक्षा की दृष्टि से किया मुआयना



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** उपखण्ड क्षेत्र मालपुरा के सबसे बड़े सिंचाई स्त्रोत टोरड़ी सागर बांध की चादर से पानी छलकने के साथ ही क्षेत्र के लोग खुशियो से सरोबार होकर खुशियां मनाने में जुट गए। शनिवार को अल सवेरे ही बांध की चादर से पानी चलने लगा। जिसकी जानकारी लगते ही उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी बांध की चादर पर पहुंचे। यहां उपखण्ड अधिकारी चौधरी बांध की चादर चलने के बाद सुरक्षा को मध्य नजर रख कर मोका मुआयना किया। साथ ही साथ मौजुद सिंचाई विभाग के अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। सूत्रो के अनुसार शनिवार को शाम तक बांध की चादर से लगभग 4 इंच तक पानी चल रहा है। इधर टोरड़ी सागर बांध की चादर चलने से चारो ओर खुशियो का माहोल बना हुआ है। चादर चलने के बाद चादर स्थल पर्यटन स्थल का रूप ले चुका है। चादर व बांध को देखने के लिए भर लोगो का तांता लगा रहा। इसके अलावा बांध की चादर चलने के बाद सिंचित क्षेत्र के किसानो में भारी खुशियां छाई हुई है। सिंचित क्षेत्र के किसान चादर चलने की खुशियो से सरोबार होकर खुशियां मना रहे हैं।

## पलिकाध्यक्ष ने राष्ट्रीय सेमिनार में किया सीधा संवाद



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने शहरी निकायो के प्रमुखो के राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेकर लोकसभा अध्यक्ष सहित अन्य आयोजको के साथ सीधा संवाद कर अपनी बात रखी। नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी वर्तमान में शहरी निकायो के राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग ले रही है। सोनी ने सम्मेलन में भाग लेने के दौरान सेमिनार के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला सहित हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान केन्द्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर , मध्यप्रदेश के केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरिन्द्र कल्याण, राज्यसभा उपसभापति हरिवंश सहित अन्य आला नेताओं व आला अधिकारियो से सीधा संवाद कर शहरी निकार्यो प्रमुखो को अच्छा एवं श्रेष्ठ काम करने में आ रही परेशानियो व समस्याओं को बेहतर तरीके से सीधे संवाद के जरिए रखकर इनका समाधान करने की पुरजोर मांग की। नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी द्वारा राष्ट्रीय सेमिनार में सीधे संवाद के जरिए रखी शहरी निकाय प्रमुखो की रखी बात की राष्ट्रीय सेमिनार में चर्चा का विषय रही।

## राजस्व टीम ने लिया अतिवृष्टि से हुए नुकसान का जायजा



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा क्षैत्र की टोरड़ी ग्राम पंचायत में गति दिनो हुई भारी बारिश व अतिवृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए राजस्व विभाग की टीम ने मौका निरीक्षण किया। तहसीलदार पवन मातवा के निर्देशन में मौके पर पहुंची राजस्व टीम ने नुकसान का जायजा लेने के बाद ग्रामीणो से रूबरू हुए। इस दौरान तहसीलदार ने मातवा ने सतर्क व सावधान रहने एवं अधिक बारिश की स्थिति में सुरक्षित स्थानो पर पहुंचने का आव्हान किया। राजस्व विभाग की टीम में हल्का भू निरीक्षक व हल्का पटवारी शामिल रहे।

## भाजपा आज बूथ पर मनाएगी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई को भाजपा प्रत्येक बूथ पर मनाएगी । जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर के निर्देशन पर प्रत्येक बूथ पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया जाएगा एवं उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला जाएगा, बूथ पर आयोजित कार्यक्रमों में पार्टी के जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा के जिला पदाधिकारी एवं जिले के प्रमुख वरिष्ठ नेता अलग अलग बूथों पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## अपील : भारी बारिश के चलते जलभराव वाले स्थानों से दूर रहें, सतर्क और सुरक्षित रहें- कानाराम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले में भारी बारिश को देखते हुए जिला कलक्टर काना राम ने आमजन से जलभराव और संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस समय सावधानी और सजगता ही जन-धन की हानि से बचाव का एकमात्र उपाय है। जिले में लगातार हो रही तेज वर्षा के कारण नदियों , तालाबों, एनिकटों, बावड़ियों, कुण्डों और झरनों में जलस्तर बढ़ रहा है तथा आगामी दिनों में भी भारी बारिश की संभावना बनी हुई है। ऐसे में निचले इलाकों और जलभराव संभावित क्षेत्रों में रहने वाले नागरिक विशेष सतर्कता बरतें एवं खतरा महसूस होने पर सुरक्षित स्थानों पर आश्रय लें ।

आपात स्थिति में आमजन सहायता हेतु नियंत्रण कक्ष पर करें संपर्क: जिला कलक्टर ने बताया कि मानसून के दौरान किसी भी आपदा से निपटने हेतु जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। किसी



आपात स्थिति में आमजन जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नम्बर 07462-220602 ,07462-220201 या टोल फ्री नम्बर 1077 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

वहीं तहसील स्तर पर सवाई माधोपुर में तहसीलदार +91 8860683111, खण्डार तहसील में +91 7014451115, चौथ का बरवाड़ा तहसील में +91 7042836979, बौंली तहसील में +91 9784538790 , मित्रपुरा में +91 9413817621, मलारना डूंगर तहसील में +91 7742214562 , गंगापुर सिटी तहसील में +91 8875777228 ,बामनवास तहसील में +91 6350209735 , वजीरपुर तहसील में +91 7877734113 ,बरनाला तहसील +91 7982046924 एवम् तलावड़ा तहसील में +91 9887008003 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### रील और सेल्फी के चक्कर में न डालें जान जोखिम में

मानसून के साथ मौसम सुहावना जरूर हुआ है, लेकिन यह किसी भी प्रकार के रोमांच या सोशल मीडिया गतिविधि के लिए जान जोखिम में डालने का समय नहीं है। कलक्टर ने विशेषकर युवाओं और बच्चों से अपील की कि वे तेज बहाव वाले प्राकृतिक स्थलों, झरनों, पुल-पुलियों आदि पर रील और सेल्फी बनाने से परहेज करें। परिजनों को भी चाहिए कि वे बच्चों को इन स्थानों पर जाने से रोकें।

### जलभराव से बचाव के लिए जरूरी सावधानियां

जिला प्रशासन द्वारा आमजन के लिए महत्वपूर्ण सावधानियों का पालन करने की सलाह दी गई है।
जलभराव संभावित इलाकों से दूर रहें और पक्के, सुरक्षित स्थानों पर आश्रय लें।
अस्थायी एवं कमजोर ढांचों को सुरक्षित करें या खाली कर दें।
तेज बारिश के समय फिसलन भरी सड़कों पर सावधानीपूर्वक वाहन चलाएं, बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में वाहन न चलाएं।
जलमग्न अंडरपास, पुल-पुलियाओं एवं ओवरफ्लो मार्गों से परहेज करें।
जलभराव के दौरान बच्चों को बाहर खेलने या नहाने से रोकें।
बिजली से संचालित उपकरणों से दूर रहें और खुले स्थानों, पेड़ों, खंभों आदि के नीचे खड़े होने से बचें।

## यजमानो दे दी आहुतियां,आज होगी मूर्तियों की स्थापना,बहेगी भजनो की रसगंगा

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** उपखण्ड क्षेत्र के डिग्गी स्थित श्री धाम में चल रहे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित हवन यज्ञ में यजमानो की आहुतियां दी। श्री श्याम मित्र मंडल पदयात्रा संघ के तत्वावधान में आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को महोत्सव के निमित्त आयोजित हवन यज्ञ में यजमानो ने आहुतियां दी। साथ ही यज्ञाचार्य व प्रतिष्ठाचार्य पं. रमेश शास्त्री एवं उनके विद्धान पण्डितो के दल ने नवस्थापित की जाने वाली मूर्तियों की नित्यार्चन, मूर्ति अधिवास की प्रक्रिया पूर्ण की। हवन यज्ञ में भारी संख्या में यजमानो ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया। संघ के पवन मेन्दवास्या के अनुसार महोत्सव के अन्तिम दिन रविवार 6 जुलाई को ूर्ति अवमृत स्नान, मूर्तियो का शेष हवन, मूर्ति स्थापना के बाद महाआरती व महाभोज का आयोजन किया जाएगा। साथ ही रविवार को दोपहर 1 बजे आयोजन स्थान श्री धाम में विशाल भजनामृत रंसगंगा का आयोजन होगा। जिसमें गायक अविनाश शर्मा, आदित्य छीपा सहित अन्य कई कलाकार भजन प्रस्तुत करेगें। श्री धाम डिग्गी .के नवनिर्मित मन्दिर में बाबा श्याम सहित लक्ष्मीनारायण मन्दिर, वीर बालाजी एवं शिव परिवार की मूर्तियां स्थापित की जाएगी।

## राजस्व रिकॉर्ड में महावीर की जाति की हुई शुद्धी, राजेश के घर का बना आवासीय पट्टा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शनिवार को तहसील टोंक के ग्राम पंचायत गोपालपुरा में शिविर आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप इन शिविरों में आने वाले अधिकाधिक नागरिकों को मौके पर ही लाभ दिया जा रहा है।शिविर के दौरान परिवादी महावीर ने उपस्थित होकर शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार पूजा अटल को बताया कि उसकी सह खातेदारी भूमि का राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी खाता संख्या 75 में दर्ज है। इसमें लगभग 25 वर्ष पहले हम सभी सह खातेदारों की जाति जाट के बजाय गुर्जर हो गई थी। इस कारण उन्हें केसीसी लेने व सरकारी योजनाओं का लाभ पाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही करते हुए शिविर प्रभारी के निर्देश पर हल्का पटवारी ने राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज गलत जाति गुर्जर को शुद्ध करते हुए जाट की । महावीर ने बताया कि वह काफी लम्बे समय से जाति शुद्धिकरण को लेकर परेशान था, लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा जो शिविर आयोजित किये जा रहे हैं, वो आमजन के लिये लाभकारी है।इसी तरह तहसील उनियारा की ग्राम पंचायत गोठड़ा में आयोजित शिविर के दौरान अनेक ग्रामीणों को मौके पर ही लाभ दिया गया। शिविर के दौरान एक परिवार को आवासीय पट्टा मिला। शिविर में राजेश कुम्हार ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया कि जिस स्थान पर हमारा परिवार निवास कर रहा है, उस आवासीय भूखण्ड का पट्टा नहीं होने के कारण राजकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। शिविर के दौरान शिविर प्रभारी ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए राजेश को मौके पर ही आवासीय पट्टा उपलब्ध करवा दिया।



## जिला जेल, राजकीय संप्रेक्षण एवं किशोर गृह, यश दिव्यांग सेवा संस्थान, त्रिनेत्र बालगृह एवं रूक्मणी वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर जांची व्यवस्थाएं

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की सचिव समीक्षा गौतम द्वारा जिला जेल सवाई माधोपुर का साप्ताहिक निरीक्षण कर जेल में निरूद्ध बंदियों से मुलाकात कर मुकदमों की पैरवी हेतु अधिवक्ता की उपलब्धता, भोजन, पेयजल, चिकित्सकीय सुविधाओं तथा बैरकों एवं कारागृह परिसर की सफाई व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली गई। सचिव समीक्षा गौतम द्वारा मुख्य प्रहरी महेश चन्द शर्मा को जेल मैनुअल के अनुसार सभी बंदियों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने




तथा जेल से संबंधित सभी रजिस्टरों को नियमित रूप से अपडेट करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये।

निरीक्षण के दौरान कारागृह में कुल 113 बंदी उपस्थित पाये गए। निरीक्षण के दौरान चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल (न्याय रक्षक) राधेश्याम जोगी, अधिकार मित्र सुमित्रा देवी एवं जेल स्टाफकर्मी उपस्थित रहे।

इसी प्रकार जिला विधिक चेतना समिति के सदस्य हरिसिंह मीणा एवं मनीष तंवर द्वारा राजकीय संप्रेषण एवं किशोर गृह, यश दिव्यांग सेवा संस्थान, त्रिनेत्र बालगृह एवं रूक्मणी वृद्धाश्रम सवाई माधोपुर का निरीक्षण कर किया गया । दौराने निरीक्षण संस्थान में बालकों एवं वृद्धजनों को प्रदान मूलभूत सुविधाएं और संस्थान की साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई।

# 468 साल पुरानी है मुड़िया मेले की परंपरा


## मुड़िया पूर्णिमा पर गोवर्धन परिक्रमा है खास महत्व

राकेश शर्मा (वरिष्ठ पत्रकार)

**बढ़ता राजस्थान।** कृष्ण नगरी मथुरा में हर साल आषाढ़ पूर्णिमा पर मुड़िया पूर्णिमा मेला लगता है। मथुरा के गोवर्धन धाम में यह परिक्रमा करने के लिए हर साल यहां करोड़ों भक्त आते हैं। इस साल मुड़िया मेला 4 जुलाई से लग रहा है। 10 जुलाई को मुड़िया पूर्णिमा मनाई जाएगी।

### 21 किलोमीटर की करते हैं परिक्रमा

मुड़िया पूर्णिमा के 21 किलोमीटर की गोवर्धन परिक्रमा करते हैं। मेले की शुरुआत पूर्णिमा से पहले ही हो जाती है। इस मेले की प्रसिद्धि इतनी है कि इसे उत्तर प्रदेश में कुंभ के बाद दूसरा बड़ा मेला कहा जाता है। इस बार



गोवर्धन का मुड़िया पूर्णिमा मेला 4 जुलाई से 11 जुलाई 2025 तक लगेगा, जबकि 10 जुलाई को मुड़िया पूर्णिमा मनाई जाएगी। आज 4 जुलाई से मेला शुरु हो गया है। इस पूर्णिमा से एक दिन पहले खास तौर पर मुड़िया संत सिर मुंडवाते हैं और अपने गुरु को याद करते हैं। इसके बाद ढोल-नगाड़े, बैंड-बाजे के साथ शोभायात्रा निकालते हैं और गिरिराज पर्वत की परिक्रमा लगाते हैं। इस मेले में सरक्षा के खास इंतजाम किए जाते हैं।

### इसलिए खास है गोवर्धन धाम

गोवर्धन पर्वत यानी गिरिराज महाराज को श्री कृष्ण का स्वरूप माना गया है। आपको बता दें कि भगवान श्री कष्ण ने इंद्र के कोप से गोकुल वासियों को बचाने के लिए श्री कृष्ण ने गोवर्धन को अपनी छोटी उंगली पर उठा लिया था। आज भी लोग मथुरा के गोवर्धन धाम में खास तौर पर एकादशी के दिन गोवर्धन की परिक्रमा करते हैं।

### 468 साल पुरानी है परंपरा

इसकी मुड़िया पूर्णिमा पर गिरीराज जी की परिक्रमा की परंपरा 468साल पुरानी है। इस मेले का इतिहास चैतन्य महाप्रभु के शिष्य सनातन गोस्वामी से जुड़ा है। गोस्वामी जी रोज गिरिराजजी की परिक्रमा करते थे। 468 साल पहले पूर्व आषाढ़ पूर्णिमा संवत 1615 में वह ब्रह्मलीन हो गए। जिसके बाद उनके शिष्यों ने सिर मुंडवाकर उनके पार्थिव शरीर को गोवर्धन की परिक्रमा कराई। तभी से यह परंपरा चली आ रही है। ऐसा कहा जाता है कि शिष्यों द्वारा सिर मुंडवाने के कारण इससे मुड़िया पूर्णिमा का नाम दिया गया। परिक्रमा लगने के बाद सालों साल यहां भक्त आने लगे, जिसके बाद इसके बाद से यहां हर साल आषाढ़ पूर्णिमा पर मेला लगने लगा। सिर मुंडवाने के कारण इस मेले का नाम मुड़िया पड़ा। ऐसा कहा जाता है कि जो इस दिन गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और वह आखिर में मोक्ष यानी बैकुंठ धाम मिलता है।

# जिला कलेक्टर ने किया अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर उपखंड किशनगढ़ बास के चामरोदा एवं कोटकासिम के भौंकर शिविर का निरीक्षण

### ग्राम पंचायत भौंकर में पर्यावरण संरक्षण कि दिशा में किया पौधारोपण, भौंकर में शिविर के दौरान बालिकाओं का जन्म दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल तिजारा, (नि.स.)।** पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने ग्राम पंचायत चामरोदा (किशनगढ़ बास) और भौंकर (कोटकासिम) में आयोजित शिविरों का दौरा कर मौके की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल्स का अवलोकन किया और वहां उपस्थित अधिकारियों से उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं की जानकारी ली।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने लाभार्थियों से भी सीधा संवाद कर उनकी प्रतिक्रिया जानी और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि पखवाड़े का मूल उद्देश्य सरकार की योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाना है और इसके लिए सभी विभागीय कार्मिक पूरी निष्ठा के साथ जिम्मेदारी निभाएं।

निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने राजस्व विभाग को सीमाज्ञान, नामांतरण, रास्तों, पत्थरगढ़ी व कुरेजात जैसे लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। ग्रामीण विकास विभाग को बीपीएल परिवारों के बैंक सत्यापन, आवेदन प्राप्ति व सर्वेक्षण कार्यों में तेजी लाने को कहा गया। उन्होंने एनएफएसए के तहत लंबित प्रकरणों के समाधान, आधार सीडिंग, ई-केवाईसी जैसे जरूरी कार्यों को प्राथमिकता देने



पर बल दिया। इसके साथ ही पीएचईडी को जल टंकियों की सफाई, लीकेज मरम्मत तथा लंबित जल कनेक्शन जारी करने के निर्देश भी दिए। समाज कल्याण विभाग को पेंशन सत्यापन कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर ग्राम भौंकर में आयोजित शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्रामीण बालिकाओं का जन्म दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। जन्मदिन के इस खास मौके पर नन्हीं बालिकाओं ने केक काटा, जिससे पूरे माहौल में उल्लास और उत्साह की भावना भर गई। जिला कलेक्टर ने बालिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए उपहार भी प्रदान किए, जिससे उनके चेहरों पर मुस्कान आ गई और यह आयोजन सभी के लिए यादगार बन गया।

भौंकर शिविर के दौरान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जिला कलेक्टर ने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण किया। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण, स्वच्छता और वृक्षारोपण के महत्व को समझाया और इन प्रयासों को जनभागीदारी से आगे बढ़ाने की अपील की।

उपखंड अधिकारी किशनगढ़ बास मनीष कुमार जाटव, उपखंड अधिकारी कोटकासिम रेखा यादव, नरेंद्र कुमार भाटिया, स्थानीय सरपंच सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

**7 जुलाई को यहां लगेंगे शिविर**

एक जुलाई को उपखंड किशनगढ़ बास में पाटन मेवान एवं नूरनगर, उपखंड कोटकासिम में आकोली एंव बुढीबावल, उपखंड मुंडावर में बावद, बल्लुवास एंव पीपली, उपखंड टपूकड़ा में महेशरा एंव ततारपुर, उपखंड तिजारा में खलबली एंव चावण्डीकलां में कैंप आयोजित किए जाएंगे। शिवरो का आयोजन प्रातः 9.30 बजे से सांय 5.30 बजे तक किया जाएगा।

## एनएमएमएस परीक्षा में बड़ला स्कूल के 5 बच्चों का हुआ चयन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रत्येक साल एनएमएमएस की परीक्षा आयोजित करवाई जाती है। राजस्थान सरकार की ओर से राजकीय विद्यालयों में कक्षा 8 में अध्यनरत छात्र छात्राओं के लिए कराई जाने वाली एनएमएमएस के जारी परिणाम में राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ला के 5 बच्चों का चयन हुआ है। इनमें प्रशांत बैरवा, अमित कुमार मीना, ईशिका बाई बैरवा,रोहित कुमार मीना और मुस्कान मीना का चयन होने पर गांव में खुशी की लहर हैं। विद्यालय स्टाफ के द्वारा पास होने वाले सभी बच्चों का माला पहनकर स्वागत किया गया। जिससे दूसरे बच्चे भी प्रेरित हो सके। विद्यालय के अध्यापक संतोष कुंडारिया ने बताया कि यह उपलब्धि उनके उज्जवल भविष्य का प्रतीक है। इन्होंने इस सफलता का श्रेय बच्चों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से मिला है। संस्था प्रधान गणेशराम चौधरी ने बताया इस परीक्षा की तैयारी राज्य पुरस्कृत शिक्षक दिनेश कुमार सैनी के द्वारा कराई गई। इनके द्वारा छुट्टियों के दिन और विद्यालय समय के अतिरिक्त समय में बच्चों को तैयारी करवाई गई। परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को कक्षा 9 से 12 में राजकीय विद्यालयों में अध्यनरत करने पर प्रत्येक वर्ष राज्य सरकार की ओर से 12 हजार रूपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ से गणेशाराम चौधरी, संतोष, समरथ लाल, भाग्यश्री, नीमलता, दिनेश और घनश्याम उपस्थित रहे।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर दो प्रधानाचार्यों को कारण बताओ नोटिस जारी

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा ( नि.स. )।** जिला निर्वाचन कार्यालय, खैरथल-तिजारा द्वारा निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बरतने पर दो शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। यह कार्रवाई राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अवहेलना एवं कार्मिकों को समय पर कार्यमुक्त नहीं किए जाने के चलते की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मीरका की प्रधानाचार्या सुषमा यादव ने निर्वाचन हेतु नियुक्त कर्मचारी राजेन्द्र कुमार को निर्धारित समय पर कार्यमुक्त नहीं किया। वहीं, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, तिजारा के प्रधानाचार्य लालसिंह पालीवाल ने नियुक्त कार्मिक यश लोढ़ा को केवल सीमित अवधि के लिए ऑनलाइन कार्यमुक्त कर विद्यालय में लगातार उपस्थिति हेतु बाध्य किया। जिला निर्वाचन कार्यालय ने इसे लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 एवं 1951 तथा राजस्थान सेवा नियमों के उल्लंघन की श्रेणी में माना है, जो कि गंभीर अनुशासनहीनता है और निर्वाचन जैसे संवेदनशील कार्यों में बाधा उत्पन्न करता है। जिया निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## वन राज्यमंत्री ने जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने अपने निवास स्थान 201 रघुमार्ग पर जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण करे निर्देश दिये। वन राज्यमंत्री शर्मा ने जनसुनवाई में आए विद्युत, पेयजल, सडक, पुलिस आदि की परिवेदनाएं लेकर आए फरियादियों की परिवेदनाओं को



संवेदनशीलता के साथ सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि फरियादियों की समस्याओं का निराकरण होने पर उन्हें सूचित कर उनके संतुष्टि स्तर में वृद्धि करें। उन्होंने निर्देश दिये कि आमजन को मूलभूत समस्याओं की प्राथमिकता से सुनवाई करें। इस कार्य में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने आमजन से केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का जागरूक रहकर लाभ उठाने एवं एक पेड मां के नाम अभियान व हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण करने का आह्वान किया।

## जिला कलक्टर के निर्देशन पर एडीएम प्रथम व शहर ने अंत्योदय शिविर का निरीक्षण कर लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर के निर्देशन पर अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम श्री मुकेश कायथवाल ने ग्राम पंचायत हाजीपुर, कस्बा डेहरा व चांदोली एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर श्रीमती बीना महावर ने नौगांवा की ग्राम पंचायत चीडवा में पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे के अंतर्गत लगाए जा रहे शिविरों का निरीक्षण कर



व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल्स का निरीक्षण कर शिविर में आमजन के जा रहे काम का फीडबैक लिया। उन्होंने लाभार्थियों एवं आमजन से बातचीत कर शिविर में लाभ प्राप्त करने की जानकारी ली। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिये कि शेष रहे कैम्पों में सभी व्यवस्थाएं पुख्ता रखे जिससे आमजन को इन कैम्पों का पूरा लाभ मिल सके। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि शिविर में अधिकाधिक लोगों की परिवेदनाओं पर आवश्यक कार्यवाही कर मौके पर लाभ दिया जावे।

## ताजिया जुलूस रात को ही निकला : रात 12 बजे तक कर्बला मैदान पहुंचेगा, रविवार को होगा सुपुर्द ए खाक

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** मुस्लिम समाज की ओर से मोहर्रम पर ताजिया जुलूस निकालने का कार्यक्रम अचानक बदला है। अब ताजिया जुलूस रविवार की बजाय शनिवार रात 10 बजे ही निकाला गया। जबकि पहले यह रविवार को दोपहर 1 बजे के बाद निकालना तय था। अगले दिन रविवार शाम करीब 7 बजे सुपुर्द ए खाक किया जाएगा।जिला एवं पंचायत प्रशासन तथा ताज़िया कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस बार भी मोहर्रम का कार्यक्रम श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। शनिवार रात 10 बजे से शहर के विभिन्न मार्गों से ताज़िया जुलूस निकलेगा, वहीं रविवार, 6 जुलाई को शाम 7 बजे कर्बला मैदान में ताज़ियों को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। शनिवार रात 9 बजे नंगली मोहल्ले से छोटा ताजिया उठेगा। उसके बाद साढ़े नौ बजे मेव बोर्डिंग से बड़ा ताजिया उठेगा। रात करीब 10 बजे भगत सिंह सर्किल पर दोनों का मिलान होगा।

# अष्टान्हिका पर्व के अवसर पर अभिनव सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर के जैन मंदिर मुंशी बाजार में परम पूज्य अभीक्षण ज्ञानोपयोगी राष्ट्र हितैषी संत आचार्य 108 श्री वसुनंदी जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य णमोकार उपासक उपाध्याय 108 श्री विज्ञानंद (जिनानन्द) जी एवं मुनि श्री पुण्यानंद जी और मुनि श्री धैर्यनंद जी महाराज के पावन सान्निध्य में अभिनव सिद्धचक्र विधान शनिवार की प्रारंभ हुआ।

वर्षा योग सह संयोजक संजय जैन बरवाला के अनुसार विधानाचार्य आलोक शास्त्री के सानिध्य में चल रहे अभिनव सिद्धचक्र महामंडल विधान में समाज के काफी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लिया। विधानाचार्य ने बताया कि



सिद्धचक्र महामंडल विधान से दिव्य शक्तियां होती हैं प्रकट यह विधान सभी विधान का राजा है, इसमें सभी विधान शामिल हैं। यह एक ऐसा अनुष्ठान है जो हमारी जीवन के सभी पाप, ताप और संताप को नष्ट कर देता है। सिद्ध शब्द का अर्थ है कृत्य-कृत्य, चक्र का अर्थ समूह और मंडल का अर्थ एक प्रकार के वृत्ताकार यंत्र से है। जिसमें कई प्रकार के मंत्र व बीजाक्षरों की स्थापना की जाती है। मंत्र शास्त्र के अनुसार इसमें अनेक प्रकार की दिव्य शक्तियां प्रकट हो जाती है। सिद्ध चक्र मंडल विधान सभी सिद्ध समूह की आराधना मंडल की साक्षी में की जाती है, जो हमारे सभी मनोरथों को पूरा करता है। मैना सुंदरी ने अपने कोड़ी पति को कामदेव जैसा सुंदर बना दिया। पुराणों के अनुसार मैना सुंदरी ने इसी सिद्धचक्र महामंडल विधान के आयोजन से अपने कोड़ी पति श्रीपाल को कामदेव जैसा सुंदर बना दिया था। श्री चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर के अध्यक्ष राजेंद्र जैन द्वारा बताया गया विधानाचार्य आलोक शास्त्री बड़ा मल्हारा के कुशल दिशा निर्देशन में अष्टान्हिका महापर्व पर श्री सिद्धचक्र महामण्डल का चार दिवसीय अनुष्ठान प्रारम्भ हुआ। और संगीतकार प्रीती जैन जबलपुर ने भजनों की प्रस्तुति दी।

## महिलाओं ने गाएं मंगल गीत, माता जानकी की मुंह दिखाई की रस्म अदा की

बढ़ता राजस्थान

राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)। कस्बे के चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर पर आषाढ़ शुक्ल दशमी तिथि को माता जानकी की मुंह दिखाई की रस्म महंत परिवार के द्वारा अदा की गई। शास्त्री ने बताया कि यह परंपरा एक अनोखी परंपरा है। जहां महाप्रभु भगवान श्री जगन्नाथ और माता जानकी की विवाह की रस्म अदा की जाती है।आषाढ़ शुक्ल षष्ठी तिथि को भगवान जगन्नाथ का माता जानकी के साथ पाणिग्रहण संस्कार होता है। श्रद्धालुओं के द्वारा माता जानकी को कन्यादान अर्पण किया जाता है। मंगल गीतों के द्वारा माता जानकी और भगवान जगन्नाथ को रिझाया जाता है। आषाढ़ शुक्ला दोज को महाप्रभु की पावन पवित्र रथ यात्रा होती है रथ यात्रा के समापन होने पर जब भगवान जगन्नाथ के साथ माता जानकी पुनः श्री मंदिर पहुंचती है तो माता के अपने ससुराल आने पर मुंह दिखाई की रस्म निभाई निभाई जाती है और भक्त



महिलाओं के द्वारा श्रद्धालु गणों के द्वारा माता जानकी की पूजा अर्चना की जाती है उन्हें भेंट अर्पण की जाती है तथा उन्हें चावल बुरे का भोग लगाया जाता है। माता जानकी की मुंह दिखाई की रस्म होने से पहले मंदिर महंत मदन मोहन शास्त्री के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण से माता जानकी का पूजन किया गया। पूजन करने के उपरांत जानकी मैया को चावल बुरे का भोग लगाया गया व प्रसाद सभी भक्तों में वितरित किया गया। श्रद्धालु महिलाओं के द्वारा मंगल गीत गाकर के माता को मंत्रमुग्ध किया। पूरा मंदिर जय जानकी मैया जय जगदीश हरे से गुंजायमान हो गया। घंटे घड़ियालों की मधुर ध्वनि से जय माता जानकी की मुंह दिखाई की रस्म अदा की गई। इस मौके पर मंदिर महंत पूर्ण दास, एडवोकेट पंडित मदन मोहन शास्त्री, पंडित रोहित शर्मा, गायत्री देवी, विमला मामोडिया, मीनू खुटेटा, गायत्री शर्मा, गायत्री गुप्ता, गुड्डी गुप्ता, संजू गोयल, ललित गोयल, चंदा शर्मा, इंदिरा देवी शर्मा, संजू गोयल, पुष्पा महावर, रेखा गुप्ता, मेला कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद तिवारी एडवोकेट,कन्हैया लाल लखेरा, हरिओम गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## प्रवेशोत्सव अभियान के तहत विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** उपखंड के समीपवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ककराली रामपुरा में शनिवार को विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य नंदलाल सैनी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच सुगनचंद शर्मा रहे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मल्लाना बांध जल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएमसी सदस्य सचिन कुमार वशिष्ठ, विधायक प्रतिनिधि लालसिंह मीना, एसडीएमसी सदस्य भैरूलाल मीना, संजय शर्मा, रेखा शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य नंदलाल सैनी ने की। उन्होंने बताया कि विद्यालय के कक्षा बारहवीं की अंतिमा वशिष्ठ, चंचल मीना, श्यानू जांगिड़, रिया शर्मा, मनीषा बलाई तथा कक्षा दसवीं की गरिमा वशिष्ठ, करिश्मा मीना, मुखराम आसरावत, सुरेन्द्र गुर्जर व कक्षा आठवीं की किरण योगी व लेखनी कोली को माला पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के द्वारा प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के तहत पुरे गांव में रैली निकाली गई। इस मौके पर उमराव लाल सैनी, रामेश्वर योगी, बाबूलाल मीना, नवल-किशोर, सरोज मेहरा, ओमप्रकाश, कैलाशचंद सहित अभिभावक, शिक्षक व बच्चे उपस्थित रहे।

## नानी बाई का मायरा आज से, निकलेगी कलश यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** कस्बे के अवधूत आश्रम में आज से नानी बाई का मायरे का आयोजन होगा। इससे पूर्व आज गणेश पोल स्थित रिद्धि सिद्धि गणेश मंदिर से प्रातः 7 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा का शुभारंभ गणेश पोल से होगा जो कस्बे के मुख्य मार्गों से होती हुई अवधूत आश्रम पहुंचेगी। कथा वाचक स्वामी अमन भारती जी महाराज होंगे। नानी बाई का मायरे का आयोजन 6 जूलाई रविवार से 8 जूलाई मंगलवार तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक होगा। 9 जुलाई को प्रातः 11 बजे दुग्धाभिषेक, सायं 4 बजे प्रतिमा का नगर भ्रमण, सायं 7 बजे श्री टाट बाबाजी समाधि अभिषेक तथा रात्रि 9 बजे से सत्संग का आयोजन होगा। 10 जूलाई गुरु पूर्णिमा पर को प्रातः 7.15 बजे प्रतिमा स्थापना, 9.15 बजे गुरू पूजन तथा 11.15 बजे से भंडारे का आयोजन होगा।

# केंद्रीय वन मंत्री एवं वन राज्यमंत्री ने हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की

### वर्षा ऋतु में अधिकाधिक पौधारोपण करने का किया आह्वान, पं. धर्मवीर शर्मा को दी जन्म दिन की शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव तथा पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने पुराना भूरासिद्ध हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुरू किए गए एक पेड मां के नाम अभियान जन-जन का अभियान बन गया है जिसमें सभी देशवासी पौधोरोपण कर प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट कर रहे हैं। उन्होंने आमजन से



आह्वान करते हुए कहा कि वर्षाऋतु का समय चल रहा है और यह समय पौधे लगाने का सबसे उपयुक्त समय है। अतः प्रकृति के प्रति अपने नैतिक दायित्व का निर्वहन करते हुए

**पं. धर्मवीर शर्मा को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं**

केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव तथा वन राज्यमंत्री श्री संजय शर्मा ने पूर्व जिला अध्यक्ष एवं नेता पं. धर्मवीर शर्मा के जन्मदिवस पर पुराना भूरासिद्ध मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जन्मदिन व अन्य कार्यक्रमों के अवसर पर धार्मिक आयोजन कराने से मन की शांति के साथ-साथ सद्विचारों को बढावा मिलता है। इस दौरान उन्होंने हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय श्रद्धालु शामिल मौजूद रहे। इस दौरान रामगढ़ विधायक श्री सुखवंत सिंह, पूर्व विधायक श्री रामहेत यादव, जिलाध्यक्ष श्री अशोक गुप्ता, पूर्व महापौर श्री घनश्याम गुर्जर,श्री बन्नाराम मीणा, श्री जितेंद्र शर्मा, श्री ऋषिराज शर्मा,श्री जितेंद्र गोयल सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्तिमौजूद रहें।

# दिवगंत इंजन पार्ट्स व्यवसायी का करवाया नेत्रदान

## कस्बे में बढ़ी नैत्रदान के प्रति जागरूकता,अब तक 11 जनो ने किया नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( ( टी.आर सैनी ) ।** कस्बे के मालदेव चैक निवासी आशीष,विनय,अजय,विजय जैन के पिताजी वीरेंद्र कुमार जैन (इंजन पार्ट्स व्यवसायी) का शुक्रवार देर रात्रि को आकस्मिक निधन हो गया। नेत्रदान लेने के लिए 24 घंटे कार्यरत संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन से संपर्क किया गया। संस्था के नर्सिंग स्टॉफ नैनवां पहुँचे। टीम ने नेत्रदान लिया गया। टीम के लोगो ने बताया कि नैनवां के प्रथम दो नेत्रदान इसी परिवार से वीरेंद्र के चचेरे भाई पदम कुमार जैन (वर्ष 2020) में किया गया था। दूसरा नेत्रदान मामा रतन लाल बांसी (वर्ष 2022) द्वारा किया गया था। चारों बेटों ने अपनी माँ मंजू देवी से पिताजी के नेत्रदान की सहमति लेने के उपरांत,संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन के ज्योति मित्र महावीर जैन को देर रात संपर्क किया। परिवार की सहमति को जानकर महावीर जैन के मार्गदर्शन पर कोटा से ईबीएसआर बीबीजे चैप्टर के डॉ कुलवंत गौड़,टैक्सी करके कोटा से रात एक बजे नैनवा आ पहुंचे। परिवार के सभी सदस्यों की मौजूदगी में नेत्रदान की प्रक्रिया को पूरा किया। डॉ गौड़ ने बताया कि,नैनवां क्षेत्र में अभी तक 11 नेत्रदान हो चुके हैं।

# अभिभाषक का धरना प्रदर्शन जारी:एसडीएम को हटाने एंव उनके निर्णय की न्यायिक जॉच की मांग



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( ( टी.आर सैनी ) ।** नैनवां अभिभाषक परिषद एंव उपखण्ड अधिकारी के बीच गतिरोध को लेकर अभिभाषक परिषद के एडवोकेट्स आन्दोलनरत है। मीडिया प्रभारी विमल कुमार साहू एडवोकेट ने बताया कि शनिवार को भी अभिभाषक परिषद की ओर से धरना प्रदर्शन जारी रहा। उपखंड अधिकारी को हटाने एवं उनके निर्णय की न्यायिक जांच की मांग को लेकर अभिभाषक परिषद नैनवा द्वारा क्रमिक धरना दिया जा रहा है। शनिवार कों सभी अधिवक्ता गण अभिभाषक कार्यालय से उपखंड अधिकारी के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए धरना स्थल पर पहुंचे। धरने में रामबाबू शर्मा, राजेंद्र सिंह नरूका, राजेश कुमार ठाकौर, रमेश कुमार सिंधव, विमल कुमार साहू बेठे। सोमवार को धरने पर श्रवण कुमार मीणा, रामविलास साहू, महावीर प्रसाद कारपेंटर, रमेश कुमार कहार, शांतिलाल मीणा बैठेंगे।

# डीएपी ओर यूरिया खाद की किल्लत दूर करे सरकार।-मनोज दुबे

## भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा का सड़को पर प्रदेश मे सरकार का विरोध की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर किसानो को खरीफ की फसलों की बुआई के लिए सहकारी समितियों मे पर्याप्त मात्रा मे डीएपी ओर यूरिया खाद उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। मनोज दुबे ने कहा की किसानो को खरीफ की फसलों की बुआई के लिए डीएपी खाद व यूरिया की आवश्यकता है। लेकिन किसान डीएपी व यूरिया की किल्लत से परेशान है।खरीफ फसलों के लिए किसानों की मांग के अनुरूप डीएपी खाद व यूरिया पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध हो।खरीफ की बुवाई के लिए किसान डीएपी खाद की किल्लत से जूझ रहे है।किसान सहकारी समितियों के चक्कर लगा रहे है। दुबे ने कहा की किसानों की जरुरत, मांग और वक्त की जानकारी के बाद भी सरकार जानबूझकर खाद की किल्लत पैदा कर रही है।डीएपी खाद व यूरिया की किल्लत होने से किसान बाज़ार में महंगे दाम पर डीएपी खाद खरीदने को मजबूर है।सरकार की लापरवाही से किसानों को डीएपी खाद व यूरिया की भारी किल्लत हो रही है।जिसका लाभ उठाकर निजी व्यापारी डीएपी खाद के मनमाने दाम वसूल रहे है।मनोज दुबे ने आंदोलन की चेतावनी देते हुए कहा की डीएपी ओर यूरिया खाद की किल्लत दूर नही हुई व कालाबाजारी बंद नही हुई तो भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा सड़को पर उतर कर पूरे प्रदेश मे सरकार का पुरजोर विरोध करेगीं।

# यादव समाज भवन में वाटर कूलर का लोकार्पण

## भजनलाल सरकार आधारभूत सुविधाएं मुहैया करवाने को प्रतिबद्ध - संदीप शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** विधायक संदीप शर्मा ने कहा है प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार प्रदेशवासियों को आधारभूत सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए प्रतिबद्ध है और अब तक पेश हुए बजटों में भी इसे प्राथमिकता पर रखा गया है, इसी प्रकार विभिन्न समाजों के भवनों में जन सुविधाओं के लिए तत्परता से काम किया जा रहा है। विधायक शर्मा शनिवार को केशवपुरा स्थित यादव समाज भवन में विधायक कोष से स्वीकृत वाटर कूलर का लोकार्पण कर रहे थे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समाज भवन केवल इमारत नहीं है बल्कि यह स्थान है समस्त समाजबंधुओं के संगम का, यह स्थान है ऊंच नीच का फर्क मिटाकर एकसाथ बैठने का, यह स्थान है जहां समाज के विकास की भावी दिशा तय होती है। लोकार्पण कार्यक्रम में यादव समाज अध्यक्ष हुकमचंद यादव, राधेश्याम यादव, मोहन लाल, माधोलाल लाल, बनवारी लाल, केशवपुरा मंडल अध्यक्ष दीनू बंजारा, मंडल मंत्री पार्थिक अरोड़ा, विनोद सेन, राहुल यादव, पूर्व पार्षद विनोद नायक आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




# ऊर्जा मंत्री ने सिमलिया मे भाजपा कार्यकर्ताओं से किया संवाद

बढ़ता राजस्थान

**सिमलिया/कोटा ( विनोद गौड़ )।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शनिवार को सिमलिया और दीगोद भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं से कौशलम फार्म हाउस पर संवाद किया। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के दौरे की तैयारियों की जानकारी ली। वहीं सुपोषित मां अभियान तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा शिविरों के बारे में भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सदैव यह आग्रह रहता है कि जच्चा और बच्चा सुपोषित होने से हमारे आने वाली पीढ़ी स्वस्थ पैदा होगी। ऐसे में सुपोषित मां अभियान हमारा महत्वाकांक्षी



प्रोजेक्ट है। उन्होंने कहा कि लोकसभा स्पीकर श्री बिरला और सीएम श्री भजनलाल जी के द्वारा सांगोद विधानसभा क्षेत्र में कई बड़े प्रोजेक्ट दिए गए हैं। जिससे आज पूरे क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है। अंत्योदय शिविरों को सफल बनाने में हर कार्यकर्त्ता को जुटना होगा। इन शिविरों के लाभार्थियों की सूची बनाकर उनसे सतत संवाद बनाए रखें।

मंत्री नागर ने कहा कि सिमलिया में बरसाती पानी भर जाता है। इसका सर्वे करा लिया गया है और उसके स्वीकृति भी जारी हो गई है। जरूरत पड़ी तो वितरण चैनल बनाकर के सिमलिया को जल भराव से मुक्ति दिलाने का काम करेंगे। मंत्री श्री नागर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास की योजनाओं के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। डबल इंजन सरकार की विकास योजनाएं गांव पहुंच रही हैं। खेतों तक आवागमन के रास्ते हों, इसके लिए भी सरकार योजना बना रही है।

ऊर्जा मंत्री का कनवास में कार्यकर्ताओं से संवाद आज

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर रविवार को प्रातः 11 बजे दूधियाखेड़ी माताजी मंदिर प्रांगण में भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। इस दौरान देवली और कनवास भाजपा मंडल के कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, बूथ अध्यक्ष, मंडल प्रभारी समेत विभिन्न भाजपा परिवार के लोग उपस्थित रहेंगे।

मंडल अध्यक्ष सत्यवान नागर तथा विजयशंकर सैनी ने बताया कि बैठक के दौरान सुपोषित मां अभियान, सीएम श्री भजनलाल और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के दौरे और पंडित दीनदयाल अंत्योदय पखवाड़ा शिविरों की समीक्षा की जाएगी।

# सिध्द चक्र पूजा से प्राप्त फल को नाटिका के तौर पर दिखाया

## सिद्ध चक्र मंडल विधान में 128 श्रीफल चढ़ाकर भगवान की पूजन अर्चना की गई

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( ( टी.आर सैनी ) ।** शांति वीर धर्म स्थल पर एक शुक्रवार रात्रि को नाटिका का आयोजन किया गया। जिसमें टीकमगढ़ मध्य प्रदेश कलाकारों द्वारा मनभावक नाटक प्रस्तुत की गई। नाटक में दिखाया गया कि जूनागढ़ ग्राम में एक पति पत्नी रहते थे। उनके एकलौता पुत्र था। पति भगवान की पूजा अर्चना में सदैव लगा रहता था ।पत्नी विपरीत विचारों की थी । एक रोज पुत्र को सांप ने डस लिया डॉक्टर ने जांच कर बतलाया की पूरे शरीर में जहर चला गया। जिससे पुत्र की मृत्यु होना बताया। पत्नी पुत्र को उठाकर पति के पास जीनालय लेकर पहुँची और मृत पुत्र को बाहर जाकर डाल दिया। उस समय उसके पति सिद्ध चक्र



मंडल विधान में पूजन अर्चना कर रहे थे। उनका ध्यान समाप्त होने पर उन्होंने देखा कि पुत्र मृत अवस्था में है। सारे शरीर में साप का जहर घुल चुका है। उन्होंने प्रभु से प्रार्थना की भगवान आपके जिनालय पर पुत्र मृत्यु पड़ा हुआ है। आपकी पूजा का फल में चाहता हूं कि बच्चा ठीक हो । उसने पूजा के जल का मंत्र से यह बच्चे को छीटकने मात्र से पुत्र का जहर उतर गया और बच्चा ठीक हो गया। यह सिद्ध चक्र पूजा का नाटिका फल दिखाया । मौजूद लोगों ने भगवान के जयकारे लगाये ।

### कमाई करे लेकिन नीति पूर्वक-

जैन मुनि प्रज्ञानसागर महाराज ने धर्म सभा को बताया की वर्षा योग में मुनि सभी भक्तों को अपनी वाणी के द्वारा उद्बोधन देकर प्राणी मात्र का कल्याण होने वाला प्रसाद बांटते हैं। जिन्होंने इस प्रसाद को प्राप्त कर लिया वह मनुष्य संसार रूपी नाव से पार हो जाता है। जीव का पुण्य होने पर ही वह भगवान के दर्शन करने व संत पास पहुंचकर कुछ ना कुछ जरूर प्राप्त करता है।एक परिवार को चलाने वाला परिवार का मुखिया होता है। वह मुखिया नीति पूर्वक सत्कर्म करें या अशुभ कर्म करें व्यापार करें नौकरी करके धन कमाता है उससे उसका पूरा परिवार चलता है।

# केडीए आयुक्त हरफूल सिंह यादव ने संभाला का कार्यभार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( दामोदर सिंह ) ।** कोटा विकास प्राधिकरण के आयुक्त पद पर आज हरफूल सिंह यादव ने कार्यभार ग्रहण किया। केडीए आयुक्त इसके बाद उच्च अधिकारियों की बैठक ली जिसमें सचिव, उपायुक्त, निदेशक वित्त, निदेशक अभियान्त्रिकी, निदेशक आयोजना एवं विधि अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने प्राधिकरण की वित्तीय स्थिति, नई योजनाओं, निर्माण कार्यों की प्रगति, वाटर लॉगिंग एरिया आदि पर चर्चा की। केडीए आयुक्त ने प्राधिकरण की देवनारायण आवासीय योजना, रानपुर अफोर्डेबल हाउसिंग योजना के आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने आवासीय योजनाओं के कार्य गुणवत्तापूर्वक कराने एवं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने अनन्तपुरा नाले का निरीक्षण किया जिसमें भू-स्वामित्व की जानकारी के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों के पेच रिपेयर एवं डिवाइडर, प्लांटेशन और हरियालो राजस्थान के तहत पौधारोपण कार्य शीघ्र करने के निर्देश दिए।



# हरित ऊर्जा की ओर एक नई पहल: कोटा में हरित भारत एक्सपो 2025 का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( दामोदर सिंह ) ।** पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में कोटा एक नया अध्याय जोड़ने जा रहा है। आगामी 25 से 27 जुलाई तक कोटा में 'हरित भारत एक्सपो 2025' का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस तीन दिवसीय मेगा इवेंट का उद्देश्य हरित ऊर्जा, स्वच्छ तकनीक, और नवाचार को बढ़ावा देना है। इस त्रिदिवसीय सत्र का उद्घाटन उर्जा मंत्री हीरालाल नागर करेंगे। आयोजन पर उर्जा मंत्री ने शुभकानाएं पत्र देते हुए कहा कि यह एक्सपो भारत को ऊर्जा आत्मनिर्भरता और सतत विकास की ओर ले जाने में एक प्रभावशाली भूमिका निभाएगा। उन्होंने इसे नवाचार, उद्यमशीलता और युवाओं को हरित ऊर्जा में रोजगार के नए अवसर प्रदान करने वाली पहल बताया। उर्जा मंत्री से शिष्टाचार भेंट में समिति के अरविंद सिंधावा, जितेंद्र गोयल,अमित परनामी, दीपक अरोरा सहित कई प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस आयोजन में लघु उद्योग भारती, सोलर संगठन भारत, हाड़ौती सोलर एंड पावर एसोसिएशन, तथा दीएसएसआई एसोसिएशन प्रमुख भूमिका निभा रही हैं।



# कोटा ट्रेवल मार्ट के आयोजन के लिए उच्च स्तरीय व्यवस्थाओं हेतु कोटा बेहतरीन स्थल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( दामोदर सिंह ) ।** ट्रेवल मार्ट की घोषणा के साथ ही जयपुर से आए होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान की टीम के साथ कोटा संभाग के पदाधिकारीयों, पर्यटन विभाग के अधिकारियों, इवेंट कंपनियों के प्रतिनिधियों ने आज कोटा में ट्रेवल मार्ट के आयोजन के लेकर शहर के विभिन्न स्थलों का अवलोकन किया । होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान कोटा डिवीजन के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी महासचिव संदीप पाडिया ने बताया कि आयोजन स्थल के अलावा बाहर से आने वाले टूर ऑपरेटर्स, पर्यटन से जुड़े लोगों, डेस्टिनेशन वेडिंग से जुड़ी कंपनियां, होटल फेडरेशन आफ राजस्थान के सभी संभाग इकाइयों के प्रतिनिधियों, के लिए ठहरने वाहन भोजन की व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से



चर्चा हुई । होटल फेडरेशन आफ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान संरक्षक सुरेंद्र सिंह शाहपुरा वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने कहा कि कोटा ट्रेवल मार्ट से पूर्व हमें शहर में व्याप्त खामियों को दूर करने का प्रशासन की मदद से प्रयास करना होगा पर्यटन स्थलों को खूबसूरत बनाने, शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए भी हमें प्रयास करने होंगे उन्होंने कहा कि ट्रेवल मार्ट में आने वाले सभी ट्यूर ऑपरेटर्स को आने जाने ट्रैवलिंग भोजन और हाड़ौती के पर्यटन स्थलों के भ्रमण की सभी जिम्मेदारी आयोजको द्वारा ही वहन की जाती है इसके पश्चात आयोजित एक बैठक में ट्रेवल मार्च से पूर्व यहां के पयर्टन स्थलो की रिले बनाने फिल्में बनाने के लिए युटयुबर्स को बुलाकर सोशल मीडिया के माध्यम से हाड़ौती के कोटा बूंदी बारां झालावाड़ के पर्यटन स्थलों का प्रचार प्रसार हमें अभी से शुरू करना होगा उन्होंने बताया कि यह बहुत बड़ा आयोजन है जिसके लिए हमारे द्वारा पर्यटन विभाग भारत सरकार का भी सहयोग लिया जाएगा साथ ही पर्यटन विभाग राजस्थान सरकार के साथ बैठक कर आयोजन के सभी कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया जाएगा ।

# प्रभुलाल चोल शिक्षक प्रकोष्ठ कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी/कोटा( प्रमोद राठौर )।** शिक्षक प्रकोष्ठ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा रामगंजमंडी ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में प्रभुलाल चोल को नियुक्त किया इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारीगण ने ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह गोयंदा के नेतृत्व में शिक्षक प्रकोष्ठ कांग्रेस के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष प्रभुलाल चोल का माल्यार्पण कर स्वागत किया मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया।

स्वागत करने वालो में अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव जसविंदर सिंह विक्की,ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह



गोयंदा,ब्लॉक उपाध्यक्ष अशोक मेघवाल,राजेंद्र धानिया ब्लॉक महासचिव संघटन कमल गुर्जर महासचिव नारायण मेघवाल कानूनगो,खैराबाद मंडल अध्यक्ष जसवंत मीणा,ब्लॉक प्रवक्ता नरेश मीणा ,सोशल मीडिया प्रभारी राहुल सरसिया ,सुरेश माली ,मुश्ताक भाई , लखारिया पंचायत अध्यक्ष मोहन मेर,ब्लॉक सचिव धनराज यादव ,कमलेश नामदेव,कमल नामदेव, उजेश गुर्जर ,आशिक भाई ,कुशल सिंह उपस्थित रहे ।

इस अवसर पर शिक्षक प्रकोष्ठ कांग्रेस के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष प्रभुलाल चोल ने कहा इस संघटन का उद्देश्य शिक्षकों एवं शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले सभी कांग्रेस विचारधारा के लोगों को एकजुट करके शिक्षा के क्षेत्र में उत्तरोत्तर आ रही परेशानियों को दूर करते हुए उन्हें दूर करवा कर सभी को लाभ पहुंचाने का रहेगा।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह गोयंदा ने कहा प्रभुलाल चोल की पहचान क्षेत्र में एक ईमानदार, और अनुशासन प्रिय शिक्षक के रहिए अब यह कांग्रेस पार्टी के संगठन से जुड़कर और अधिक शिक्षा के क्षेत्र में उपयोगी कार्य कर सकेंगे ।

# कोटा में उमड़ा श्रद्धा का महासागर, आचार्य धीरेंद्र शास्त्री का वीडियो संदेश बना आशीर्वाद का पर्व

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( दामोदर सिंह ) ।** बागेश्वर धाम सरकार शिष्य मंडल कोटा द्वारा बागेश्वर धाम के प्रमुख आचार्य धीरेंद्र शास्त्री जी का जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। जहां आस्था का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। बोरखेड़ा स्थित कंचन धाम रिज़ॉर्ट में आयोजित विशाल आम भंडारे में श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ पड़ा। शिष्य मंडल कोटा के अध्यक्ष अनुज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि चार दिवसीय जन्मोत्सव के अंतर्गत आयोजित इस भंडारे में लगभग 30,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। भंडारा शाम 5 बजे से प्रारंभ होकर देर रात 12 बजे तक चला, जिसमें व्यवस्था को अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया गया।इस पावन अवसर पर बागेश्वर धाम प्रमुख आचार्य धीरेंद्र शास्त्री जी ने छतरपुर, मध्य प्रदेश से बागेश्वर धाम सरकार पेज से लाइव कनेक्ट करके सभी कोटा वासियों को आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कोटा में जन्मोत्सव के भव्य आयोजन की सराहना करते हुए सभी भक्तों को शुभकामनाएं दीं। हालांकि तकनीकी कारणों से उनका निर्धारित, — छतरपुर में जन्मोत्सव के अवसर पर लाखों की भीड़ उमड़ने से नेटवर्क बाधित हो गया।



# चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रीमियर लीग वूमेन में ऑपरेशन पॉलो की टीम रही विजेता

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** कोटा सीए ब्रांच की ओर से मनाए जा रहे सीए वीक-2025 के अंतर्गत कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को सीए महिला सदस्यों के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रीमियर लीग (सीएपीएल) का आयोजन बूंदी रोड स्थित एक निजी टर्फ ग्राउंड में किया गया।

कोटा सीए ब्रांच के चेयरमैन सीए दीपक सिंघल ने बताया कि चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रीमियर लीग (वूमेन) के लिए कुल तीन क्रिकेट टीमों का गठन किया गया, जिसमें भारतीय सेना द्वारा हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ अंजाम दिए गए



ऑपरेशन सिंदूर के शौर्य के सम्मान के लिए कोटा सीए ब्रांच की ओर से महिला सीए सदस्यों के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया, जिसमें ऑपरेशन पॉलो, ऑपरेशन स्माइलिंग बुद्धा व ऑपरेशन सिंदू क्रिकेट टीमों का गठन किया गया। इन टीमों के बीच 2-2 लीग क्रिकेट मैच खेले गए, जिसमें ऑपरेशन पॉलो व ऑपरेशन सिंदू की टीमें फाइनल मुकाबले में पहुंची। फाइनल मुकाबला ऑपरेशन पॉलो व ऑपरेशन सिंदू की टीमों के मध्य 3-3 ओवरों का खेला गया, जिसमें ऑपरेशन पॉलो ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 21 रन बनाए। इसके जबाव में ऑपरेशन सिंदू की टीम मात्र 16 रन ही बना सकी और ऑपरेशन पॉलो की टीम ने यह खिताब अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता में प्लेयर ऑफ दा मैच व प्लेयर ऑफ दा टूर्नामेंट का खिताब ऑपरेशन पॉलो की खिलाड़ी सीए प्रियंका पोरवाल को दिया गया। इस मौके पर सीए वीक 2025 कार्यक्रम समन्वयक सीए धर्मचंद मित्तल, सीए शशांक गर्ग, सीए प्रकाश चौधरी व सीए रोहित पाटौदी समेत दर्जनों सीए मेंबर्स व सीए स्टूडेंट्स के साथ तीनों टीमों की ओनर सीए मंजू जैन, सीए चंद्रकांता एम मेहता व सीए नीतू खंडेलवाल एवं प्रतियोगिता की कोऑर्डिनेटर भी उपस्थित थी।

## क्षेत्र में जनता की 5 मांग मुख्यमंत्री जी करेंगे पूरी ऐसी आशा:शेखावत

### विधायक के भाषण के दौरान में मुख्यमंत्री शर्मा काफ़ी प्रसन्न नजर आए

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा में आए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की स्थानीय विधायक देवीसिंह शेखावत ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार ने पूर्व में भी बानसूर विधानसभा क्षेत्र को अच्छा बजट दिया है उसके लिए हम सब उनका धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। वहीं शेखावत ने ईआरसीपी योजनान्तर्गत बानसूर के आमजन को मिले शीघ्र लाभ। विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि बानसूर के विकास में मुख्यमंत्री जी ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। अब आमजन की इच्छा है कि बानसूर में नर्सिंग कॉलेज खुले,रामपुर ग्राम पंचायत से नगर पालिका बने, हरसौरा में उप तहसील से तहसील खुले, नारायणपुर में न्यायिक मजिस्ट्रेट कार्यालय खुले तथा बानसूर में सिवरेज लाईन बने जिससे पानी की निकासी हो सके। शेखावत ने मुख्यमंत्री को यह नहीं बताया कि पानी निकासी के बहाव क्षेत्र में भू-मांफीया ने प्लाट काट दिए हैं!और भयंकर वर्षान्त होने पर बानसूर सहित क्षेत्र के कस्बों सहित अनेक गाँव पानी में डूब सकते हैं!इसलिए पानी निकासी के लिए सीवरेज लाईन होना बहुत जरुरी है!फिर भी विधायक के भाषण के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा काफ़ी प्रसन्न नजर आ रहे!उन्होंने इसकी चर्चा अपने पास बैठे विधायक जसवंत यादव व बॉडीगार्ड से भी की!उसके बाद विधायक देवीसिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को उद्बोधन के लिए आमंत्रित करते हुए विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों के हितों के लिए उक्त मांगें रखी।

## कुंभलगढ़ में ताजिए को लेकर चल रहा विवाद खत्म, बैठक में दोनों पक्षों के बीच बनी सहमति



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** कुंभलगढ़ में ताजिए को लेकर चल रहा धरना प्रदर्शन खत्म हो गया। बैठक में दोनों तय किया गया कि आगे की सभी गतिविधियां और धार्मिक आयोजन प्रशासन के दिशा-निर्देशों से होंगे।राजसमंद जिले के कुंभलगढ़ में पिछले तीन दिन से मुहर्रम (ताजिए) को लेकर चल रहे विवाद पर आज दोनों पक्षों के बीच सहमति बन गई। इसके साथ ही हिंदू संगठनों द्वारा प्रस्तावित प्रदर्शन भी स्थगित कर दिया गया।दरअसल, शनिवार सुबह कुंभलगढ़ उपखंड कार्यालय में एडीएम नरेश बुनकर, एएसपी महेन्द्र पारीक, पुलिस प्रशासन, स्थानीय विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़, हिंदू संगठनों के पदाधिकारी और व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के बीच सफल वार्ता हुई। जिसमें तय हुआ कि भविष्य में सभी धार्मिक आयोजन प्रशासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार होंगे। मुहर्रम के जुलूस मार्ग में भी बदलाव किया गया है। बैठक में सहमति बनने के बाद बाजार भी खुल गए।इस बैठक के दौरान एडीएम नरेश बुनकर, एसडीएम आकांक्षा दुबे, तहसीलदार बाबूलाल नारनौलिया, एडिशनल एसपी महेंद्र पारीक, रजत विश्नोई, डीएसपी ज्ञानेंद्र सिंह, थानाधिकारी विशाल गवारिया सहित हिंदू संघर्ष समिति व व्यापार मंडल के पदाधिकारी- रजनीश शर्मा, प्रेमसुख शर्मा, महिपाल सिंह, बबर सिंह, किशन पालीवाल, रणजीत सिंह, दयाल गोस्वामी, हिरालाल रजक और नारायण बायती उपस्थित रहे।

## शेरसिंह हत्याकांड के मुख्य आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा: पत्नी के आरोपी से अवैध संबंधों के चलते हुई थी हत्या

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** शेरसिंह हत्याकांड के मुख्य आरोपी रामसिंह की पुलिस कस्टडी पूरी होने पर रामसिंह को आज अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। जहां न्यायाधीश ने आरोपी को 15 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश दिए।



कांकरोली पुलिस थाना इंचार्ज हंसाराम के अनुसार शेरसिंह हत्याकांड के तीन आरोपी पहले से न्यायिक हिरासत में चल रहे हैं। जिसमें शेरसिंह की पत्नी प्रमोद कुंवर भी शामिल है।गत 24 जून को कांकरोली थाना सर्कल में प्रतापपुरा पुलिया दिन दहाड़े बाइक सवार युवक की निर्मम तरीके से हत्या कर दी थी। युवक की बाइक को पहले कार से टक्कर मारी फिर आरोपी ने कूट से हाथ, सिर व गर्दन पर वॉर किए थे जिसमें गर्दन भी कट गई थी। मृतक की पहचान खाखरमाला निवासी शेरसिंह के रूप में हुई। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया व बाद में माउंट आबू से मुख्य आरोपी रामसिंह को गिरफ्तार किया। रामसिंह की गिरफ्तारी के बाद इस घटना में नया मोड आया जिसमें शेरसिंह की हत्या के षड्यंत्र में उसकी पत्नी प्रमोद कुंवर भी शामिल थी जिसके बाद उसकी पत्नी को भी गिरफ्तार किया। ये हत्या प्रेम प्रसंग के चलते हुई थी।

## बूंदी माता-पिता द्वारा 20 हजार में बेचे गए बाल श्रमिक को करवाया मुक्त , 12 वर्षीय बालक की मिली थी चाइल्डलाइन को सूचना

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** बूंदी में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने है, जहां मात्र 20 हजार के लिए माता-पिता ने अपने 11 12 वर्षीय बेटे को 10 महीने के लिए मजदूरी पर बेच दिया । यह बालक कार्य मूर्ति बनाने का कर रहा था , इस प्रकरण में बाल कल्याण समिति, चाइल्डलाइन द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए बालक को बाल श्रम से मुक्त करवाया गया । वही बंधवा मजदूरी करवाने वाले नियोक्ता के खिलाफ मामला दर्ज करा है , वहीं बंधवा अवमुक्त प्रमाण पत्र जारी कर 30 हजार रुपए उपखंड कार्यालय से आर्थिक सहायता की भी स्वीकृति कर बालक को दिलाई है।बाल कल्याण समिति अध्यक्ष सीमा पोद्दार की जानकारी में सामने आया था कि बालक राजसमंद जिले का रहने वाला है उसके माता-पिता ने एक कार्यक्रम के दौरान बालक नियोक्ता को 20 हजार में 10 माह के लिए बेच दे दिया । बालक बूंदी में सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक पीओपी की मूर्तियां बनाने का काम कर रहा था।

# ताजिया मोहर्रम जुलूस को लेकर पुलिस और प्रशासन का फ्लैग मार्च,रूट चार्ट और कर्बला मैदान का किया निरीक्षण

### झूलते बिजली तारो को दुरुस्त करने के निर्देश, तीन रास्तो से बसेड़ी रोड रोड कर्बला पहुचंगे 18 चौकियों के ताजिये

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। मोहर्रम की दसवीं तारीख को रविवार को बाड़ी शहर में ताजियों के जुलूस का आयोजन होगा। उक्त आयोजन को लेकर शनिवार को उपखंड प्रशासन,पुलिस और ताजिया मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारी के साथ बिजली विभाग की टीम ने जुलूस के रूट चार्ट का मौका निरीक्षण किया।

प्रशासन द्वारा पूरे रास्ते पर फ्लैग मार्च करते हुए बिजली के झूलते तारों को तुरंत ऊपर करने एवं लाइनों को मेंटेनेंस करने के साथ बसेड़ी रोड स्थित कर्बला मैदान पहुंचे साफ सफाई और कार्यक्रम की जानकारी ली। वर्षसँ ने ताजिया मोहर्रम कमेटी को निर्देश दिए कि ताजियों को जितने भी रास्तों से लाया जाए,सभी



जगह शांतिपूर्ण और सद्भाव के साथ जुलूस का आयोजन हो और भीड़ को नियंत्रित रखा जाए।

फ्लैग मार्च के दौरान बाड़ी तहसीलदार उत्तमचंद बंसल के साथ सर्किल अधिकारी सीओ महेंद्र कुमार,कोतवाली एसएचओ अमित शर्मा,डिस्कॉम के सहायक अभियंता आरडी मीना और बिजली विभाग की टीम के साथ अन्य अधिकारी और ताजिया मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष अकील कुरैशी,सचिव इसरार खान टेलर के साथ टाउन चौकी प्रभारी श्याम सुंदर शर्मा और पुलिस जाप्ता मौजूद रहा।

सर्किल अधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया की ताजिया का आयोजन तीन रास्तों से होगा। मोहर्रम कमेटी ने जो जानकारी दी है। उसके अनुसार बसेड़ी रोड स्थित कर्बला मैदान पर सभी ताजिए सुपुर्दे-खाक किये जाएंगे। शहर में 18 चौकिया पर ताजिए आज रात शनिवार को रखे जाएंगे।और कल रविवार को दिन में जुलूस के साथ यह कर्बला मैदान पहुंचेंगे। जिसको लेकर प्रत्येक चौकी पर पुलिस जाप्ता तैनात किया है। आरएसी और होमगार्ड के जवानों का भी सहयोग लिया जा रहा है। उपखंड के सदर थाना, वसई डांग थाना और सोने का गुर्जा के साथ कंचनपुर थाना पुलिस का अतिरिक्त जाप्ता भी लगाया है।

मोहर्रम कमेटी के सचिव इसरार खां ट्रेलर ने बताया आज रात 9 बजे से 12 बजे के बीच में सभी चौकियों पर ताजिए मुकाम लेंगे। कल दिन में एक बजे से शाम 6 बजे तक जुलूस का आयोजन होगा। शहर के तीन रास्तों से यह जुलूस बसेड़ी रोड स्थित कर्बला मैदान पहुचेगा। ताजियों को सुपुर्दे-खाक किए जाने के दौरान मोहर्रम कमेटी द्वारा एक आभार कार्यक्रम का भी आयोजन होगा।

## हाईवे पर हादसा,निजी बस ने गोवर्धन जा रही महिला पदयात्री को कुचला, मौके पर हुई मौत,

### सूचना पर पहुंची आगई थाना पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम, मृतका एमपी के सबलगढ़ चिनोनी निवासी, पति ने कराया सिकरवार राधिका बस के खिलाफ मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड से गुजर रहे हाईवे 11बी पर शनिवार की सुबह गड़रपुरा गांव के पास सड़क हादसा हो गया। एमपी के चिनोनी थाना सबलगढ़ गांव निवासी महिला मुन्नी देवी अपने गांव की अन्य महिलाओं और पुरुषों के साथ शुक्रवार को दिन में मुड़िया पूर्णिमा पर गोवर्धन पदयात्रा के लिए निकली थी। जो शनिवार सुबह सवेरे विशिंगिर बाबा के दर्शन करने के बाद हाईवे पर पहुची और गड़रपुरा गांव के पास सड़क किनारे थोड़ा आराम करने के लिए बैठ गई। इस दौरान जयपुर से धौलपुर की ओर जा रही निजी बस ने महिला मुन्नी देवी को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद ग्रामीणों की सूचना पर आंगई थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और अचेत हुई मुन्नी देवी को अपनी जीप से तुरंत बाड़ी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद साथ आये पदयात्रियों ने मृतका के परिजनों को सूचना दी। सूचना पर परिजनों के आने पर आंगई थाना पुलिस ने पंचनामे के बाद 45 वर्षीय मृतका मुन्नी देवी पत्नी गोपी जाटव निवासी चिनोनी थाना सबलगढ़ जिला मुरैना का पोस्टमार्टम कराया है। शव परिजनों को सौंप दिया है।

मृतिका मुन्नी देवी के साथ आए गांव के वकील सिंह और उसकी पत्नी कमलेश ने बताया की मुन्नी देवी उनके साथ ही थी। जो मंजन करने के लिए सड़क किनारे बैठी थी। इस दौरान तेग गति से आई निजी बस ने उनको कुचल दिया और मौके से फरार हो गई।

मृतका के पति गोपी जाटव ने आंगई थाना पुलिस को जो रिपोर्ट दी है। उसमें वीडियो कोच निजी बस जिसका नम्बर यूपी 83 बीटी 1737 राधिका सिकरवार ट्रेवल्स पर घटना का आरोप लगाया है। आंगई थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष का अपना घर में भर्ती मरीजों के बीच मनाया कांग्रेस ने जन्मदिन

### जिलाध्यक्ष समृद्धि दीक्षित ने केक काटकर खिलाया मरीजों को भोजन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जिला कांग्रेस सेवादल महिला की ओर से कांग्रेस सेवादल के ऊर्जावान प्रदेश अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत के जन्मदिवस की उपलक्ष में सेवादल के सभी कार्यकर्ताओं ने सेवादल की जिला अध्यक्ष समृद्धि दीक्षित के साथ शहर के अपना घर आश्रम में भर्ती मरीजों को भोजन कराकर व उनके साथ केक काटकर प्रदेश अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत का जन्मदिन मनाया।



इस अवसर पर धौलपुर सेवादल जिला प्रभारी रोशनी शिवहरे, महिला कांग्रेस सेवादल की जिला अध्यक्ष शबनम खान, सोनी खान, विनेश, सरस्वती, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा, वरिष्ठ कांग्रेसी राजकुमार भारद्वाज, पंचायत समिति सदस्य केशव मीणा, पार्षद हरिसिंह पहाड़िया, अनिल अरेला, राजाखेड़ा सेवादल विधानसभा अध्यक्ष कुमार सेन लोधा, एससी प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष भगवान सिंह जाटव, कोषाध्यक्ष मनीष मंगल, बनवारी लाल बघेल, युवा नेता अभिषेक यादव, महादेव मीणा, मंडल अध्यक्ष नईम खान, दाऊदयाल, राजकुमारी, वैजयंती जाटव, एवं अन्य कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत रावतभाटा में विद्यार्थियों को दिया गया जागरूकता संदेश, राजयोग का कराया अभ्यास

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** दिनांक 5 जुलाई 2025 को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ोलिया में स्कूल के विद्यार्थियों के लिए प्रजापिता ब्रम्हाकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय रावतभाटा से बीके लवीना बहन बीके प्रीति बहन एवं बीके दिव्य बहन ने अपने विचारों से नशे से होने वाले खानी तथा परिणामों के बारे में विद्यार्थियों को समझाया कि नशा हमें कैसे कमजोर बना रहा है। यह हमें अंदर से खोखला कर के अनेक प्रकार की बीमारियों को सौगात के रूप में हमें दे देता है। नशे की लत धीरे-धीरे शुरू होती है और कब हमें अपना आदि बना लेती है इसका पता भी नहीं चलता नशे



की लत से हम दिनों दिन अपनी सेहत को खो देते हैं। आर्थिक व सामाजिक स्तर पर भी हमारी इज्जत को बर्बाद करता है यह हमारे देश की विकास की राह में अवरोद्ध बना रहा है क्योंकि युवाओं की जवानी और स्वास्थ को खोखला करता जा रहा है। अत: अभी समय है कि अब हम जगे और स्वयं को व देश समाज को नशे से बचाएं जिससे हमारे देश की प्रगति देश के सहित अपने भी विकास के पथ पर अग्रसर हो और सभी सुखी बने और देश खुशहाल बने कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों को नशा ना करने तथा इसे दूर रहने के लिए शपथ दिलाई गई कार्यक्रम में रथ पर लगे द्यद्गस्र स्क्रीन द्वारा नशे के परिणाम को दिखाने वाली एक फिल्म दिखाए गए। फिर हमें अज्ञान नींद से जगाने का शो दिखाया जिसमें कुंभकरण अज्ञान नींद में सो रहा है ऐसे ही आज का मनुष्य भी नशे के दुष परिणामों को जानकर भी अज्ञानता वश नींद में सो रहा है। उनको जगाने के लिए कुंभकरण का शो दिखाया की इसी तरह सोते ही नहीं रहना है अब जागने का समय हो गया है।

उसके बाद में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भेसरोड में दिखाया गया। शाम को भी ष्द्बह्यद्ब कॉलोनी में भी इस नशा मुक्त अभियान का द्यद्गस्र शो दिखाया गया।बाद में सभी जगह राजयोग की विधि का अभ्यास कराया गया क्योंकि राजयोग के अभ्यास से ही बुराइयों से दूर रहना संभव है। इस प्रकार प्रथम दिन के कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## डांग के मुतावली गांव में प्राथमिक विद्यालय के भवन की पट्टियां टूटी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड की डांग क्षेत्र स्थित मुतावली गांव का प्राथमिक विद्यालय जर्जर अवस्था में है। बारिश के चलते स्कूल के भवन में बरामदे की पट्टियां अचानक से धराशाई होकर गिर गई है। जिसके चलते स्कूल प्रशासन परेशान है। बारिश के कारण खुले में भी बच्चों को पढ़ाने में परेशानी हो रही है। मामले की सूचना स्कूल प्रशासन द्वारा शिक्षा विभाग के साथ ग्रामीण सरपंच को दी गई है और समस्या के समाधान की मांग की है। प्राथमिक विद्यालय मुतावली के संस्था प्रधान राकेश मीणा ने बताया की स्कूल का यह वर्तमान भवन जर्जर हालत में है जो बहुत पुराना है। इसमें दो कमरे और बरामदा है। शुक्रवार



को सुबह इसके बरामदे की पट्टियां टूट कर नीचे गिर गई। उसे वक्त स्कूल नहीं खुला था। अगर वहां बच्चे बैठे होते तो कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था। विद्यालय भवन की बिल्डिंग कभी भी गिर सकती है।

स्कूल के टीचर सौरभ कुमार मीणा ने बताया कि विद्यालय का भवन जिस स्थान पर स्थित है। वहां जब चंबल में तेज बहाव होता है तो बाढ़ आ जाती है। विद्यालय भवन पूर्व में कई बार पानी में डूब चुका है। इसके चलते इसकी इमारत जर्जर हो गई है। स्कूल में 1 से 5 कक्षाओं में दर्जनों विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। ऐसे में नवीन भवन के निर्माण की जरूरत है। वर्तमान में बारिश के चलते बच्चों को खुले में भी पढ़ाने में परेशानी हो रही है। इसको लेकर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बाड़ी के साथ ग्राम पंचायत के सरपंच को सूचना और शिकायत दी है और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## शारीरिक शिक्षक महिला को हनी ट्रेप के मामले में किया गिरफ्तार

### परिवादी से अब तक ले चुकी 25लाख रूपये, बानसूर थाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही!महिला ने सोशियल मिडिया पर भी किया था एक वीडियो जारी

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** थाना पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए शिक्षा विभाग की शारीरिक शिक्षक को हनी ट्रेप के मामले में गिरफ्तार किया है। 23 जून 2025 को परिवादी ने बानसूर थाने में उपस्थित होकर आरोपी चेतना गुप्ता पत्नी मुकेश गुप्ता निवासी बानसूर हाल निवासी अपना घर शालीमार अलवर के खिलाफ झुंठे मुकदमे में फ़साने के नाम पर 25 लाख रुपये ऐंठने का अभियोग संख्या 200/2025 दर्ज करवाया है। जिसमें जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत के




निर्देशन में 5 जुलाई 2025 को कार्यवाही करते हुए आरोपी चेतना गुप्ता को बाद अनुसन्धान गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में दाखिला करवाया गया है। टीम का गठन जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला कोटपूतली बहरोड़ व बानसूर वृतांधिकारी के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी सुरेन्द्र मलिक ने हनी ट्रेप के मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपी चेतना गुप्ता को गिरफ्तार किया है। गठित टीम में सुरेन्द्र मलिक थानाधिकारी बानसूर, महिला कांस्टेबल नरेश, सोना व पुरुष कांस्टेबल रविन्द्र सिंह शामिल रहे।

# शहर में घायल पशुओं के उपचार और शेल्टर की नहीं कोई व्यवस्था

### धौलपुर रोड़ पर कुत्तो ने घायल किया बंदर, पशु प्रेमी बंदर को लेकर भटकते रहे ,नगर पालिका कार्यालय में छोड़ा, नहीं हुई देखभाल तो होगा आंदोलन,

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। उपखंड में घायल बंदरों और घायल गोवंश एवं गौ माता को लेकर पशु प्रेमी परेशान है। कारण उनके उपचार के बाद आश्रय को लेकर कोई स्थान नहीं है। यहां तक की संबंधित अधिकारी भी कोई संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं दे रहे है। ताजा मामला शहर के धौलपुर रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास का है। जहां शनिवार की सुबह कुत्तों द्वारा एक बंदर को हमला कर घायल कर दिया गया। स्थानीय युवा रीतेश कुमार की सूचना पर पशु प्रेमी अंजनी पाराशर ने जब मौके पर जाकर देखा तो बंदर बहुत घायल अवस्था मे था इस पर उन्होंने पशुओं के लिये कार्य



करने वाले में सामाजिक संगठनों और स्वमसेवी संस्थाओं से मामले को सहयोग की मांग की तो किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया। इस पर वे खुद रीतेश कुमार और एक दो साथियों के साथ घायल बंदर का लेकर पशु चिकित्सालय पहुचे और बंदर का उपचार कराया। जहां उपचार के बाद रखने की कोई व्यवस्था नहीं होने पर उसे लेकर नगर पालिका कार्यालय आये और अधिकारियों से निवेदन किया लेकिन किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया।

हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अंजनी पाराशर का आरोप है की प्रशासन,पशुपालन विभाग,वन विभाग,नगर पालिका कोई भी घायल बंदर हो या गौ माता,उनके उपचार और रखने की कोई व्यवस्था नहीं कर रहे हैं। इसके चलते घायल जानवर सड़क पर ही पड़े रहते हैं और तिल तिल कर मरने पर मजबूर हैं। मामले को लेकर उन्होंने उपखंड अधिकारी,नगर पालिका,वन विभाग,पशु चिकित्सा विभाग, सभी के अधिकारियों से निवेदन किया है।

राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। सीएम भजनलाल और उनके मंत्रियों को इस पर ध्यान देना चाहिए। यदि घायल बंदर को लेकर नगर पालिका कोई ध्यान नहीं देती है तो जल्द ही इस समस्या को लेकर आंदोलन किया जाएगा।

## विधायक आक्या ने महामण्डलेश्वर चेतनदास जी महाराज को दी अश्रुपुरित श्रद्धांजली

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** चित्तौड़गढ़ विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या ने सांवलिया धाम मुंगाणा के महंत और मेवाड़ मीरा खालसा के महामंडलेश्वर चेतनदास महाराज के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए इसे अपुरणीय क्षती बताया है।विधायक आक्या ने शनिवार को सांवलिया धाम मुंगाणा में महंत महामंडलेश्वर चेतनदास महाराज के अंतिम दर्शन कर उन्हे अश्रुपुरित श्रद्धांजली अर्पित की। विधायक आक्या ने इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजली सभा में महंत महामंडलेश्वर चेतनदास महाराज को महान संत बताते हुए कहां की मेवाड़, मालवा ही नही समूचे भारत वर्ष में उनके लाखो अनुयायी है। उनसे मेवाड़ की पहचान है, उनका आर्शीवाद हमेशा भक्तो को प्राप्त होता रहेगा।



## ज्ञानदीप केयर होम चित्तौड़गढ़ का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्तौड़गढ़ महेन्द्र सिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुनील कुमार गोयल द्वारा आर.एस.ई.बी. कॉलोनी निम्बाहेड़ा रोड चित्तौड़गढ़ में संचालित नये ज्ञानदीप केयर होम भवन का निरीक्षण किया गया। सचिव गोयल द्वारा रसोई घर, स्नानागार, शयन कक्ष का निरीक्षण किया गया तथा बच्चों के लिए खाना, साफ-सफाई स्वच्छ पानी आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने बच्चों को दी जाने वाली दवाइयों की जांच की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अधीक्षक शंकर लाल रावल ने बताया कि केयर होम में कुल 20 बच्चे हैं जो की निरीक्षण के समय उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु मजिस्ट्रेट मनिका राजपुरोहित एवं प्रियंका बैरवा, विधि प्रशिक्षु प्रशस्ति व्यास, काउंसलर सायर सुवालका, परिवीक्षा अधिकारी धर्ममचन सुवालका, अधीक्षक शंकर लाल रावल आदि उपस्थित थे।




## न्यायिक मजिस्ट्रेट डूंगला ने मोबाइल वैन वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन/चित्तौड़गढ़ ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्तौड़गढ़ द्वारा उपलब्ध मोबाईल वैन को हेमलता भारती अध्यक्ष ताल्लुका विधिक सेवा समिति एवं वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डूंगला द्वारा मोबाइल वैन वाहन को हरी झंडीदिखाकर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों मे प्रचार-प्रसार हेतु रवाना किया गया। ताल्लुका विधिक सेवा समिति डूंगला सचिव किशनलाल कुम्हार ने बताया कि उक्त मोबाईल वैन वाहन के माध्यम से ताल्लुका क्षेत्र के डुंगला,देवली, शनिमहाराज, टीलाखेड़ा, पीराना,नंगाखेड़ा,पीलाखेड़ा, सेमलिय विभिन्न ग्रामों एवं विद्यालयों में नि:शुल्क विधिक सहायता,कानूनी अधिकारों,मध्यस्थता आदि सहित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी,बालविवाह जैसी कुरीतियों को रोकने हेतु जन जागरूकता,लोक अदालतों की जानकारी एवं समाधान का प्रचार,बच्चों की शिक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी,वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का प्रचार एवं नालसा के टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 इत्यादि का व्यापक प्रचार-प्रसार ताल्लुका सचिव किशनलाल एवं पीएलवी संजया रेगर,कृष्णा जोशी,प्रमिला सुथार, रेखा लौहार द्वारा किया गया।



## वर्षा काल में पौधारोपण कर पर्यावरण संवर्धन में सहभागी बने

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ढोसर, ( अमित शर्मा )** । वर्षा काल में पौधारोपण कर पर्यावरण संवर्धन में सहभागी बने। आज ढोसर में पर्यावरण प्रेमी विनोद बूलीवाल ने पौधारोपण कर बताया कि पर्यावरण संवर्धन के बिना हमारा जीवन आने वाले समय में संकटग्रस्त हो सकता है। कार्यक्रम में राउमावि ढोसर प्रधानाचार्य दिलीप सिंह चुंडावत,नरेन्द्र प्रसाद बंगाली,श्यामलाल पायक,हीरालाल शर्मा उपस्थित थे। वृक्षारोपण प्रभारी दिनेश कुमार सेन ने बताया कि आने वाले समय में हरियालो राजस्थान के तहत स्थानीय विद्यालय में 800 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है जो विद्यालय परिवार के सहयोग से शीघ्र पूरा किया जाएगा।

## सपनों को मिला कानूनी आधार - शांतिलाल को मिला आवासीय पट्टा

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )** । कहते हैं कि एक छोटे से कागज़ का टुकड़ा ज़िन्दगी बदल सकता है, ग्राम खैरमालिया के शांतिलाल पुत्र वर्दीचंद मेघवाल के लिए वह कागज़ था

आवासीय पट्टा, जिसका उन्होंने वर्षों तक इंतज़ार किया था। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत आयोजित शिविर ने उनके इस बहुप्रतीक्षित सपने को साकार कर दिया।

**समस्या – बिना पट्टे के जीवन**

शांतिलाल का परिवार वर्षों से खैरमालिया ग्राम में अपने पुश्तैनी मकान में निवास कर रहा था। लेकिन उनके पास उस मकान का कानूनी स्वामित्व प्रमाण आवासीय पट्टा नहीं था। इस कारण वे राज्य सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, सौभाग्य योजना, उज्ज्वला योजना आदि से वंचित थे। हर प्रयास, हर आवेदन कागज़ी अधूरेपन के कारण अधूरा ही रह जाता।

**समाधान – शिविर में सुनवाई, त्वरित कार्रवाई**

शुक्रवार को जब बड़ीसादड़ी उपखंड की खैरमालिया ग्राम पंचायत में अंत्योदय संबल पखवाड़ा का शिविर आयोजित हुआ, तो शांतिलाल ने अपनी व्यथा एक प्रार्थना पत्र के माध्यम से शिविर प्रभारी उपखंड अधिकारी के समक्ष रखी। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया और तत्काल ग्राम विकास अधिकारी एवं पटवारी को मौके पर जांच के आदेश दिए। जांच के बाद शांतिलाल का दावा सही पाया गया और शिविर के दौरान ही उन्हें कानूनी रूप से आवासीय पट्टा प्रदान कर दिया गया।

# मेवाड़ एवं श्री सांवलिया धाम मूंगाना के महंत चेतनदास महाराज को हजारों संतों एवं श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से ओत-प्रोत होकर नम आंखों से विदा किया

### .नगर कपासन में व्यापारियों ने स्वैच्छिक प्रतिष्ठान बंद रख श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** क्षैत्र में स्थित भक्तों एवं श्रद्धालुओं की आस्था केंद्र श्री सांवलिया धाम मूंगाना के महंत चेतनदास महाराज शनिवार को श्री सांवलिया धाम मूंगाना परिसर में पंच तत्व में विलीन हुवे। इस दौरान दूरदराज सहित समीपवर्ती प्रदेश क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आगंतुक साधु,संत,महंत,धर्म गुरु तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित विभिन्न राजनीतिक दलों व संस्थानों के पदाधिकारियों सहित हजारों श्रद्धालुओं द्वारा महंत चेतनदास महाराज की अंतिम यात्रा में भाग लेकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।यहां मूंगाना ग्राम के प्रमुख मार्गो से धार्मिक भजन-कीर्तन के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गयी।जो पुन: आश्रम पहुंचकर संपन्न हुई।इसके बाद विधिवत महंत चेतनदास महाराज हजारों संतों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पंच तत्व में विलीन हुवे।श्रद्धालुओं द्वारा भक्तिभाव से ओत-प्रोत होकर नम आंखों से महंत चेतनदास महाराज को अंतिम विदाई दी गयी।





इधर मेवाड़ एवं श्री सांवलिया धाम मूंगाना के महंत चेतनदास महाराज के देवलोक गमन से कपासन नगर क्षैत्र में शोक व्याप्त रहा।जिसके तहत व्यापार मण्डल कपासन एवं नगरवासीयो ने शनिवार दोपहर 12 बजे तक अपने प्रतिष्ठान बंद रखे तथा सुबह 9 बजे नगर के बस स्टैंड स्थित रामद्वारा परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर महंत चेतनदास महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित किये गये।

इस श्रद्धांजलि सभा में रामसनेही संप्रदाय के संत निर्मलराम,कीमत रामजी,रामविश्वास,व्यापार मंडल कपासन अध्यक्ष कोमल बारेगामा,रामद्वारा ट्रस्ट अध्यक्ष दामोदरलाल सोमानी,मुकेश काबरा, रामप्रकाश सोमानी,अंकित सोमानी,मनोज समदानी, भारत विकास परिषद के बादशाह सिंह,अनिल सोमानी,कमलेश डाड,ओमप्रकाश न्याती,राकेश सोमानी,राकेश नामधर,हेमंत सिरोया,अशोक सोमानी, घनश्याम,जगदीश बारेगामा,गोविंद लड्ढा,मिश्रीलाल मारू,विश्व हिंदू परिषद के गोपालकृष्ण काबरा,सुनील सोमानी आदि नगर क्षैत्र के गणमान्यजन उपस्थित रहे।इसके उपरांत व्यापार मंडल कपासन के सदस्यों सहित नगरवासियों द्वारा ग्राम मूंगाना के लिए प्रस्थान कर मेवाड़ एवं श्री सांवलिया धाम मूंगाना के महंत चेतनदास महाराज की अंतिम यात्रा में उपस्थित होकर भक्तिभाव के साथ श्रद्धांजलि देकर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये।

## कार की ठेले से टक्कर के बाद भीड़ ने युवक की पीट-पीटकर की हत्या, जहाजपुर में तनाव, जिलेभर में प्रदर्शन की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/जहाजपुर, ( अमित शर्मा )।** जहाजपुर कस्बे में शुक्रवार रात एक मामूली सड़क हादसा जानलेवा बन गया। कार की ठेले से हल्की टक्कर के बाद गुस्साई भीड़ ने कार सवार युवक सीताराम कीर की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक टोंक जिले के छावनी कस्बे का निवासी था। घटना के बाद कस्बे में तनाव व्याप्त हो गया, बाजार स्वत: बंद हो गए और लोगों ने थाने के बाहर देर रात तक धरना दिया।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए क्षेत्र में दस थानों की पुलिस तैनात की गई है। वहीं, कीर समाज के लोग मृतक के परिजनों को एक करोड़ रुपए मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग को लेकर चिकित्सा परिसर में धरना दे रहे हैं। पोस्टमार्टम अभी नहीं हो सका है। घटना भंवरकला गेट स्कूल और तकिया मस्जिद क्षेत्र के बीच की है, जहां प्याज के ठेले से टक्कर के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना फैलते ही अस्पताल परिसर में भारी भीड़ जुट गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया।



एडिशनल एसपी राजेश आर्य, डीएसपी नरेंद्र कुमार पारीक और थानाधिकारी राजकुमार नायक सहित भारी पुलिस बल मौके पर तैनात है। मृतक का शव मोर्चरी में रखा गया है, पोस्टमार्टम के बाद ही वास्तविक कारणों की पुष्टि होगी। क्षेत्रीय विधायक गोपीचंद मीणा भी अस्पताल पहुंचे।

इधर, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने इस घटना के विरोध में भीलवाड़ा में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। संगठनों का आरोप है कि प्रशासन की निष्क्रियता और तुष्टिकरण नीति के चलते मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा सुनियोजित ढंग से सीताराम कीर की हत्या की गई।

विहिप व बजरंग दल ने चेतावनी दी है कि अगर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो जिलेभर में मोहर्रम के ताज़िए नहीं निकलने दिए जाएंगे। इस मुद्दे पर हिंदू समाज से अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शन में शामिल होकर एकता का परिचय देने की अपील की गई है।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और कस्बे में शांति बनाए रखने के प्रयास जारी हैं।

## पंचवटी विकास समिति ने शुरू किया अनूठा पर्यावरणीय अभियान – स्मृति में हरियाली



बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा(अमित शर्मा)। पंचवटी विकास समिति अब केवल भौतिक विकास तक सीमित नहीं रही, बल्कि अब उसने सामाजिक सरोकार और पर्यावरणीय दायित्व की दिशा में भी ठोस कदम बढ़ा दिए हैं। इसी क्रम में समिति ने शनिवार सुबह 7.30 बजे से स्मृति में हरियाली नामक एक विशेष पौधारोपण अभियान की शुरुआत की। इस अभियान की विशेषता यह रही कि इसमें कॉलोनीवासियों ने भावनात्मक रूप से सहभागिता निभाई। कई सम्माननीय निवासियों ने अपने स्वर्गीय माता-पिता, परिजनों एवं पूर्वजों की पुण्य स्मृति में पौधे गोद लिए और उनका विधिवत रोपण किया।

**स्मृति में लगाया गया पौधा — पीढ़ियों तक देगा जीवन संदेश**

यह महज एक पौधारोपण कार्यक्रम नहीं था, बल्कि श्रद्धा, स्मृति और संस्कारों का सजीव प्रतीक था। यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए यह संदेश छोड़ जाएगी कि पूर्वजों के प्रति सम्मान और प्रकृति के प्रति कर्तव्य दोनों एक साथ निभाए जा सकते हैं। हर एक पौधा न केवल एक श्रद्धांजलि है, बल्कि पर्यावरणीय जागरूकता और सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों की मिसाल भी है। जैसे-जैसे ये पौधे बढ़ेंगे, वैसे-वैसे इनमें निहित भावनाएं भी और अधिक गहराती जाएंगी ।समिति अध्यक्ष विक्रम झा ने बताया इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को अपने पूर्वजों से भावनात्मक रूप से जोड़ना है।5 नई पीढ़ी को यह सीख देना ज़रूरी है कि प्रकृति और पूर्वज — दोनों के प्रति हमारी ज़िम्मेदारी है। उन्होंने यह भी बताया कि लगाए गए सभी पौधे 13 से 15 फीट ऊंचे छायादार वृक्ष हैं, जो न केवल हरियाली और छाया प्रदान करेंगे, बल्कि आने वाले वर्षों में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होंगे। वहीँ समिति सचिव अभिषेक चंडालिया ने सभी कॉलोनीवासियों से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़ें और अपने पूर्वजों की स्मृति को एक जीवंत रूप दें। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर अपनी कॉलोनी को हरित, स्वच्छ और सुंदर बना सकते हैं। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी एवं कई गणमान्य नागरिक — अशोक जिनगर, राहुल जैन, मुकेश लौट, सुनील नामदेव, अंकित सोनी, गोपाल शर्मा, अभिषेक जैन और मिथिलेश शर्मा सहित अनेक निवासी उपस्थित रहे और पर्यावरण संरक्षण के इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभाई।

## एसडीएमसी व एसएमसी की बैठक संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( अमित शर्मा )।** शहर विधायक अशोक कोठारी की अध्यक्षता में एसडीएमसी व एसएमसी सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक विधायक कार्यालय नवकार कॉम्प्लेक्स पर संपन्न हुई। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि सर्वप्रथम भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया गया, तत्पश्चात सभी सदस्यों का परिचय के साथ ही नन्ने-मुन्ने, छात्र-छात्राएं विकसित भारत की बूनियाद है। विधायक कोठारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी को सरकार के साथ सामंजस्य बिठाकर शिक्षा में नवाचार करते हुए राष्ट्र को आगे बढ़ाना है, हमको देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सबका साथ-सबका विकास- सबका विश्वाश-सबका प्रयास

के साथ राष्ट्र को प्रथम प्राथमिकता देनी है तथा भीलवाड़ा को स्वच्छ, सूंदर, ग्रीन इको सिटी बनाने में अपना महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन करना है। हम सभी को विद्यालय के विकास हेतु प्रेरक बनते हुए भामाशाहों को प्रेरित कर विकास कार्य करवाने है, विद्यालय परिसरो को सूंदर व आकर्षक स्वरुप देते हुए विद्यार्थियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रयास करना है। मानव जीवन में शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण विषय है, शिक्षा से ही संस्कार व नई पीढ़ी का भविष्य संवरता है। जिसमें शिक्षक व गुरु की अहम भूमिका होती है, गुरु ईश्वर के समान है। हम सभी को गुरु के प्रति समर्पण भाव रखना चाहिए, गुरु का आशीर्वाद ही जीवन का असली उपहार है। बैठक को विवेक निमावत, संजय राठी, एडवोकेट अर्पित कोठारी ने भी उद्बोधित किया, संचालन बाबूलाल टाक ने किया।



# ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित हो रही सखी उत्पादन समिति

### हिन्दुस्तान जिंक के सीएसआर के तहत् स्थापित लघु उद्योग से महिलाएं बनी उद्यमी

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( संजय खाबिया )।** हिन्दुस्तान जिंक के सीएसआर के तहत् विभिन्न परियोजनाएं चलायी जा रही है जिनमें लघु उद्योगों को बढ़ावा देना प्रमुखता से है। विगत 5 वर्षो में दो महिला उद्योग स्थापित किये गये जिसमें महिलाएं उद्यमी बनकर उभरी है। अगस्त 2021 में स्थापित महिला-स्वामित्व और महिला-नेतृत्व वाला सामाजिक उद्यम, सखी उत्पादन समिति ग्रामीण राजस्थान की महिलाओं के जीवन में एक बड़ा बदलाव ला रहा है। हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड के प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम, सखी पहल से शुरू की गयी यह समिति, 30 हजार से अधिक महिलाओं को 2 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों में संगठित कर सशक्त बना रही है। इन समूहों ने सामूहिक रूप से 18.8 करोड़ की बचत की है और 100.6 करोड़ रूपयें से अधिक के ऋण प्राप्त किए हैं, जिससे हजारों ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता मिली है।




चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर के निकटवर्ती गांव की मोना साल्वी टेक्सटाइल यूनिट, चंदेरिया में कार्यरत है। वह कहती है कि मैं पहले दूसरों से बात करने में भी हिचकिचाती थी। अब मैं समूह में आत्मविश्वास से बोल सकती हूँ। मेरे लिए, यही सबसे बड़ा बदलाव है। एक दिन, मैं अपना कुछ शुरू करना चाहूँगी। कुछ साल पहले, यह जीवन कल्पना से परे था अब, मैं चुपचाप घर बैठने की कल्पना भी नहीं कर सकती। मैंने इतना कुछ हासिल किया है, मैं चाहती हूँ कि अन्य महिलाओं को भी इसका अनुभव करने का अवसर मिले।

### सखी द्वारा निर्मित उत्पाद और परिधान बने आमजन की पसंद

जिंक ने सखी समूहों की आय सृजन को प्राथमिकता समझते हुए सखी के उत्पादों को बेचने के लिए स्थानिय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बिक्री और बाजार से जोडा है ताकि सखी महिलाओं के बने उत्पाद सीधे बाजार में पहुंचे। सखी उत्पादन समिति के तहत दो मुख्य ब्रांड हैं। दायची यह ब्रांड पारंपरिक तरीकों और प्राकृतिक सामग्री का उपयोग कर तैयार किए गए शुद्ध और केमिकल-मुक्त खाद्य उत्पाद जैसे घी, अचार, कोल्ड-प्रेस्ड तेल, मसाले और नमकीन प्रदान करता है, जो सीधे किसानों से प्राप्त होते हैं। दूसरा ब्रांड उपाया जिसमें पारंपरिक राजस्थानी हैंड-ब्लॉक प्रिंट और प्राकृतिक रंगों को समकालीन डिजाइनों के साथ मिलाकर आरामदायक, कार्यात्मक और किफायती परिधान बनाए जाते हैं। डिजायनर कपड़े, बेग, होम डेकोर को आमजन द्वारा पंसद किया जा रहा है।

### सखी उत्पादन समिति की यूनिट

सखी उत्पादन समिति चित्तौड़गढ़ के मूंगा खेड़ा गांव में आयल प्रेसिंग यूनिट संचालित है जो कि अचार और नमकीन के निर्माण में रॉ मटेरियल पर नियंत्रण सुनिश्चित करने, उत्पादन लागत को कम करने तथा बाजार की मांग को पूरा करने की दिशा में अगला कदम है।

बाजार से आने वाली बड़ी मांग को पूरा करने के लिए गुणवत्ता वाला शहद उपलब्ध कराने के लिए उत्तराखंड रुद्रपुर में शहद प्रसंस्करण इकाई स्थापित की गई। रूद्रपुर में ही महिलाओं को क्रोशिया प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

रेलमगरा, दरीबा में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया गया, जिसमें 30 से अधिक महिलाओं को परिधानों की सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाता है।

"दिन-रात अपने दिमाग को, उच्चकोटि के विचारों से भरो। जो फल प्राप्त होगा वह निश्चित ही अद्भुत होगा।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# ईसाई मिशनरीज को सिख-हिंदू संतों के जरिए कंट्रोल करेगा आरएसएस

## दिल्ली मीटिंग के 2 मुद्दे- अगला भाजपा अध्यक्ष कौन, पंजाब में मिशनरीज को कैसे रोका जाए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भाजपा का अगला अध्यक्ष कौन हो, देशभर में चल रहे ईसाई धर्मांतरण के खिलाफ क्या रणनीति हो, खासकर पंजाब में मिशनरीज के फैलाव को कैसे रोका जाए, इन मुद्दों पर बात करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, यानी आरएसएस के बड़े पदाधिकारी दिल्ली में जुटे हैं।हर साल होने वाली प्रांत प्रचारक बैठक 4 जुलाई, शुक्रवार से दिल्ली में शुरू हो गई है। दिल्ली प्रांत के कार्यालय 'केशवकुंज' में हो रही ये बैठक तीन दिन, यानी 6 जुलाई तक चलेगी। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत तीनों दिन मौजूद रहेंगे। बैठक में प्रांत प्रचारक, सह प्रांत प्रचारक और संगठन के सभी 6 सह सरकार्यवाह भी पहुंचे हैं।

आरएसएस की वेबसाइट पर बताया गया है कि इस बैठक में सिर्फ रणनीति तय होगी। कोई फैसला नहीं होगा। दैनिक भास्कर ने बैठक में मौजूद दिल्ली, पंजाब और हरियाणा के सोर्स से बात की। उन्होंने बताया कि बातचीत के लिए 4 अहम मुद्दे हैं।




1. 75 साल का नियम आगे लागू होगा या नहीं, स्टैंड क्लियर करेगा आरएसएस

भाजपा ने 75 साल की उम्र को एक्टिव पॉलिटिक्स से विदाई का मानक बनाया था। इसी मानक के तहत लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, यशवंत सिन्हा जैसे बड़े नेता एक्टिव पॉलिटिक्स से बाहर हो गए थे। हालांकि, कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के वक्त राज्य में 80 साल के बीएस येदियुरप्पा को चुनाव की कमान दी गई थी।

मोदी समेत अन्य नेताओं पर यह नियम लागू होगा या नहीं, इस पर भी चर्चा होगी। पीएम 17 सितंबर को 75 साल के हो जाएंगे। अगर ये नियम लागू नहीं होगा, तो इसका जवाब आरएसएस को भी तैयार रखना होगा। हालांकि, महाराष्ट्र भाजपा के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले कह चुके हैं कि पार्टी में 75 साल की उम्र में रिटायरमेंट का कोई नियम नहीं है।

2024 में लोकसभा चुनाव के दौरान भी मोदी के रिटायरमेंट पर विपक्ष की तरफ से बयान दिए गए थे। मई, 2024 में आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने कहा था, 'अगर भाजपा चुनाव जीत गई तो मोदी अगले साल तक ही प्रधानमंत्री रहेंगे। उन्होंने खुद 75 साल की उम्र में रिटायरमेंट का नियम बनाया है।'

इसके जवाब में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था, मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि भाजपा के संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। मोदी जी 2029 तक देश का नेतृत्व करेंगे। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी कहा था कि भाजपा के संविधान में कहीं भी उम्र को लेकर प्रावधान नहीं है।

सूत्र बताते हैं, फिलहाल मोदी के कार्यकाल को बीच में खत्म करने की कोई योजना नहीं है। लिहाजा आरएसएस पहले से जवाब तैयार रखेगा। 75 साल में रिटायरमेंट वाली पॉलिसी क्ख्क्क की है। इसलिए जवाबदेही भी उनकी होगी। फिर भी भाजपा से जुड़े हर मुद्दे पर आरएसएस से सवाल तो होते ही हैं।'

क्या इस पर अब तक बात नहीं हुई? सोर्स जवाब देते हैं, 'आरएसएस के अपने मुद्दे हैं। हम उन पर बात करते हैं। उम्र क्र्स्र के लिए कभी बाधा नहीं रही। ये पार्टी की पॉलिसी है, वही तय करे।'

इस महीने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का ऐलान हो सकता है। पार्टी ने 22 राज्यों में संगठन के चुनाव करा लिए हैं। इसके बाद जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने के लिए 19 राज्यों में चुनाव होना जरूरी हैं।

जून 2019 से जेपी नड्डा पार्टी के अध्यक्ष हैं। पार्टी के संविधान के मुताबिक, एक व्यक्ति 3-3 साल के दो कार्यकाल यानी 6 साल ही अध्यक्ष रह सकता है। नड्डा को जनवरी 2023 से लगातार एक्सटेंशन मिल रहा है। क्या भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के ऐलान की घड़ी आ गई है? सोर्स ने इस सवाल पर मुस्कुराते हुए जवाब दिया, 'घड़ी तो कई बार आई, पर घोषणा नहीं हुई। अब लगता है घोषणा और घड़ी दोनों का मिलन हो ही जाएगा।'

नाम तो तय हो गया है न? जवाब देने से पहले सोर्स फिर मुस्कुराए और कहा, नाम तो कई बार तय हो गया, बस बात नहीं बन पाई। हालांकि, अब भी दो नाम हैं। ये तो घोषणा के वक्त ही पता चलेगा, किस नाम पर मुहर लगी।

# भाजपा को मिल सकती है पहली महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष

## रेस में हैं ये 3 नाम

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर/ नई दिल्ली!** यूं तो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल जनवरी 2023 में समाप्त हो चुका था, लेकिन पार्टी ने उन्हें जून 2024 तक का विस्तार दिया था। अब नए अध्यक्ष की घोषणा अगले कुछ दिनों में हो सकती है। तीन प्रमुख महिला नेताओं के नाम चर्चा में हैं।लोकसभा चुनाव 2024 के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में संगठनात्मक बदलाव की प्रक्रिया तेज हो गई है। पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन को लेकर चल रही खींचतान के बीच सूत्रों के हवाले से खबर है कि भाजपा पहली बार किसी महिला को राष्ट्रीय अध्यक्ष बना सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि भाजपा ने हाल के वर्षों में महिला मतदाताओं को लुभाने में सफलता पाई है। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली जैसे राज्यों में यह सफलता मिली है।आपको बता दें कि जेपी नड्डा का कार्यकाल जनवरी 2023 में समाप्त हो चुका था, लेकिन पार्टी ने उन्हें जून 2024 तक का विस्तार दिया था। अब नए अध्यक्ष की



घोषणा अगले कुछ दिनों में हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक तीन प्रमुख महिला नेताओं के नाम चर्चा में हैं।

### निर्मला सीतारमण

वर्तमान वित्त मंत्री और पूर्व रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण पार्टी संगठन में गहरी पैठ और केंद्र सरकार में लंबे अनुभव के चलते सबसे मजबूत दावेदार मानी जा रही हैं। हाल ही में उन्होंने भाजपा मुख्यालय में जेपी नड्डा और महासचिव बीएल संतोष के साथ बैठक की थी। उनका दक्षिण भारत से आना भाजपा के दक्षिण विस्तार रणनीति के लिए भी फायदेमंद माना जा रहा है!

### डी. पुरंदेश्वरी

आंध्र प्रदेश भाजपा की पूर्व अध्यक्ष डी पुरंदेश्वरी काफी अनुभवी और बहुभाषी नेता हैं। कई राजनीतिक दलों के साथ काम करने का अनुभव और पार्टी में व्यापक स्वीकार्यता है। उन्हें ऑपरेशन सिंदूर जैसे अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक अभियान का हिस्सा भी बनाया गया था।

### वनाथी श्रीनिवासन

तमिलनाडु की कोयंबटूर दक्षिण सीट से विधायक और भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुकी वनाथी श्रीनिवासन 1993 से भाजपा से जुड़ीं और संगठन में कई पदों पर रही हैं। 2022 में केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य बनीं और ऐसा करने वाली पहली तमिल महिला नेता।

### संघ का समर्थन

सूत्र बताते हैं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने भी इस विचार को समर्थन दिया है कि भाजपा को अब एक महिला को शीर्ष नेतृत्व में लाना चाहिए। यह कदम 33प्रतिशत महिला आरक्षण विधेयक की भावना के अनुरूप भी होगा, जिसका प्रभाव अगले परिसीमन के बाद लोकसभा में दिखेगा।

# मुस्लिम देश में जाकर शहबाज शरीफ ने भारत पर लगाया बेबुनियाद आरोप



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शहबाद शरीफ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद पाकिस्तान के प्रति भारत की अकारण और लापरवाह शत्रुता क्षेत्रीय शांति को अस्थिर करने का एक और प्रयास था।22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन घाटी में 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति मारे गए थे - यह हाल के वर्षों में कश्मीर में हुए सबसे घातक आतंकवादी हमलों में से एक था।पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत पर पहलगाम में हुए दुर्भाग्यपूर्ण आतंकी हमले का इस्तेमाल देश के प्रति बिना उकसावे और लापरवाह शत्रुता के माध्यम से क्षेत्रीय शांति को अस्थिर करने के लिए करने का आरोप लगाया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान का समर्थन करने वाले देशों में से एक, अजरबैजान में आर्थिक सहयोग संगठन (ईसीओ) शिखर सम्मेलन में बोलते हुए शरीफ ने फिर से कश्मीर मुद्दा उठाया और केंद्र शासित प्रदेश में निर्दोष लोगों के खिलाफ बर्बर कृत्यों की निंदा की। उन्होंने इजरायल पर परोक्ष प्रहार करते हुए गाजा और ईरान में निर्दोष लोगों को निशाना बनाए जाने की भी निंदा की। शरीफ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद पाकिस्तान के प्रति भारत की अकारण और लापरवाह शत्रुता क्षेत्रीय शांति को अस्थिर करने का एक और प्रयास था।

# फर्स्ट लेडी मेलानिया को अमेरिका से डिपोर्ट किया जाएगा, ट्रंप की नई नागरिकता स्कीम ने फंसाया

बढ़ता राजस्थान

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** मेलेनिया ट्रंप को देश से बाहर भेजने की मांग के पीछे वजह है अमेरिका के नैचरुलाइज नागरिकों के लिए डॉनल्ड ट्रंप की एक स्कीम इस स्कीम के फेरे में मेलानिया ट्रंप कैसे फंस गईं। आलोचक कह रहे हैं कि अगर ट्रम्प आव्रजन नियमों का लाभ उठाने के लिए प्राकृतिक नागरिकों की जांच करना और उन्हें निर्वासित करना चाहते हैं, तो उन्हें अपनी पत्नी के मामले



को अनदेखा नहीं करना चाहिए।अमेरिका में इन दिनों मेलेनिया ट्रंप को देश निकाला देने की मांग उठ रही है। आखिर अमेरिकी नागरिक अपनी ही फर्स्ट लेडी के लिए देश निकाला क्यों मांग रहे हैं, ये समझने के लिए आपको इसका थोड़ा सा बैकग्राउंड जानना होगा। सबसे पहले आपको बताते हैं कि अमेरिका के एक सामाजिक अधिकार संगठन मूव ऑन ने मेलेनिया ट्रंप को लेकर एक सिग्नेचर कैंपेन शुरू किया। इस अभियान के जरिए मांग उठाई जा रही है कि डोनाल्ड ट्रंप के विदेश मूल के लोगों की नागरिकता खत्म करने की योजना में सबसे पहले मेलेनिया ट्रंप की नागरिकता खत्म होनी चाहिए। इस कैंपेन पर अब तक हजारों साइन हो चुके हैं और ट्रंप विरोधी डेमोक्रेटिक पार्टी के कुछ नेता भी मेलेनिया को देश निकाला देने की मांग कर रहे हैं।

# उत्तर प्रदेश- तेज रफ्तार एसयूवी: कार कॉलेज की दीवार से टकराई, दूल्हे समेत आठ लोगों की मौत

बढ़ता राजस्थान

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में शुक्रवार को बारातियों को ले जा रही बोलेरो एसयूवी के एक कॉलेज की दीवार से टकराने से 24 वर्षीय दूल्हे समेत एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।उत्तर प्रदेश के संभल जिले में शुक्रवार को बारातियों को ले जा रही बोलेरो एसयूवी के एक कॉलेज की दीवार से टकराने से 24 वर्षीय दूल्हे समेत एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो



गए। यह घटना सुबह करीब 6ः30 बजे जेवनई गांव में हुई। बताया जा रहा है कि बोलेरो तेज गति से जा रही थी, तभी जनता इंटर कॉलेज के पास चालक ने नियंत्रण खो दिया। वाहन बाउंड्री वॉल से टकराया और फिर पलट गया।पुलिस ने बताया कि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये और उनका उपचार अलीगढ़ के एक अस्पताल में जारी है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि मृतकों की पहचान दूल्हे सूरज (24), उसकी भाभी आशा (26), आशा की बेटी ऐश्वर्या (तीन), सचिन (22), गणेश (एक), कोमल (18), मधु (20) और कार चालक रवि (28) के रूप में हुई है।

# उन्हें अब कोई गंभीरता से नहीं लेता...राहुल गांधी पर पीयूष गोयल का पलटवार

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राहुल गांधी पर तंज सकते हुए गोयल ने कहा कि यह यूपीए शासन वाला भारत नहीं है, जो राष्ट्रीय हित के बिना बातचीत के लिए भीख मांगता था। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अब कोई गंभीरता से नहीं लेता, क्योंकि वे, उनके साथी और उनकी पार्टी लगातार नकारात्मकता फैलाते रहते हैं। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा अमेरिका के साथ भारत की व्यापार वार्ता पर दिए गए बयान पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भारत समय-सीमा के तहत बातचीत नहीं करता, हम राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए



बातचीत करते हैं। दुनिया भर में हमारे सभी कार्यों में राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है। उन्होंने आगे कहा कि आज भारत मजबूती के साथ बातचीत करता है, हम आत्मविश्वास से भरे हैं और दुनिया में किसी से भी मुकाबला कर सकते हैं। राहुल गांधी पर तंज सकते हुए गोयल ने कहा कि यह यूपीए शासन वाला भारत नहीं है, जो राष्ट्रीय हित के बिना बातचीत के लिए भीख मांगता था। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अब कोई गंभीरता से नहीं लेता, क्योंकि वे, उनके साथी और उनकी पार्टी लगातार नकारात्मकता फैलाते रहते हैं। उन्होंने भारत के लोगों का विश्वास खो दिया है, जिन्होंने बार-बार कांग्रेस को नकार दिया है। आज तक वे देश के विकास के लिए कोई सकारात्मक एजेंडा नहीं बना पाए हैं। इससे पहले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उनके इस बयान को लेकर 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''पीयूष गोयल जितना चाहें अपनी छाती पीट सकते हैं, मेरे शब्दों पर गौर करें, ट्रंप की शुल्क संबंधी समयसीमा के सामने मोदी आसानी से झुक जाएंगे।'' अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत से आयात होने वाले उत्पादों पर दो अप्रैल को 26 प्रतिशत का अतिरिक्त जवाबी शुल्क लगा दिया था।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# गोपाल खेमका हत्याकांड पर बोले प्रशांत किशोर, लालू के जंगल राज और नीतीश के राज में कोई अंतर नहीं

बढ़ता राजस्थान

**पटना (एजेंसी।** प्रशांत किशोर ने आरोप लगाया कि पहले जिस तरह का भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था की स्थिति थी, वह आज भी वैसी ही है। पटना में इतने बड़े व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी जाती है और कोई कार्रवाई नहीं होती। व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या मामले पर जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा कि लालू यादव के जंगल राज और नीतीश कुमार के राज में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने कहा कि लालू यादव के राज में अपराधियों का तांडव था और नीतीश कुमार के राज में अधिकारियों का तांडव है। प्रशांत किशोर ने आरोप लगाया कि पहले जिस तरह का भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था की स्थिति थी, वह आज भी वैसी ही है। पटना में इतने बड़े व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी जाती है और कोई कार्रवाई नहीं होती।

प्रशांत किशोर ने कहा कि कल ही सीवान में तीन लोगों को गोली मार दी गई। यह तो रोज की बात है। यह अधिकारियों का राज है, जो अपनी मर्जी से काम चला रहे हैं। दूसरी ओर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिहार सरकार ने एसआईटी का गठन किया है। जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी और सरकार हर पहलू की जांच कर रही है। किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि यह दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। जो लोग इसे महा जंगल राज कह रहे हैं, वे यहां गुंडा राज लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी नज़र उन अधिकारियों पर है जो उस जंगल राज के दौरान पले-बढ़े थे... जिन गैर-जिम्मेदार अधिकारियों ने



सख्त और त्वरित कार्रवाई नहीं की है, उन्हें जवाबदेह ठहराया जाएगा। बुलडोजर की कार्रवाई होगी, एनकाउंटर होगा, संपत्ति जब्त होगी और पीड़ित परिवार को दिए जाने वाले मुआवजे के बारे में हम सीएम से चर्चा करेंगे।

बिहार के जाने-माने व्यवसायी गोपाल खेमका की पटना में उनके आवास के निकट मोटरसाइकिल सवार हमलावर ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार रात करीब 11 बजकर 40 मिनट पर गांधी मैदान इलाके में हुई। पुलिस अधीक्षक (पटना सेंट्रल) दीक्षा ने संवाददाताओं को बताया, ''स्थानीय थाने के अधिकारी व गश्ती वाहनों में सवार पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक विशेषज्ञ साक्ष्य एकत्र कर रहे हैं। जांच जारी है।''

उन्होंने बताया, ''सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि खेमका को मोटरसाइकिल सवार एक अज्ञात हमलावर ने गोली मारी'' खेमका के परिवार के सदस्यों के अनुसार, उनके बेटे की भी छह वर्ष पहले हाजीपुर में अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि बैठक में खेमका की हत्या मामले पर भी चर्चा की गई।


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार